


राष्ट्रीय दैनिक

# प्रात:किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran



11 केंद्र और राज्य टीम इंडिया की...

देश में कोरोना संक्रमण के 17336... 12

वर्ष : 13 | अंक : 39 | नई दिल्ली, शनिवार, 25 जून 2022 | ज्येष्ठ, द्वादशी , विक्रम संवत 2079 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

**मौसम**

अधिकतम तापमान 41.0°C

न्यूनतम तापमान 30.0°C

मौसम विभाग के अनुसार आज भी गर्मी अपना पूरा असर दिखाएगी, साथ ही लू भी चल सकती हैं।

**पोल**

परमेश्वरन अय्यर का नीति आयोग का नया सीईओ बनाना क्या सही हैं ?

| | |
|---|---|
| हां | 80% |
| नहीं | 10% |
| कह नहीं सकते | 10% |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 52,415 |
| चांदी | 60,000 |
| सेंसेक्स | 52,727 |
| निफ्टी | 15,699 |

# राष्ट्रपति चुनाव के लिए द्रौपदी मुर्मू ने किया नामांकन, पीएम मोदी बने प्रस्तावक

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की राष्ट्रपति चुनाव में उम्मीदवार श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा अनेक वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में संसद भवन जाकर नामांकन पत्र दायर किया। श्रीमती मुर्मू ठीक साढे बारह बजे संसद भवन में राज्यसभा महासचिव के कार्यालय पहुंची और चार सेट में राष्ट्रपति चुनाव के लिए अपना नामांकन पत्र दायर किया। इस मौके पर उनके साथ श्री मोदी के अलावा रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, संसदीय कार्य मंत्री और अनेक केंद्रीय मंत्री तथा राजग के घटक दलों के नेता भी मौजूद थे। बीजू जनता दल और वाईएसआर कांग्रेस तथा कई अन्य दलों के नेता भी श्रीमती मुर्मू के नामांकन के समय उपस्थित थे। प्रधानमंत्री मोदी, रक्षा मंत्री सिंह और भाजपा संसदीय बोर्ड के सदस्यों के नाम पहले सेट में प्रस्तावक के तौर पर दर्ज हैं। नामांकन पत्र दायर करने से पहले संसद भवन स्थित पुस्तकालय भवन में पहुंची श्रीमती मुर्मू के साथ अन्य नेताओं ने नामांकन पत्र से संबंधित दस्तावेजी औपचारिकताओं को पूरा किया। यहां से सभी प्रस्तावक श्री मोदी के नेतृत्व में श्रीमती मुर्मू के साथ राज्यसभा महासचिव के कार्यालय के लिए रवाना हुए। संसद भवन परिसर पहुंचते ही श्रीमती मुर्मू ने वहां राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। चुनाव जीतने पर मुर्मू देश की पहली आदिवासी और दूसरी महिला राष्ट्रपति होंगी। राष्ट्रपति पद के लिए मतदान 18 जुलाई को होगा। वर्तमान राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद का कार्यकाल 24 जुलाई को समाप्त हो रहा है।



**सोनिया, ममता व पवार से मांगा समर्थन**

- भाजपा नीति राजग की राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार द्रौपदी मुर्मू ने कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी, पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी और एनसीपी प्रमुख शरद पवार से बात की है। बताया जा रहा है कि इस दौरान उन्होंने राष्ट्रपति चुनाव में उनकी उम्मीदवारी के लिए विपक्षी नेताओं से समर्थन मांगा। हालांकि, इस बीच यह चर्चा हो शुरू हो गई है कि क्या द्रौपदी मुर्मू राष्ट्रपति पद के लिए निर्विरोध ही चुन ली जाएंगी।

# महाराष्ट्र में सत्ता का संग्राम

## मैंने सीएम हाउस छोड़ा है, मुख्यमंत्री का पद नहीं : उद्धव ठाकरे

**सियासी घमासान**

- कुर्ला विधायक के ऑफिस में तोड़फोड़, शिंदे की तस्वीर पर कालिख पोती
- उद्धव समर्थकों ने शिंदे के खिलाफ जमकर नारेबाजी की साथ ही उन्हें गद्दार बताया
- सियासी संग्राम के बीच शिवसेना के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में सड़कों पर उतरने को तैयार

मुंबई, एजेंसी

महाराष्ट्र की सियासी लड़ाई आर-पार के मूड में आ गई है। मातोश्री में एक मीटिंग के दौरान शिवसेना प्रमुख उद्धव ने कहा कि ठाकरे का नाम लिए बिना ये लोग नहीं रह सकते हैं। कभी शिवसेना के लिए मरने की बात कहते थे, अब पार्टी तोड़ना चाहते हैं। मैंने सीएम हाउस छोड़ा है, मुख्यमंत्री का पद नहीं। वहीं गुवाहाटी से मुंबई के लिए निकले बागी नेता एकनाथ शिंदे शहर में 3 घंटे घूमने के बाद वापस होटल लौट आए हैं। महाराष्ट्र में सत्ता का संग्राम अब हिंसक रूप लेने लगा है। शुक्रवार को कुर्ला में शिवसेना के बागी विधायक मंगेश कुंडालकर के दफ्तर पर कुछ लोगों ने हमला किया है। उन्होंने मेन गेट पर तोड़फोड़ की है। उनके पोस्टर और नेम प्लेट तोड़े गए हैं। अहमदनगर में भी बागी विधायकों के नेता एकनाथ शिंदे की तस्वीर पर कालिख पोती गई है। यहां उद्धव समर्थकों ने शिंदे के खिलाफ जमकर नारेबाजी की साथ ही उन्हें गद्दार बताया। साकीनाका इलाके में भी बागी विधायक दिलीप लांडे के पोस्टर फाड़े गए हैं। लांडे गुरुवार को ही गुवाहाटी पहुंचे थे और शिंदे को अपना समर्थन दिया था। बागी विधायकों के समर्थकों का आरोप है कि तोड़फोड़ करने वाले ये लोग उद्धव ठाकरे के लोग हैं। तोड़फोड़ की घटना के बाद महाराष्ट्र पुलिस ने पूरे राज्य में हाई अलर्ट जारी किया है।



उद्धव सरकार अल्पमत में है। हमारे विधायकों को डराने की कोशिश की जा रही है। हमें कोई डरा नहीं सकता है। हमारे पास शिवसेना के 39 और निर्दलीय 14 विधायक हैं।

– एकनाथ शिंदे



कांग्रेस धोखा देती तो इतना बुरा नहीं लगता; हमारे ही लोगों ने साथ छोड़ दिया है। उद्धव जी ने कहा जो जा रहा है, जाने दो।

आदित्य ठाकरे

**उद्धव ने बुलाई कार्यकारिणी की बैठक**

मातोश्री में सीएम उद्धव ठाकरे और राकांपा प्रमुख शरद और अजीत पवार के बीच बैठक हुई। बताया गया है कि कोरोना के चलते उद्धव ने वीडियो कांफ्रेसिंग के जरिए बैठक में हिस्सा लिया। करीब दो घंटे मंथन चला। इस बैठक में संजय राउत समेत कई शिवसेना नेताओ ने भी हिस्सा लिया था। मिली जानकारी के अनुसार शिवसेना ने महाराष्ट्र में सियासी संकट के बीच शनिवार को बड़ी बैठक बुलाई है। इस बैठक में राष्ट्रीय कार्यकारिणी को उपस्थित रहने के लिए कहा गया है। बताया जा रहा है कि उद्धव ठाकरे शिंदे की बगावत के बाद कुनबे को एकजुट करने में जुटे हैं। सीएम उद्धव कोरोना के चलते इस बैठक में वीडियो कांफ्रेंसिग के जरिए उपस्थित रहेंगे। सूत्रों के अनुसार, राकांपा का कहना है कि शिंदे गुट के पास बहुमत है। मामला लंबा खींचने पर महा विकास अघाड़ी सरकार को संकट हो सकता है। विधानसभा में परीक्षण तक की नौबत आ सकती है। राकांपा ने मामला बढ़ने पर हालात को स्वीकार करने के लिए कहा है।

**सड़कों पर उतरने की तैयारी में शिवसैनिक**

शिवसेना के बागी विधायकों के खिलाफ महाराष्ट्र में शिवसैनिकों का गुस्सा फूट रहा है। जारी राजनीतिक संग्राम के बीच शिवसेना के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में सड़कों पर उतरने को तैयार हैं। महाराष्ट्र पुलिस ने इस संबंध में सभी पुलिस स्टेशनों को हाई अलर्ट पर रहने को कहा है।

**अजय चौधरी बने विधायक दल के नेता**

महाराष्ट्र में सियासी उठापटक के बीच शिव सेना ने बागी विधायक एकनाथ शिंदे की जगह पर अजय चौधरी को विधायक दल का नेता बनाने के लिए आग्रह किया था जिसे विधानसभा उपाध्यक्ष नरहरि जिरवाल ने स्वीकार कर लिया है। रिपोर्ट के अनुसार श्री जिरवाल ने विधायक दल के नेता के रूप में श्री चौधरी को मान्यता दे दी है और इस संबंध में एक पत्र भी जारी किया है।

## फिर रफ्तार पकड़ने लगा कोरोना 17336 नये मामले दर्ज

नई दिल्ली। देश में पिछले 24 घंटे में कोरोना वायरस संक्रमण के 17,336 नये मामले सामने आने के बाद संक्रमितों की कुल संख्या बढ़कर 43362294 हो गई है। जबकि अभी तक इस महामारी से मृतकों का आंकड़ा बढ़कर 5,24,954 हो गया है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने शुक्रवार को यहां बताया कि सुबह सात बजे तक 196.77 करोड़ कोविड टीके दिये जा चुके हैं। पिछले 24 घंटे में 13,71,107 टीके लगाए गए हैं। देश में कोरोना सक्रिय रोगियों की संख्या 88,284 है और सक्रिय मामलों की दर 0.20 प्रतिशत है। दैनिक संक्रमण दर 3.94 प्रतिशत दर्ज की गयी। मंत्रालय ने बताया कि पिछले 24 घंटे में इस महामारी से 13 और लोगों की मौत होने से मृतकों का आंकड़ा बढ़कर 5,24,954 पर पहुंच गया है। देश में कोरोना मृत्यु दर 1.21 प्रतिशत है। इसी अवधि में 13029 मरीज कोविड से मुक्त हुए हैं। अभी तक कुल 4,27,49,056 लोग कोविड से उबर चुके हैं। स्वस्थ होने की दर 98.59 प्रतिशत है।

# वायनाड में राहुल के ऑफिस में तोड़फोड़



वायनाड (केरल), एजेंसी

वायनाड में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के कार्यालय में तोड़फोड़ की गई है। कांग्रेस ने हमले में स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) की भूमिका का आरोप लगाया। राहुल गांधी के कार्यालय में कुर्सियों को तोड़ा गया और कार्यालय के कर्मचारियों को कथित तौर पर पीटा गया। कलपेट्टा के निकट कैनाटी में कांग्रेस नेता राहुल गांधी का कार्यालय है। केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने वायनाड में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के कार्यालय पर हमले की निंदा की। उन्होंने कहा कि दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल ने कहा कि यह पुलिस की मौजूदगी में हुआ। यह सीपीएम नेतृत्व की स्पष्ट साजिश है। पिछले 5 दिनों से ईडी उनसे पूछताछ कर रही है। मुझे लगता है कि सीताराम येचुरी आवश्यक कार्रवाई करेंगे। कांग्रेस नेता और विधायक टी सिद्दीकी ने आरोप लगाया कि हमला एक पूर्वनियोजित था और उन्होंने एसएफआई को 'गुंडे' कहा। इस घटना की वजह से इलाके में तनाव व्याप्त है। कांग्रेस नेता शशि थरूर ने घटना की निंदा की है। साथ ही उचित कार्रवाई की मांग की है।

# परमेश्वरन अय्यर होंगे नीति आयोग के नए सीईओ

## तपन डेका नए आईबी प्रमुख नियुक्त, रॉ सचिव को एक साल का सेवा विस्तार

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

केंद्र सरकार ने शुक्रवार को तीन बड़ी नियुक्तियां की हैं। परमेश्वरन अय्यर नीति आयोग के सीईओ नियुक्त किए गए हैं। 30 जून को अमिताभ कांत का कार्यकाल समाप्त हो रहा है। अमिताभ कांत को 2016 में नीति आयोग का सीईओ नियुक्त किया गया था और इसके बाद तीन बार उनको सेवा विस्तार दिया गया। अब उनका कार्यकाल 30 जून को समाप्त हो रहा है, जिसके बाद आईएएस परमेश्वरन अय्यर नीति आयोग के अगले सीईओ की जिम्मेदारी संभालेंगे। उनका कार्यकाल दो साल का रहने वाला है। वहीं, वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी तपन डेका को नया आईबी प्रमुख नियुक्त किया है। तपन डेका असम के तेजपुर से आते हैं और 1988 बैच के हिमाचल प्रदेश के आईपीएस अफसर हैं। प्रमोशन से पहले तपन डेका अतिरिक्त निदेशक का काम देख रहे थे। उन्होंने अपने करियर का अधिकांश समय आईबी में ही बिताया है और आईबी के टॉप स्पाई माने जाते हैं। जबकि रॉ सचिव सामंत कुमार गोयल का कार्यकाल एक साल और बढ़ाया गया है। सामंत कुमार गोयल 1984 बैच के पंजाब कैडर के आईपीएस अधिकारी हैं। रिसर्च एंड एनालिसिस विंग के सचिव सामंत गोयल को उनके वर्तमान कार्यकाल से 30 जून 2023 तक एक वर्ष की अवधि के लिए विस्तार दिया गया है।





# 'अग्निवीर' नहीं हैं पेंशन के हकदार तो मैं भी पेंशन छोड़ने को तैयार : वरुण गांधी

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



रक्षा सेवाओं में भर्ती की केंद्र सरकार की नई 'अग्निपथ योजना' पर लगातार सवाल उठा रहे भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद वरुण गांधी ने शुक्रवार को कहा कि इस योजना के तहत सेना में शामिल 'अग्निपथ योजना'यदि पेंशन के हकदार नहीं हैं तो वह भी बतौर सांसद अपनी पेंशन छोड़ने को तैयार हैं। उन्होंने सांसदों से विधायकों के समक्ष यह सवाल उठाया कि क्यों न सभी अपनी पेंशन छोड़ दें और 'अग्निपथ योजना'के लिए पेंशन की सुविधा सुनिश्चित करें। ज्ञात हो कि 'अग्निपथ योजना' भारतीय सेना के तीनों अंगों थलसेना, वायुसेना और नौसेना में विभिन्न पदों पर भर्ती के लिए रक्षा मंत्रालय द्वारा लाई गई एक नई योजना है। इसमें भर्ती होने वाले युवाओं को 'अग्निपथ योजना'के रूप में जाना जाएगा और उनका कार्यकाल चार सालों का होगा। सेवानिवृत्ति के बाद वह पेंशन के हकदार नहीं होंगे। सेना में अब सारी भर्ती 'अग्निपथ योजना' के तहत ही होगी। भर्ती के इस नए मॉडल की घोषणा के बाद से ही देश के कई हिस्सों में हिंसक विरोध देखा गया है।

वरुण गांधी ने एक ट्वीट में कहा, 'अल्पावधि की सेवा करने वाले अग्निवीर पेंशन के हकदार नही हैं तो जनप्रतिनिधियों को यह 'सहूलियत'क्यूं? राष्ट्र रक्षकों को पेंशन का अधिकार नही है तो मैं भी खुद की पेंशन छोड़ने को तैयार हूं। क्या हम विधायक और सांसद अपनी पेंशन छोड़ कर यह नहीं सुनिश्चित कर सकते कि अग्निवीरों को पेंशन मिले?

## सिन्हा का समर्थन करेगी सपा

लखनऊ। समाजवादी पार्टी (सपा) ने कहा है कि वह आगामी राष्ट्रपति चुनाव में पूर्व केंद्रीय मंत्री यशवंत सिन्हा का समर्थन करेगी। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शुक्रवार को पार्टी के सभी सांसदों और विधायकों की बैठक बुलाई और उनसे फॉर्म पर हस्ताक्षर करवाकर शीर्ष पद के लिए सिन्हा का नाम प्रस्तावित किया। अखिलेश यादव ने अपनी पार्टी के नेताओं को भी चेतावनी दी कि वे खासकर महाराष्ट्र के घटनाक्रम को देखते हुए उन प्रयासों से सावधान रहें जो विपक्षी एकता को तोड़ने के लिए किए जा सकते हैं। पार्टी प्रवक्ता ने कहा कि चूंकि यशवंत सिन्हा संयुक्त विपक्ष के उम्मीदवार हैं, इसलिए सपा के सभी सांसद और विधायक सर्वसम्मति से उनका समर्थन करेंगे। अखिलेश यादव ने पिछले महीने पहले ही घोषणा कर दी थी कि उनकी पार्टी उस उम्मीदवार का समर्थन करेगी जिसका नाम पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा अंतिम रूप दिया जाएगा।

## गुजरात दंगा : सुप्रीम कोर्ट ने मोदी को दी क्लीन चिट

**नई दिल्ली**। उच्चतम न्यायालय ने 2002 के गुजरात दंगा मामले में तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी और 63 अन्य लोगों को विशेष जांच दल (एसआईटी) द्वारा क्लीन चिट दिए जाने को चुनौती देने वाली याचिका शुक्रवार को खारिज कर दी। यह याचिका गुजरात दंगों में मारे गए कांग्रेस सांसद एहसान जाफरी की पत्नी जकिया जाफरी ने दायर की थी। न्यायमूर्ति ए.एम. खानविलकर, न्यायमूर्ति दिनेश माहेश्वरी और न्यायमूर्ति सी.टी. रविकुमार की एक पीठ ने मामले को दोबारा शुरू करने के सभी रास्ते बंद करते हुए कहा कि जांच के दौरान एकत्रित की गई समाग्री से मुसलमानों के खिलाफ सामूहिक हिंसा भड़काने के लिए सर्वोच्च स्तर पर आपराधिक षड्यंत्र रचने संबंधी कोई संदेह उत्पन्न नहीं होता है। पीठ ने कहा कि जकिया की याचिका सुनवाई योग्य नहीं है। अदालत ने किसी गुप्त उद्देश्य के लिए मामले को जारी रखने की गलत मंशा का जिक्र करते हुए कहा कि जो प्रक्रिया का इस तरह से गलत इस्तेमाल करते हैं, उन्हें कटघरे में खड़ा करके उनके खिलाफ कानून के दायरे में कार्रवाई की जानी चाहिए।

## संक्षिप्त खबर

### रूस में विमान दुर्घटनाग्रस्त, चार की मौत

यारोस्लाव। रूस में रियाजान शहर के समीप एक सैन्य विमान के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से चार लोगों की मौत हो गयी जबकि पांच अन्य घायल हुए हैं। क्षेत्रीय अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। क्षेत्रीय अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार रियाजान के मिखाइलोवस्कॉय रोडवे के पास विमान दुर्घटना में चार लोगों की मौत हो गयी है और पांच लोग घायल हुए हैं।

### मुश्किल वक्त में अफगानिस्तान की मदद को तैयार : भारत

संयुक्त राष्ट्र। अफगानिस्तान में भीषण भूकंप से मची तबाही के बीच भारत ने कहा है कि वह इस मुश्किल घड़ी में अफगानिस्तान के लोगों की मदद करने को तैयार है। अफगानिस्तान में भीषण भूकंप में करीब 1000 लोग मारे गए हैं और हजारों मकान तबाह हुए हैं, जिससे बड़ी संख्या में लोग बेघर हो गए हैं। टी.एस. तिरुमूर्ति ने अफगानिस्तान पर सुरक्षा परिषद की एक बैठक में कहा, भारत, अफगानिस्तान के लोगों के दुख को समझता है और इस मुश्किल घड़ी में सहायता प्रदान करने को तैयार है। अरिंदम बागची ने ट्वीट किया था, अफगानिस्तान के लोगों के लिए भारत की ओर से भूकंप राहत सहायता की पहली खेप काबुल पहुंच गई है।

### नौसेना ने किया शॉर्ट रेंज सरफेस टू एयर मिसाइल का सफल परीक्षण

नई दिल्ली। भारत ने ओडिशा तट पर चांदीपुर में एकीकृत परीक्षण रेंज से शुक्रवार को वर्टिकली लॉन्च शॉर्ट रेंज सरफेस टू एयर मिसाइल (वीएल-एसआरएसएएम) का सफल परीक्षण किया। मिसाइल लॉन्च करने से पहले बालासोर जिले के चांदीपुर में आईटीआर के पास करीब ढाई किलोमीटर का इलाका खाली करवाकर चार गांवों के लगभग 8,000 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। राजनाथ सिंह और जी. सतीश रेड्डी ने डीआरडीओ और भारतीय नौसेना को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता हवाई खतरों के खिलाफ नौसेना के जहाजों की रक्षा क्षमता को और बढ़ाएगी।

### भ्रष्टाचार के आरोप में नौ सरकारी कर्मचारी बर्खास्त

जम्मू जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने भ्रष्टाचार के आरोप में पांच अधिकारियों समेत नौ सरकारी कर्मचारियों को शुक्रवार को बर्खास्त कर दिया। सभी कर्मचारियों को जम्मू कश्मीर सिविल सेवा नियमन के 226 (2) अनुच्छेद के तहत बर्खास्त कर दिया गया है, जो प्रशासन को 22 साल की सेवा पूरी करने या 48 वर्ष की आयु प्राप्त करने के बाद किसी भी समय सरकारी कर्मचारियों को सेवानिवृत्त करने की अनुमति देता है।

# योगी आज 10 लाख ग्रामीणों को सौपेंगे घरौनी प्रमाणपत्र

लखनऊ, एजेंसी



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 25 जून को स्वामित्व योजना के तहत 1081062 ग्रामीणों को डिजिटल माध्यम से उनके आवास का मालिकाना हक दिलाने वाला दस्तावेज यानी ग्रामीण आवासीय अभिलेख घरौनी प्रमाण पत्र सौंपेंगे। अभिलेखों को तैयार करने के लिए 1,10313 ग्रामों को चिन्हित किया गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 24 अप्रैल 2020 से शुरू की गई स्वामित्व योजना का लाभ सीएम योगी आदित्यनाथ यूपी की ग्रामीण जनता को भी दिला रहे हैं। स्वामित्व योजना के तहत 20 जून तक प्रदेश के कुल 68641 ग्रामों में ड्रोन सर्वे का कार्य पूरा कर लिया गया है। 23287 ग्रामों में कुल 3428305 घरौनियां तैयार हो चुकी हैं। योजना के तहत ग्रामीण आवासीय अभिलेखों का निर्माण होने पर प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में सम्पत्ति संबंधी विवाद काफी कम हो जाएंगे। स्वामित्व का अभिलेख बन जाने पर न्यायालय में चल रहे विवादों का निस्तारण जल्द होगा। आबादी क्षेत्र का प्रारंभिक डाटा मिलने पर सरकार विकास की योजनाओं को आसानी से संचालित करा सकेगी। इन अभिलेखों के तैयार हो जाने पर ग्रामीण क्षेत्रों में वित्तीय तरलता एवं वित्तीय सुदृढ़ता के साथ ही विकास की प्रक्रिया को भी गति मिलेगी।

## राष्ट्रपति पद के लिए यशवंत सिन्हा को जेड श्रेणी की सुरक्षा



नई दिल्ली/ लखनऊ। केन्द्र सरकार ने राष्ट्रपति पद के लिए विपक्ष के उम्मीदवार यशवंत सिन्हा को केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के कमांडो की जेड श्रेणी की सुरक्षा मुहैया कराई है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। केन्द्रीय गृह मंत्रालय की ओर से सीआरपीएफ की वीआईपी सुरक्षा शाखा को सिन्हा (84) की सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश मिलने के बाद दस्ते ने सिन्हा की सुरक्षा का जिम्मा संभाल लिया है। अधिकारियों ने कहा कि सिन्हा जब भी देश में कहीं आएंगे-जाएंगे, आठ से दस सशस्त्र जवान उनकी सुरक्षा करेंगे।

**राष्ट्रीय सुरक्षा** | भारतीय वायु सेना का 'युद्धक और एयरोस्पेस रणनीति कार्यक्रम' सम्पन्न

# नियमों का कतई सम्मान नहीं किया जा रहा : वायु सेना प्रमुख

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

वायु सेना प्रमुख वी.आर. चौधरी ने शुक्रवार को कहा कि वैश्विक व्यवस्था के सामने लगातार चुनौतियां बढ़ती जा रही हैं और नियमों का बहुत कम या कतई सम्मान नहीं किया जा रहा। उन्होंने कहा कि भारत को अपनी सामरिक प्राथमिकताओं का पुनः आकलन करना चाहिए और यह सुनिश्चित करने के लिए अपने कार्य फिर से व्यवस्थित करने चाहिए कि वह पीछे न छूट जाए। एयर चीफ मार्शल चौधरी ने राष्ट्रीय सुरक्षा के समक्ष विभिन्न चुनौतियों का जिक्र करते हुए कहा कि सैन्य रणनीतिकारों को 'युद्ध लड़ने' के प्राथमिक उद्देश्य को नहीं भूलना चाहिए। उनका यह बयान ऐसे समय में आया है, जब पूर्वी लद्दाख में भारत और चीन के बीच सीमा विवाद जारी है, अफगानिस्तान में हालात खराब हैं और यूक्रेन में संकट के कारण भू-राजनीतिक उथल-पुथल पैदा हो गई है।



**'जबरन' कार्रवाई करना नई रणनीति**

वायु सेना प्रमुख ने किसी देश का नाम लिए बगैर कहा कि 'जबरन' कार्रवाई करना नई रणनीति बन गया है तथा साइबर, सूचना और अंतरिक्ष क्षेत्र 'नए युद्धक्षेत्र' बन गए हैं। उन्होंने कहा, आज हम तेजी से बदलते अंतरराष्ट्रीय हालात देख रहे हैं, जिसे जटिल बहुध्रुवीय विश्व से मिलने वाली चुनौती बढ़ती जा रही है और नियमों या भू-राजनीतिक परस्पर गतिविधियों की पारंपरिक प्रक्रियाओं का बहुत कम या कोई सम्मान नहीं किया जा रहा इसलिए हमें अपनी सामरिक प्राथमिकताओं का फिर से आकलन करना चाहिए और यह सुनिश्चित करने के लिए अपने कदमों को फिर से व्यवस्थित करना चाहिए कि हम पीछे न छूट जाएं। भारतीय वायु सेना द्वारा आयोजित पहले 'युद्धक और एयरोस्पेस रणनीति कार्यक्रम' (डब्ल्यूएएसपी) के समापन पर यह सेमिनार आयोजित किया गया था। वायु सेना प्रमुख ने उम्मीद जताई कि यह कार्यक्रम अधिकारियों को पूरी सरकार के दृष्टिकोण को समझने और राष्ट्रीय सुरक्षा के मामलों से निपटने में अपनी स्वतंत्र राय विकसित करने में मदद करेगा।

**स्थायी रणनीति न होने पर विफलता तय**

- उन्होंने कहा, हम मानते हैं कि कई विषयों से प्राप्त विचारों का संगम ऐसी महत्वपूर्ण सोच को जन्म दे सकता है जिससे कोई व्यक्ति समाधान खोजने के साथ–साथ अधिक तर्कसंगत और प्रभावी निर्णय लेने में सक्षम बन सकता है। वायु सेना प्रमुख ने कहा, एक सैन्य रणनीतिकार को अपने प्राथमिक उद्देश्य को नहीं भूलना चाहिए और वह उद्देश्य युद्ध लड़ना है, इसलिए युद्ध लड़ने की कला एवं विज्ञान की गहरी समझ विकसित करते हुए हमारा ध्यान अभियानगत स्तर के लिए अहम सोच और रणनीति पर रहना चाहिए। एयर चीफ मार्शल चौधरी ने कहा कि अच्छी तरह से तैयार की गई रणनीति सुरक्षा चुनौतियों से निपटने में सफलता की गारंटी नहीं दे सकती, लेकिन सुसंगत और स्थायी रणनीति नहीं होने पर विफलता तय है।

## संक्षिप्त खबरें

### अज्ञात चोरों ने बंद मकान के चटकाए ताले, ज्वेलरी सहित हजारों रुपए किए चोरी

सोहना। अज्ञात चोरों ने वार्ड नंबर 14 पारस कॉलोनी में बंद पड़े मकान का ताला तोड़ अलमारी से ज्वेलरी व ₹60000 चोरी का मामला प्रकाश में आया है। मामले को लेकर पुलिस ने पीड़ित अब्बास की शिकायत पर मामला दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।दर्ज किए गए मामले में जब्बार उर्फ अब्बास निवासी पारस कॉलोनी वार्ड 14 सोहना का कहना है कि 20 जून को 4:00 बजे मैं फिरोजाबाद यूपी काम से गया था। 22 जून को शाम 4:00 बजे जब मैं वापस आया तो मेन गेट का ताला टूटा था अंदर गया तो अलमारी भी खुली थी।जिसमें रखी ज्वेलरी और मोबाइल के डब्बे में रखे ₹60000 गायब मिले। वही ममले को लेकर एडिशनल थाना प्रभारी सब इंस्पेक्टर रजाक खान का कहना है कि शिकायत मिली है। मामला दर्ज कर अज्ञात चोरों की तलाश शुरू कर दी है। अपराध शाखा सोहना ने सट्टा खेलते हुए एक आरोपी को नकदी सहित गिरफ्तार किया है। एएस आई विजय की शिकायत पर शहर थाना सोहना में आरोपी विक्रम पुत्र देश राज के खिलाफ गेंबलिंग एक्ट के तहत मामला दर्ज कराया है।मामले की छानबीन जारी है।मौके से 2320 रुपए व अन्य सामान बरामद किया है।

### वाहन चालकों को हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगानी होगी

तावड। शहर व क्षेत्र के वाहन चालकों को हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट लगवानी आवश्यक होगी। यह जानकारी जिला पुलिस कप्तान वरूण सिंघल ने दी। उन्होंने बताया की सभी पंजीकृत वाहनों में हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट लगवाना अनिवार्य है अन्यथा मोटर वाहन अधिनियम के तहत वाहनों में यह प्लेट न लगाये जाने पर चालान किया जायेगा। उन्होनें कहा कि ज्यादातर लोग अपनी गाडियों पर रंग.बिरंगी और.डिजाइनर नंबर प्लेट लगाकर घूमते है जो नियमों के खिलाफ है। उल्लेखनीय है कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने एक याचिका पर सुनवाई करते हुये सभी प्रकार के पुराने व नये वाहनों पर हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट लगवाना अति आवश्यक किया गया है। जिसकी पालना कराने के लिये सरकार व पुलिस प्रशआनास पूरी तरह गंभीर है। पुलिस अधीक्षक नूंह ने वाहनो चालको से अपील करते हुये यह भी कहा की च्वतजंसृ.ीणतचीतण्बवउ पर आवेदन कर पंजीकृत सभई वाहनो पर हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रैशन नम्बर प्लेट अवश्य लगवाये।

# फरीदाबाद : कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने नवनिर्मित पुल का किया लोकार्पण

फरीदाबाद, प्रात : किरण संवाददाता



लोकार्पण

● विकास कार्यों के लिए धन की कोई कमी नहीं रहने दूंगाः मूलचंद शमा

बल्लभगढ़, कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने एक करोड़ की लागत से बनकर तैयार हुए सैक्टर-64 व सैक्टर-65 में बने पुल का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि दर्जन भर से ज्यादा गांवों को आवागमन में राहत मिलेगी। कैबिनेट मंत्री ने निकाय चुनाव को लेकर कांग्रेस पार्टी पर हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस के दिग्गजों की जनता ने निकाय चुनाव में पोल खोल दी है।

प्रदेश कांग्रेस मुक्त बनने जा रहा है। देश में भी कांग्रेस का सूपड़ा साफ होगा। कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि बल्लभगढ़ विधान सभा क्षेत्र में चहुमुखी विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों के लिए धन की कोई कमी नहीं रहने दूंगा। हरियाणा के परिवहन, खनन एवं कौशल विकास विभाग के कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने आज शुक्रवार को बल्लभगढ़ में एक और विकास कार्य का लोकार्पण कर जनता को सौगात दी है। कैबिनेट मंत्री पंडित मूलचंद शर्मा सेक्टर- 65 में भूतपूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी चौंक पर साहूपुरा रोड से निकलने वाले प्याला डिस्ट्रीब्यूटर रजवाहे पर बनाए जाने वाले लगभग एक करोड़ रुपये की धनराशि की लागत से बनने वाले पुल के निर्माण कार्य का लोकार्पण कर रहे थे। इस पूल के बनने से सेक्टर-62, सेक्टर-64, सेक्टर- 65 वासियों के अलावा बल्लभगढ़ विधान सभा क्षेत्र से जुड़े गांव साहूपुरा, सुनपैड, मलेरना, ऊचा गांव सहित विभिन्न इलाकों के लोगों को आवागमन की सुविधा मिलेगी।

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने बल्लभगढ़ के लिए अलग से लघु सचिवालय बनवाया है। वहीं बेटियों को पढ़ाई करने के लिए सेक्टर-2 में महिला कॉलेज की स्थापना की है। आजादी के बाद यह बल्लभगढ़ में पहला महिला कॉलेज है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में जल्द ही कॉलेज की नई इमारत में ही कक्षाएं लगेंगी। परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने इस अवसर पर कहा कि बल्लभगढ़ में सरकारी जमीनों पर कब्जे नहीं होने दूंगा। यही नहीं बहन बेटियों को तंग करने वालों को भी वह नीमका जेल पहुंचाने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि आज बल्लभगढ़ की समस्त कॉलोनियों में पीने का पानी, आरएमसी व टाइल्स की सडकें, सीवर का प्रबंध, सडकों पर दूधिया लाइट लगवाई गई हैं। उन्होंने कहा कि बल्लभगढ़ को विकास के क्षेत्र में नंबर वन बनाना ही मेरा एक मकसद है। कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार कार्य तेज गति से और सरकारी पैरामीटर के अनुरूप होना चाहिए। कोताही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पुल को आरएमसी आधुनिक तकनीकी से बनाना सुनिश्चित करें।इस अवसर पर भाजपा नेता टिपर चंद शर्मा, पारस जैन, बृजलाल शर्मा, योगेश शर्मा, लखन बेनीवाल, गजेंद्र वैष्णव, कर्नल गोपाल सिंह, पूर्व सरपंच भगवत शर्मा, जितेंद्र बंसल, सीताराम अत्री, सहित सेक्टरों के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# पिंदा गैंग के 13 सदस्य गिरफ्तार भारी मात्रा में हथियार बरामद

चंडीगढ़, एजेंसी

● पुलिस ने इनके कब्जे से 9 हथियार बरामद किये

पंजाब में जालंधर ग्रामीण पुलिस ने पिन्दा गैंग से जुड़े फिरौती और हथियारों की तस्करी के रैकेट का पदार्फाश करते हुये सभी शार्प शूटर, पनाह देने और लॉजिस्टिक सहायता मुहैया कराने वाले छह सदस्यों सहित गिरोह के तेरह सदस्यों को गिरफ्तार किया है। वरिष्ठ जिला पुलिस अधीक्षक स्वप्न शर्मा ने शुक्रवार को सांझा की। गैंगस्टर विक्की गौंडर का करीबी साथी पलविन्दर सिंह उर्फ पिन्दा, जिसकी नाभा जेल ब्रेक में भी भूमिका सामने आई थी, को गैंग का सरगना बताया जाता है और वर्तमान में ग्रीस में रह रहे जालंधर के शाहकोटनिवासी परमजीत उर्फ पम्मा की मदद से गैंग को संभाल रहा था।

गिरफ्तार किये गए तेरह शूटरों की पहचान सुनील मसीह उर्फ जीउना, रविन्द्र उर्फ रवि, प्रदीप सिंह, मनजिन्दर उर्फ शवि और सुखमन सिंह उर्फ सभ्भा, सभी निवासी लोहियाँ, जालंधर; सन्दीप उर्फ दिल्ली, मेजर सिंह, अपरेल सिंह उर्फ शेरा, बलविन्दर उर्फ गुद्धा और सलिन्दर सिंह, सभी वासी नकोदर, जालंधर, सतपाल उर्फ सत्ता निवासी मक्खू, फिरोजपुर, दविन्दरपाल सिंह उर्फ दीपू और सतवंत सिंह उर्फ जग्गा निवासी शाहकोट, जालंधर के तौर पर हुई है। ये सभी गिरफ्तार हिस्ट्री शीटर हैं और इन पर हत्या, इरादातन हत्या, जबरन वसूली और हथियारों की तस्करी समेत घृणित अपराधों से सम्बन्धित मामले दर्ज हैं। छह अन्य को पनाह देने और लॉजिस्टिक सहायता मुहैया कराने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। इनकी पहचान अमरजीत उर्फ अमर निवासी धर्मकोट, बलबीर मसीह, एरिक और बादल, तीनों ही निवासी लोहियाँ, हरविन्दर सिंह निवासी शाहकोट और बचित्तर सिंह निवासी कपूरथला के तौर पर हुई है। पुलिस ने इनके कब्जे से सात .32 बोर पिस्तौल, तीन .315 बोर पिस्तौल, एक .315 बोर की बंदूक और एक .12 बोर की बंदूक समेत 9 हथियार बरामद किये हैं और टोयटा इनोवा और महिंदरा ऐकसयूवी 500 समेत दो वाहनों के अलावा आठ लाख रुपए की विदेशी करेंसी भी बरामद की है।

# जनता को कार्यालयों में बेफिजूल में चक्कर ना कटाए कर्मचारी और अधिकारीः मूलचंद शर्मा

फरीदाबाद, प्रात : किरण संवाददाता



प्रदेश के परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने आज शुक्रवार को बल्लभगढ़ के नगर निगम कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने लोगों की समस्याएं सुनते हुए नगर निगम कैंपस में खुले में बैठकर ही लोगों की समस्याएं सुनना शुरू कर दी। कैबिनेट मंत्री ने एक्सईएन और एसडीओ के अलावा अन्य स्टाफ से भी लोगों का काम कराने के लिए मौके पर ही आदेश दिए और कहा कि जनता को बेफिजूल में चक्कर ना कटाए। कर्मचारी और अधिकारी जनता के काम को समय पर पूरा करना सुनिश्चित करें।

कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने सभी कर्मचारियों और अधिकारियों को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि वे आगामी शुक्रवार को फिर से नगर निगम कार्यालय में आएंगे और जनता की समस्याएं सुनेंगे। उन्होंने मौके पर आए लोगों को आश्वासन दिया कि वे आगामी शुक्रवार को फिर से नगर निगम कार्यालय में आएंगे यदि उनका कार्य नहीं होता तो वे उन्हें शुक्रवार को जरूर बताएं। यदि किसी की लापरवाही मिली तो उसी समय सख्त कार्रवाई भी करेंगे। नगर निगम कार्यालय पहुंचने की सूचना पर बल्लभगढ़ के एसडीएम त्रिलोकचंद भी पहुंच गए। जनता की समस्याएं सुनते हुए नगर निगम में पटवारी से संबंधित शिकायतें आई। जिस पर परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने उच्च अधिकारियों को बल्लभगढ़ में जल्द ही खाली पड़ी पटवारी के सीट पर पटवारी नियुक्त करने की बात कही। नगर निगम के जेटीओ भी मौजूद नहीं मिले। जेटीओ से संबंधित लोगों को भी परेशानी हो रही थी। कैबिनेट मंत्री ने जब इस बारे में जानकारी ली तो पता चला कि नगर निगम के ज्वाइंट कमिश्नर और जेटीओ फरीदाबाद मीटिंग में गए हुए हैं। परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने बल्लभगढ़ के एसडीएम त्रिलोकचंद को जिम्मेदारी तय करते हुए कहा कि शहर की सुंदरता को कायम रखने के लिए वे कार्य करें और साफ-सफाई व्यवस्था को देख रहे कर्मचारियों से पूरे शहर की सफाई का ब्यौरा लें। ताकि शहर में गंदगी ना फैले। इस अवसर पर इको ग्रीन के कर्मचारी और अधिकारी से उन्होंने बात की और कहा कि शहर की सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए कार्य करें। उन्होंने कहा कि शहर में कूड़ा उठान का कार्य कर रही इकोग्रीन कंपनी के कर्मचारी और अधिकारी लापरवाही ना बरतें। इसके अलावा उन्होंने नगर निगम के भी सफाई निरीक्षक को हिदायत दी कि शहर में सभी वार्डों में पूरे सफाई कर्मचारी लगाकर शहर की सफाई बेहतर ढंग से सुनिश्चित करें। परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने निगम के अधिकारियों और कर्मचारियों से सख्त लहजे में कहा कि वह शहर की सुंदरता को बनाए रखने और शहर की जनता के कार्यों को समय पर निपटाने का कार्य करें, यदि शिकायत मिली तो किसी भी सूरत में ऐसे कर्मचारी और अधिकारियों को बख्शा नहीं जाएगा। परिवहन मंत्री ने आम जनता से अपील की है कि वह किसी भी कार्य के लिए किसी को रिश्वत ना दें। उन्होंने इस अवसर पर लोगों को अपना मोबाइल नंबर भी दिया। इस अवसर पर एसडीएम त्रिलोकचंद सहित निगम के अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# मातृशक्ति द्वारा कराया गया आरएमसी रोड का उद्घाटन

फरीदाबाद, प्रात : किरण संवाददाता

उद्घाटन

● आरएमसी रोड मकान नंबर 451 से लेकर मकान न. 618 तक बनेगी

बडखल की लोकप्रिय विधायिका श्रीमती सीमा त्रिखा ने सेक्टर 21-सी में 90 लाख रुपए की लागत से बनने वाली आरएमसी रोड का उद्घाटन कार्य श्रीमती रेनू भाटिया तथा श्रीमती विनीता भाटिया के हाथों से नारियल फुड़वाकर करवाया। आपको बता दे कि यह आरएमसी रोड मकान नंबर 451 से लेकर मकान न. 618 तक बनेगी।

यह शुभकार्य मकान न. 515 के सामने किया गया। इस अवसर पर श्रीमती सीमा त्रिखा ने कहा कि सीएम अनाउंसमेंट 20949 के अंतर्गत बनने वाली लगभग 650 मीटर लंबी इस मुख्य सडक का निर्माण कार्य पूरा होने में करीब 1 माह का समय लगेगा। इसके साथ ही सेक्टर 21-सी की जो अन्य सडकें टूटी हुई हैं उन सडकों पर भी निर्माण कार्य जल्द शुरू हो जाएगा। पिछले लगभग 2 वर्षों से कोरोना महामारी के चलते विकास कार्य की गति जो रुक गई थी वह अब अपनी पटरी पर वापस लौट रही है। उन्होने कहा कि हरियाणा के यशस्वी मुख्यमंत्री मनोहर लाल कि सबका साथ सबका विकास की नीति के तहत एवं केंद्रीय मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर के सहयोग से बडखल विधानसभा क्षेत्र का कोई भी कोना विकास कार्यों से अछूता नहीं रहेगा।

इस मौके पर मुख्य रूप से सत्येंद्र पांडे, शालिनी मांगला, जिला सचिव एवं बडखल विधानसभा प्रभारी हरेंद्र भड़ाना, लिखी चपराना, रूद्रदेव शर्मा (मोंटू), नरेश शर्मा, महेंद्र शर्मा, किरण शर्मा, राकेश कुमार भाटिया, अशोक भाटिया, विकास जोशी, वी.के कोहली, सुदीप मंगला, ईश्वर चपराना और जेई प्रवीण बैसला आदि स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

### हरा चारा गौशाला को बेचने पर 10 हजार रुपए प्रति एकड़ मिलेगा अनुदान : डीसी अजय कुमार

**नूंह, मेवात।** हरियाणा सरकार ने प्रदेश में चारा की कमी को देखते हुए एक नई योजना की शुरूआत की है। किसान को योजना का लाभ लेने के लिए अपने हरे चारे को गौशाला में बेचना होगा। उपायुक्त अजय कुमार ने यह जानकारी देते हुए बताया कि हरियाणा सरकार ने किसानों को पशु चारा की फसल उगाने को प्रोत्साहित करने के लिए चारा बिजाई योजना शुरू की है। इस योजना का उद्देश्य गौशाला में पशुओं के लिए चारे की उपलब्धता को सुनिश्चित करना है। सरकार की चारा बिजाई योजना के तहत जो किसान गौशालाओं से अनुबंध करके पशुचारे की बिजाई करेंगे, उन्हें सरकार द्वारा 10 हजार रुपये प्रति एकड़ के हिसाब से अनुदान दिया जाएगा तथा अधिकतम लाभ की सीमा एक लाख रुपये निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि चारा बिजाई योजना के तहत किसानों को मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल पर 15 जुलाई तक पंजीकरण करवाना होगा। किसान तथा संबंधित गौशाला आपसी सहमति से अनुबंध के आधार पर चारे का मूल्य व मात्रा निर्धारित कर पोर्टल पर अपना ब्यौरा दर्ज करें।

# घरौंडा के देवी मंदिर परिसर में नशे से आजादी पखवाड़े का किया आयोजन

घरौंडा, प्रात : किरण संवाददाता



अंतर्राष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस के उपलक्ष्य में जिला में विभिन्न स्थानों पर नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रमों के आयोजन का सिलसिला जारी है घरौंडा के देवी मंदिर में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एकत्रित लोगों को नगर पालिका अध्यक्ष हैप्पी लक गुप्ता ने कहा कि नशा एक गंभीर समाजिक बुराई है। नशा एक ऐसी बुराई है, जिससे इंसान का अनमोल जीवन समय से पहले ही मौत का शिकार हो जाता है।

नशे के लिये समाज में शराब, गांजा, भांग, अफीम, जर्दा, गुटखा, तम्बाकू और धूम्रपान (बीड़ी, सिगरेट, हुक्का, चिलम) सहित चरस, स्मैक, कोकिन, ब्राउन शुगर जैसे घातक मादक दवाओं और पदार्थो का उपयोग किया जा रहा है। इन जहरीले और नशीले पदार्थो के सेवन से व्यक्ति को शारीरिक, मानसिक और आर्थिक हानि पहुंचाने के साथ ही इससे सामाजिक वातावरण भी प्रदूषित होता है। यही नहीं नशेड़ी आदमी के परिवार को भी कईं तरह की कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है।जिला समाज कल्याण अधिकारी ने कहा कि बीड़ी, सिगरेट, गांजा, भांग, अफीम या चरस पीने वालों को जब भरपूर नशा प्राप्त नहीं होता है, तब वे शराब और हेरोइन जैसे मादक पदार्थों की ओर अग्रसर होते हैं। नशा किसी प्रकार का भी हो व्यक्तित्व के विनाश, निर्धनता की वृद्धि और मृत्यु के द्वार खोलता है। इस के कारण परिवार तक टूट रहे हैं।

कार्यक्रम में मौजूद लोगों को, वक्ताओं ने धूम्रपान के दुष्परिणामों और सभी प्रकार के नशीले पदार्थों और व्यसनों के बारे में जागरूक किया। डॉ. मनन गुप्ता ने बताया कि यदि कोई व्यक्ति मादक द्रव्यों का सेवन छोडना चाहता है तो वह उनसे जिला नागरिक अस्पताल में सम्पर्क कर सकता है। इस अवसर पर जिला समाज कल्याण अधिकारी सत्यवान ढिलौड, नगर पालिका घरौंडा के नव निर्वाचित अध्यक्ष हैप्पी लक गुप्ता, माईंड केयर अस्पताल करनाल के मनोवैज्ञानिक डा. संदीप सोनी, सिविल अस्पताल करनाल से डा. मनन गुप्ता, घरौंडा नगर पालिका सदस्य जय भगवान, पंकज गुलाटी, पुलिस सब इंसपैक्टर हरि किशन, समाज कल्याण विभाग से केपी राणा व सचिन मक्कड़ उपस्थित रहे।

### ग्रामीण भारत में प्रर्याप्त सफाई की व्यवस्था आज भी चुनौतीः गोयल

**तावडू।** विश्र के विभिन्न हिस्सों में सभ्यता के आरम्भ से ही चिंता का विषय बनी ग्रामीण भारत में प्रर्याप्त सफ ई की व्यवस्था आज भी चुनौती है। सरकार इसके लिए बहुत चिन्तित लग रही है। सरकार का मानना है कि इस संबंध में लोगों को पूरी तरह से शिक्षित करने की जरूरत है। वेदों में इस बारे में साफ तौर पर कहा गया है कि रोगों को दूर करने तथा मानवीय ताकत बढाना पर्याप्त सफ ई रखने और सफ ाई के नियमों को अपनाने बगैर संभव नहीं होगा। यह विचार विवेकानंद पब्लिक स्कूल के संचालक विनोद गोयल ने रखे। उन्होंने कहा कि किसी देश के सांस्कृतिक और सामाजिक आर्थिक विकास का पैमाना वहां की सुरक्षित सफ ई व्यवस्था से देखा जा सकता है। वेदों में भी कहा गया है कि रोगों को दूर रखने और मानवीय ताकत बढाने तब तक संभव नहीं हैं जब तक कि उपयुक्त सफ ई व्यवस्था न रखी जाए और हार्जिनिक नियमों को न अपनाया जाए।

# हथियारों का जखीरा जप्त जवानों पर हमले का मंसूबा ध्वस्त

औरंगाबाद , प्रात : किरण संवाददाता



नक्सल मुक्त अभियान में लगातार की जा रही छापेमारी से नक्सलियों में भय व्याप्त हो गया और वह लगातार अपने स्थानों को छोड़कर दूसरे स्थान पर स्थापित होने को मजबूर हो रहे हैं। स्थानीय सूत्रों से यह आसूचना प्राप्त हुई कि मदनपुर थानान्तर्गत लगुराठी दूधजारा पहाड़ आदि क्षेत्रों में नक्सलियों द्वारा सुरक्षाबलों पर हमला करने की तैयारी कर रहे है। के फलस्वरूप ऐसी संभावना प्रतीत हुई कि मदनपुर थानान्तर्गत तरी लंगुराही पचरूखिया के घर भी स्थापना में बाधा डालने से इंकार नहीं किया जा सकता है।

इस आसूचना के आधार पर पुलिस कैलाश, समादेष्ट्य, 205 कोबरा बटालियन के संयुक्त निर्देशन में व अपर पुलिस अधीक्षक, अभियान, में औरंगाबाद जिला में कार्यरत के०रि०पु०बल 47 वाहिनी, 205 कोबरा वाहिनी, के०रि०पु०बल 159 पुलिस प्रशासन के संयुक्त टीम के द्वारा मदनपुर थानान्तर्गत ग्राम- लंगुराही, पचरूखिया, ब्रहमदेव, ह क्षेत्रों में नक्सलियों के विरूद्ध संयुक्त सर्व अभियान चलाया गया।

अभियान के फलस्वरूप उक जीवन यापन के सामान एवं अवैध शस्त्र गोली बरामद किया गया।बरामद सामान में सामान्य जीवन यापन के कई सामान यथा चावल, आटा, दाल, चा दूध पाउडर, गैस सिलेंडर, बाल्टी, जंगल शू, स्टील ट्रॅक, सोलर लाईट, प्लास्टिक कुर्सी, स्थली थाली, टिनस्थित सत्तु 200 ग्राम 100 पैकेट, सत्तु 500 ग्राम 10 पैकेट, आलू- 30 कि०ग्रा०, स्पोर्ट जुता का खाली बक्सा-04 रोजी प्याज, लहसून, तेल, मशाला, चीनी, चायपति, साबुन, सर्फ, ब्रश, टुथपेस्ट, चुड़ी, ब्लेड, तकिया, चादर, छाता, प्लाविन ट्रैकसूट, टीशर्ट, गमछा, मौजा, गंजी आदि भारी मात्रा में बरामद किये गये, जिसे विनष्ट किया गया। इसके अतिरिक्त शस्त्र/विस्फोटक सामान, 7.62 एस0एल0आर0-01, 7.62 आ०एफ०आई० बोल्ट रायफल, 01 03. 7.62 एस0एल0आर0 की गोली - 257, एस0एल0आर0 का मैगजीन 03 05. बोल्ट एक्शन मैगजीन-01,एमुनेशन पाउच 02. 07. मेडिशीन-10-12 पीस,आई०ई०डी० चेक करने वाला निडल-01,लेदर का पर्श-01,फुल यु-01, बिजली का तार-100 मीटर,पिरटल-01, पिस्टल मैगजीन-02 ,09 एम0एम0 पिस्टल की गोली 12, देशी बन्दुक-01 16. मोटोरोला कम्पनी हेडसेट - 01,नक्सली साहित्य 30-35, इत्यादि समान जप्त किए गए जप्त सामानों की सूची तैयार कर मदनपुर थाना काण्ड सं०-315/22 दिनांक- 23.06.22 पारा 147/148/149/353/323/324/326/307/186/333/120बी भा०व०वि० एवं 3/ 4/5 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम एवं 16/18/20 यू०ए०पी०ए० एक्ट कुल-41 नामजद एवं 20-30 अज्ञात अभियुक्तों के दर्ज की पायी है। इस छापामारी अभियान के फलस्वरूप नक्सलियों का मनोबल काफी हराश हुआ है एवं नक्सली गतिविधि पर अंकुश लगाये जाने हेतु लगातार छापामारी अभियान जारी है। लगातार हो रही ताबड़तोड़ छापेमारी से नक्सलियों में दहशत व्याप्त है।

# वैशाली में दिव्यांगजनों का यूडीआईडी कार्ड बनाने को प्रत्येक गुरुवार को लगेगा शिविर

हाजीपुर, प्रात : किरण संवाददाता



● आफ लाइन प्रमाणीकृत दिव्यांगता प्रमाण पत्र का आनलाइन सत्यापन करने का निर्देश

जिलाधिकारी यशपाल मीणा ने जिले के सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारियों को प्रत्येक सप्ताह गुरुवार को प्रखंड कार्यालय परिसर में शिविर लगाकर दिव्यांगजन के लिए यूडीआईडी कार्ड बनाने तथा आफ लाइन प्रमाणीकृत दिव्यांगता प्रमाण पत्र का शत-प्रतिशत आनलाइन सत्यापन करने का निदेश दिया है।

डीएम ने सभी को कहा है कि इससे संबंधित लक्ष्य को हर हाल में अगस्त 2022 तक प्राप्त कर लिया जाए। प्रखंड कार्यालय परिसर में लगने वाले शिविर में केवल आफ लाइन निर्गत दिव्यांगता प्रमाण पत्रों का सत्यापन किया जाएगा। जिसमें इनके यूडीआईडी कार्ड निर्माण के लिए आवश्यक दस्तावेज दिव्यांगता प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, आवासीय प्रमाण पत्र, पहचान पत्र, फोटो एवं उनकी विवरणी दिव्यांगजन से प्राप्त किए जाएंगे। आवासीय एवं पहचान से संबंधित भारत सरकार अथवा बिहार सरकार से निर्गत प्रामाण पत्र जैसे मतदाता पहचान पत्र, विद्यालय पहचान पत्र, राशन कार्ड, ड्राईविंग लाइसेंस, आधार, पैन कार्ड, पासपोर्ट, बैंक पासबुक आदि अथवा किसी सक्षम प्राधिकार से निर्गत प्रमाण पत्र मान्य होंगे। जिलाधिकारी ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को निदेश दिया है कि वह अपने प्रखंड के बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, मुखिया, वार्ड, काउंसिलर, पंचायत सचिव, विकास मित्र, जीविका के प्रखंड स्तर के प्रबंधक, समुदाय स्तरीय समन्वयक, सेविकाएं, आशा कार्यकर्ता एवं प्रखंड स्तर के प्रबंधक आदि के साथ बैठक एवं समन्वय स्थापित कर प्रमाणीकृत दिव्यांगजन का सर्वेक्षण कराते हुए प्रत्येक गुरूवार को उनका मोटिवेशन कराना सुनिश्चित करेंगे। शिविर में प्रमाणीकृत दिव्यांगजन के यूडीआईडी कार्ड बनाने के लिए वांछित दस्तावेजों का सत्यापन असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी की ओर से प्रतिनियुक्त चिकित्सकों के माध्यम से किया जाएगा। निर्देशित किया गया है कि वैसे प्रमाणीकृत दिवयांगजन जो शिविर में आने में असमर्थ हैं, उनका आवेदन विकास मित्र प्राप्त कर जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग में समर्पित करेंगे। पंचायत स्तर पर प्रमाणीकृत दिव्यांगजन को मोबिलाइज करने के लिए स्थानीय निकाय की ओर से व्यापक प्रचार-प्रसार, आम सूचना एवं अन्य माध्यमों से आयोजित शिविर की तिथि की सूचना दी जाएगी। इसकी जिम्मेदारी संयुक्त रूप से सहायक निदेशक, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग सह जिला प्रशासक यूडीआईडी परियोजना एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी को दी गई है।

### ग्रामीणों को शिक्षा के क्षेत्र में अपनी सोच का दायरा बढ़ाना होगाः सीमा रानी

**तावडू।** नारी प्रगति मंच शहर संयोजिका सीमा रानी ने कहा कि समाज के अग्रणी व सक्षम लोगों को निज हित के साथ-साथ समाज हित में भी काम करना चाहिए। उन्होनें कहा कि नेता व उद्योगपति इस कार्य में और अधिकसहायक साबित हो सकते है। उन्होनें कहा कि देश की साठ फीसदी से अधिक जनता गावों में रहती है। जहां शिक्षा निम्न स्तर पर है।सीमा रानी ने कहा कि नारी प्रगती मंच का उद्देश्य ग्रामीण प्रतिभाओं का विकास करना है। उन्होंने कहा कि शिक्षा की कमी के चलते ग्रामीण इलाकों में रहने वाले लोग अपने बच्चों को दसवीं कक्षा से आगे पढ़ाने के बारे विचार भी नहीं करते हैं। आमतौर पर देखा गया है कि आधुनिक दौर में भी लड़कियों को उच्च शिक्षा से वंचित रखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि समाज में अनेक बुराइयां मुंह उठाएं खड़ी है। इसके पीछे भी मूल कारण अशिक्षा होना है। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों को अपनी सोच का दायरा बढ़ाना होगा तथा अपने बच्चों को अच्छे से अच्छी शिक्षा देनी होगी। तब जाकर समाज में कुछ परिवर्तन होने की संभावना बनेगी।

# फरीदाबादः अग्निवीर को लेकर पुलिस की सतर्कता व चौकसी के चलते माहौल शांतिपूर्ण

फरीदाबाद : प्रात : किरण संवाददाता



● फरीदाबाद के विभिन्न एरिया में भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा जिन्होंने बहुत अच्छे से अपने कर्तव्यों का निर्वाहन किया

अग्नीपथ के विरोध में आज अग्निवीर को लेकर किसानों के द्वारा किए गए आव्हान के दौरान फरीदाबाद पुलिस की सतर्कता और चौकसी के चलते फरीदाबाद का माहौल शांतिपूर्ण रहा और शहर में किसी भी प्रकार का उपद्रव नहीं हुआ। फरीदाबाद में शांति व्यवस्था पूरी तरह से कायम रही। आज फरीदाबाद के विभिन्न एरिया में भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा जिन्होंने बहुत अच्छे से अपने कर्तव्यों का निर्वाहन किया।

पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा ने अग्निवीर को लेकर किसानों के द्वारा किए गए आव्हान के दौरान उपद्रव करने वालों पर सतर्कता से निगरानी रखने की दिशा निर्देश दिए थे जिसके तहत किसी भी प्रकार से शहर में शांति व्यवस्था को भंग करने वाले के खिलाफ कानून के तहत सख्त कार्रवाई करने की चेतावनी दी गई थी। भारत बंद के चलते शहर में कानून तथा शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए फरीदाबाद पुलिस द्वारा सामान्य नाकों के इलावा भीड़भाड़ वाले 13 अन्य स्थानों पर पुलिस नाके लगाए गए थे। दिल्ली फरीदाबाद बॉर्डर, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, मेट्रो स्टेशन इत्यादि स्थानों पर पुलिस द्वारा कड़ी नाकेबंदी की गई थी और आने जाने वाले संदिग्ध प्रकार के व्यक्तियों पर निगरानी रखी जा रही थी जिसके परिणामस्वरूप फरीदाबाद में किसी भी प्रकार का उपद्रव नहीं हुआ और शांति व्यवस्था पूरी तरह कायम रही। पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा ने पुलिसकर्मियों द्वारा दी जा रही मुस्तैद ड्यूटी के लिए उनकी हौसला अफजाई करते हुए नागरिकों की सुरक्षा में इसी प्रकार ईमानदारी से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते रहने के लिए प्रोत्साहित किया।

## संक्षिप्त खबरें

### नेचुरोपैथी व आंखों का फ्री चेकअप कैंप का आयोजन किया जाएगा: रमेश यादव

नई दिल्ली पश्चिम। भारत मंथन ऑल इंडिया वेलफेयर एसोसिएशन के प्रधान विक्रमजीत सिंह एवं बी हेल्दी एंड एक्टिव नेचुरोपैथी व लकवा बीमारी की स्पेशलिस्ट चिकित्सक अनिता कुमारी द्वारा एक बैठक का आयोजन किया इस बैठक में निर्णय लिया की आज की बढ़ती हुई बीमारियों को देखते हुए निशुल्क कैंप लगवाने का निर्णय लिया। यह निःशुल्क कैंप गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा 5 ब्लॉक विष्णु गार्डन में गुरुद्वारा साहब के प्रधान सरदार जसमेर सिंह के सहयोग व अन्य सहयोगियों द्वारा दिनांक 26 जून 2022 दिन रविवार सुबह 10:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक लगेगा! बीमारी (लकवा) की स्पेशलिस्ट चिकित्सक अनिता कुमारी व सहयोगियों द्वारा नेचुरोपैथी तरीके से रोगियों का इलाज किया जाएगा। इस निःशुल्क कैंप में कंप्यूटराइज्ड आंखों की जांच की व्यवस्था, उच्च स्तरीय डॉक्टरों द्वारा की जाएगी इस कैंप में निरवैर सोशल वेलफेयर सोसाइटी द्वारा भी रोगियों की सेवा की जाएगी। यह विशेष जानकारी भारत मंथन ऑल इंडिया वेलफेयर एसोसिएशन के डिप्टी चेयरमैन एवं समाजसेवी रमेश यादव ने दी।

### दिल्लीवासी मेट्रो अधिक सुलभ होने पर परिवहन के लिए इसे प्राथमिकता देंगे : अध्ययन

नई दिल्ली। दिल्ली में भारी जाम और पर्यावरण में आ रही गिरावट के मद्देनजर अनुसंधानकताओं ने अति सुलभ वहनीय बहुमॉडल परिवहन प्रणाली (एमएमटीएस) की आवश्यकता पर जोर दिया है। उनका कहना है कि मेट्रो नेटवर्क अधिक सुगम्य होने पर लोग परिवहन के लिए इसे मुख्य साधन के तौर पर इस्तेमाल करना पसंद करेंगे। अनुसंधानकताओं ने जीआईएस ऐंड ग्रैविटी मॉडल बेस्ड ऐक्सेसिबिलिटी मेजर फॉर दिल्ली मेट्रो शीर्षक से अध्ययन किया जिसे हाल में एक विदेशी जर्नल में प्रकाशित किया गया है। इसमें यह भी दावा किया गया है कि दिल्ली मेट्रो के चौथे चरण का निर्माण पूरा होने पर विभिन्न इलाकों और मेट्रो स्टेशनों के बीच सफर करने के औसत समय में भी कमी आएगी। अनुसंधानकताओं ने तीन अलग-अलग स्तर पर अध्ययन किया जिनमें सुगम्यता, सुगम्यता की नीति और एमएमटीएस के साथ सुगम्यता के संबंध को आंका गया। एमएमटीएस दो या उससे अधिक परिवहन के साधनों के समन्वित इस्तेमाल की संभावना का शहरी इलाकों में सुरक्षित, तेज गति से और अधिक सुविधा के साथ यात्रा करने के लिए पता लगाता है।

### सड़क पार कर रहे अधेड़ को वाहन ने कुचला

नई दिल्ली। उत्तर पूर्वी दिल्ली के सोनिया विहार में एक अज्ञात वाहन ने सड़क पार कर रहे अधेड़ को कुचल दिया। घायल 50 वर्षीय जमशेद को नजदीक के अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। मृतक जमशेद परिवार के साथ चौहान पट्टी में रहते थे। बुधवार देर रात वह घर लौट रहे थे। सोनिया विहार पुश्ते पर उतरने के बाद सड़क पार कर रहे थे। तभी लोनी की तरफ से तेज रफ्तार वाहन आया और उन्हें कुचल दिया। वाहन चालक मौके से फरार हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और उन्हें ट्रामा सेंटर लेकर गई, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

# शॉपिंग फेस्टिवल के आयोजन को लेकर तैयारियां की तेज

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



**जानकारी**

- मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सामने पर्यटन विभाग ने शॉपिंग फेस्टिवल का खाका पेश किया

केजरीवाल सरकार ने शॉपिंग फेस्टिवल के आयोजन को लेकर तैयारियां तेज कर दी हैं। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शॉपिंग फेस्टिवल को लेकर उच्चस्तरीय बैठक की है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सामने शॉपिंग फेस्टिवल का पर्यटन विभाग ने खाका पेश किया।

इसके बाद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने निर्देश दिया कि शॉपिंग फेस्टिवल की तैयारियों में किसी भी प्रकार की कमी ना रहे। शॉपिंग फेस्टिवल का आयोजन विश्व स्तरीय होना चाहिए। वहीं केजरीवाल सरकार की ओर से शॉपिंग फेस्टिवल के जरिए खरीदारी के साथ डिस्काउंट को भी प्रोत्साहित किया जाएगा, जिसका उपभोक्ताओं को लाभ मिलेगा। शॉपिंग फेस्टिवल में लाखों लोगों के शामिल होने की उम्मीद, दिल्ली के व्यापारियों को इससे भारी मुनाफा होगा और हजारों लोगों को रोजगार मिलेगा। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शॉपिंग फेस्टिवल को लेकर आज उच्चस्तरीय बैठक की है। उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और डीडीसी उपाध्यक्ष जैस्मीन शाह भी बैठक में मौजूद रहे। केजरीवाल सरकार के रोजगार बजट की शॉपिंग फेस्टिवल एक महत्वपूर्ण पहल है। दिल्ली में बड़े स्तर पर शॉपिंग फेस्टिवल के आयोजन की तैयारी है। शॉपिंग फेस्टिवल को विश्वस्तरीय बनाने के लिए टूरिज्म विभाग की तरफ से आज मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सामने प्रेजेंटेशन रखी। जिसमें पूरे शॉपिंग फेस्टिवल का खाका पेश किया। इसके अलावा दिल्ली के विभिन्न बाजार और व्यापारिक संगठनों की तरफ से मिले फीडबैक मुख्यमंत्री के सामने रखे गए। इसके बाद इस पहल को कैसे साकार किया जाए, इस पर चर्चा हुई। साथ ही दूसरे देशों में आयोजित होने वाले शॉपिंग फेस्टिवल के ऊपर भी चर्चा की गई। केजरीवाल सरकार की योजना है कि शॉपिंग फेस्टिवल के जरिए खरीदारी के साथ डिस्काउंट को भी प्रोत्साहित किया जाए, जिससे उपभोक्ताओं को भी लाभ मिले। बैठक में तय हुआ कि शॉपिंग फेस्टिवल का आयोजन चार क्षेत्रों में ध्यान में रखकर किया जाएगा। शॉपिंग फेस्टिवल में शॉपिंग डिस्काउंट और पुरस्कार के साथ कला और संस्कृति, फूड एंड क्यूलिनेरी और मनोरंजन को प्रोत्साहित किया जाएगा। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने जोर दिया कि शॉपिंग फेस्टिवल में दिल्ली के फील और अनुभव को फोकस में रखें, ताकि देश और दुनिया के अधिक से अधिक लोगों को आकर्षित किया जा सके। केजरीवाल सरकार शॉपिंग फेस्टिवल के साथ परिवहन, होटल-रेस्टोरेंट को भी जोड़ेगी। पूरे हॉस्पिटैलिटी, ट्रेवल इंडस्ट्री को साथ लाने की योजना है, ताकि इस फेस्टिवल को बेहतर बनाया जा सके। इससे दिल्ली के व्यापारियों को भारी मुनाफा होगा। हजारों लोगों को रोजगार मिलेगा और दिल्ली सरकार का राजस्व बढ़ेगा। दिल्ली शॉपिंग फेस्टिवल केजरीवाल सरकार ने बाजारों में फिर से रौनक लाने के उद्देश्य से कवायद तेज कर दी है। केजरीवाल सरकार ने अब राजस्व बढ़ोतरी के लिए राष्ट्रीय राजधानी में दल्लिी शॉपिंग फेस्टिवल आयोजति करने की तैयारी में है।

## ऑपरेटिव हाउसिंग फाइनेंस कॉरपोरेशन से दो साल में 7.26 करोड़ रुपये कमाया

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

**सौंपा**

- डीएचसीएफसी के अध्यक्ष ने सीएम अरविंद केजरीवाल को सौंपा चैक

दिल्ली को-ऑपरेटिव हाउसिंग फाइनेंस कॉरपोरेशन से दिल्ली सरकार ने पिछले दो साल में 7.26 करोड़ रुपये कमाया है। डीएचसीएफसी के अध्यक्ष ने आज मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को इस लाभ का चेक सौंपा। केजरीवाल सरकार ने अब तक डीएचसीएफसी में 30 करोड़ रुपये के निवेश का किया था। जिसके एवज में अब तक 100 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई की है, जो कि सरकार द्वारा निवेश की गई राशि का तीन गुना है।

दिल्ली सहकारी आवास वित्त निगम ने आज मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को वर्ष 2019-20 और 2020-21 के लिए दिल्ली सरकार के निवेश के एवज में डिवीडेंड के रूप में 7.26 करोड़ रुपये के चैक सौंपा। चैक डीसीएचएफसी के अध्यक्ष राजेश गोयल और प्रबंध निदेशक आर एलिस वाज और निगम के निदेशकों की मौजूदगी में दिया गया। दिल्ली सरकार ने निगम की 96.86 प्रतिशत शेयर के लिए डीसीएचएफसी में 30.26 करोड़ रुपये का निवेश किया। अब तक, सरकार को निगम से डिवीडेंड के रूप में 100 करोड़ रुपये से अधिक कमाई हुई हैं, जो सरकार द्वारा निवेश की गई राशि का तीन गुना है। निगम द्वारा पिछले दो वित्तीय वर्षों से 7.26 करोड़ रुपये का डिवीडेंड दिया है। सरकार को 2019-20 और 2020-21 के लिए 3.63 और 3.63 करोड़ रुपये मिला है। डीएचसीएफसी प्रत्येक निवेशक को वार्षिक आधार पर निवेश की गई राशि के 12 फीसदी पर लाभ का भुगतान करता है। दिल्ली सहकारी आवास वित्त निगम दिल्ली में आवास सहकारी समितियों को वित्त प्रदान करने के उद्देश्य से गठित एक शीर्ष निकाय है। दिल्ली में विभिन्न आवास सहकारी समितियां डीसीएचएफसी के सदस्य हैं। यह अपने सदस्य सहकारी समितियों और व्यक्तियों को किफायती ब्याज दरों पर आवास ऋण प्रदान करता है। अब तक 600 करोड़ रुपये से अधिक राशि का वितरण किया जा चुका है। निगम ने कोविड 19 महामारी के दौरान भी सहयोग दिया था और मुख्यमंत्री राहत कोष में 1 करोड़ रुपये की राशि प्रदान की थी।

## मोबाइल टावरों के पुर्जे चोरी करने के आरोप में दो लोग गिरफ्तार: पुलिस

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

दिल्ली में मोबाइल टावरों के पुर्जे चोरी करने के आरोप में एक दूरसंचार कंपनी के पूर्व कर्मचारी समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आरोपियों की पहचान दीपक (23) और धनपाल (22) के रूप में हुई है जो बुराड़ी के संत नगर निवासी हैं।

पुलिस ने कहा कि दीपक एक दूरसंचार कंपनी का पूर्व कर्मचारी है जबकि धनपाल उसका पड़ोसी और स्कूल का दोस्त है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि अरुणा नगर में एक घर की छत पर लगे मोबाइल टावर से ह्यबेस बैंडह्न चोरी होने के मामले में 14 जून को सिविल लाइंस थाना में मामला दर्ज किया गया था। पुलिस उपायुक्त (उत्तर) सागर सिंह कलसी ने कहा कि पुलिस ने इलाके से प्राप्त सीसीटीवी फुटेज और गुप्त सूचना के आधार पर आरोपियों की पहचान की और उन्हें गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक, दीपक 2017 में टेलीकॉम कंपनी में कार्यरत था और वह मोबाइल टावरों की मरम्मत का काम करता था। तीन महीने पहले एक दुर्घटना के बाद उनकी नौकरी छूट गई थी। पुलिस ने कहा कि वह एक मोबाइल टावर से गिर गया था और इस घटना के बाद कंपनी ने उसे नौकरी से हटा दिया। पुलिस ने कहा कि दीपक के पिता का भी काम के दौरान एक्सीडेंट हो गया था और वह काम करने की स्थिति में नहीं थे।

उन्होंने कहा कि दीपक ने मोबाइल टावरों से प्लेट चोरी करने की योजना बनाई क्योंकि वह एक ऐसी जगह के बारे में जानता था जहां चोरी की गई इन प्लेटों को बेचा जा सकता था। दीपक अपने सहयोगी के साथ उन जगहों की टोह लेता था, जहां मोबाइल टावर लगाए गए थे। पुलिस ने कहा कि घर के मालिक को यह बताने के बाद कि उन्हें कंपनी ने रखरखाव और मरम्मत के लिए भेजा है, वे टावर तक पहुंच जाते थे और एक बार में चार प्लेट चुरा लेते थे। इन प्लेटों की कीमत करीब तीन लाख रुपये है और आरोपी इन्हें करीब 30,000 रुपये में बेचते थे।

### डीयू का सर्कुलर, ईडब्ल्यूएस को 10 फीसदी अतिरिक्त सीटें दें कॉलेज

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय में जल्द ही नए तरीके से ईडब्ल्यूएस आरक्षण लागू किया जाएगा। 10 फीसदी ईडब्ल्यूएस लागू करने के लिए दिल्ली विश्वविद्यालय के सहायक कुलसचिव (कॉलेजिज) ने विश्वविद्यालय से सम्बद्ध सभी कॉलेजों के प्राचार्यो तथा संस्थान के निदेशकों को एक सर्कुलर जारी किया है। यह सर्कुलर दिल्ली विश्वविद्यालय के कॉलेजों व संस्थानों में 10 फीसदी आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों (ईडब्ल्यूएस) के शैक्षिक व गैर-शैक्षिक पदों को भरने के संदर्भ में है। ईडब्ल्यूएस आरक्षण लागू करने के लिए 10 फीसदी अतिरिक्त पदों की आवश्यकता के विषय में शुक्रवार 24 जून तक कॉलेजों को जानकारी देने को कहा है ताकि शैक्षिक व गैर-शैक्षिक कर्मचारियों के कार्य के दबाव को कम किया जा सके। इस संदर्भ में उन्होंने विश्वविद्यालय द्वारा समय-समय पर जारी दिशा निर्देशों का अनुपालन करते हुए इन 10 फीसदी अतिरिक्त पदों को भरे जाने का हवाला दिया है। विश्वविद्यालय के कॉलेजों में ईडब्ल्यूएस की अतिरिक्त सीटों के बढ़ने से सामान्य वर्गों के उन एडहॉक टीचर्स को राहत मिलेगी जिनकी सीटें ईडब्ल्यूएस में चली गई थीं।

## दिल्ली विस की विशेषाधिकार समिति ने जांच की लेकिन एलजी कार्यालय ने इस बात को छिपाने की कोशिश की: सौरभ भारद्वाज

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



**जानकारी**

- उपराज्यपाल कार्यालय ने चार एसडीएम और अफसर सस्पेंड करने का पूरा कारण मीडिया को नहीं बताया, विधानसभा में मैंने प्रश्नकाल में जमीन घोटाले का मुद्दा उठाया: सौरभ भारद्वाज

दिल्ली विधानसभा की विशेषाधिकार समिति ने उपराज्यपाल के चार एसडीएम सस्पेंड करने का सच बताया है। सरकारी जमीन को एसडीएम ने गैर कानूनी तरीके से निजी लोगों को बेचा, जिसका खुलासा सौरभ भारद्वाज ने किया था।

विधानसभा की विशेषाधिकार समिति ने सौरभ भारद्वाज की अध्यक्षता में जांच की। इसके अलावा भ्रष्टाचारियों को बचाने और तथ्य छुपाने पर डिविजनल कमिश्नर संजीव खिरवार को नोटिस दिए। दिल्ली विधानसभा की विशेषाधिकार समिति के अध्यक्ष और आम आदमी पार्टी के मुख्य प्रवक्ता सौरभ भारद्वाज ने बताया कि दिल्ली विधानसभा की विशेषाधिकार समिति ने जांच की लेकिन एलजी कार्यालय ने इस बात को छिपाने की कोशिश की। उपराज्यपाल कार्यालय ने चार एसडीएम और अफसर सस्पेंड करने का पूरा कारण मीडिया को नहीं बताया। विधानसभा में मैंने प्रश्नकाल में जमीन घोटाले को उठाया था। मुख्यमंत्री कार्यालय के डिप्टी सेक्रेटरी के भ्रष्टाचार का मामला अभी का नहीं है बल्कि एसडीएम रहते हुए जमीन गलत तराके से निजी लोगों के नाम करने का है। उन्होंने कहा कि एलजी कार्यालय भ्रामक सूचना देने से बचे। एलजी कार्यलय के अंदर अधिकारी या तो एलजी को गुमराह कर रहे हैं या फि र वो खुद गुमराह हो रहे हैं। दिल्ली विधानसभा की विशेषाधिकार समिति के अध्यक्ष और विधायक सौरभ भारद्वाज ने आज महत्वपूर्ण प्रेस वार्ता को संबोधित किया। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि मीडिया में खबर दी जा रही है कि दिल्ली के अंदर उपराज्यपाल ने कई अधिकारियों के ऊपर भ्रष्टाचार की शिकायतों को लेकर कार्रवाई की है। जिसमें कहा जा रहा है कि मुख्यमंत्री कार्यालय के डिप्टी सेक्रेटरी को भी सस्पेंड किया है। क्योंकि मैं दिल्ली विधानसभा की प्रिविलेज कमेटी का चेयरमैन हूं। जनवरी में विधानसभा सत्र के दौरान रेवेन्यू डिपार्टमेंट से संबंधित एक सवाल लगाया था, जिसका जबाब रेवेन्यू डिपार्टमेंट ने नहीं दिया था। 3 जनवरी 2022 को तारांकित प्रश्न संख्या चार के जरिए पूछा गया कि क्या यह सत्य है कि उत्तरी जिला के अंतर्गत झंगोला गांव में बहुत सी मुस्लिम कस्टोडीयन संपत्तियां थी जिन्हें गौर कानूनी तरीके से निजी लोगों को दे दिया गया। इसके सम्बंधित मैंने पांच और प्रश्न पूछे थे। उसमें मैंने पूछा थे कि क्या उतरी दिल्ली में झंगोला गांव में सैकड़ों करोड़ की सरकारी जमीनों को प्राइवेट लोगों को गलत तरीके से दिया गया है।

तीन जनवरी को इस सवाल का जवाब विभाग ने नहीं दिया था। इसके बाद सदन में विरोध प्रकट किया गया था। इस पर सभापति ने सारे प्रश्न विशेषाधिकार कमेटी को दिए और जनवरी से लेकर अब तक कमेटी जांच कर रही थी। उस मामले में दिल्ली विधानसभा की कमेटी ने डिविजनल कमिश्नर संजीव खिरवार सहित अन्य अधिकारियों को बुलाया। उसमें पता चला कि कई लोग जो विभाजन के समय में भारत छोड़कर पाकिस्तान चले गए थे, उनकी संपत्ति भारत में रह गए उसको एवेक्युई संपत्ति कहते हैं और सरकार की कस्टडी में जमीन थी।

### बस लेन नियम तोड़ने में निजी वाहन चालक आगे

**नई दिल्ली।** दिल्ली की सड़कों पर बस लेन ड्राइव से जुड़े नियम तोड़ने में निजी वाहन चालक आगे हैं। आंकड़ों से पता चलता है कि डीटीसी और क्लस्टर बस चालक तो नियमों का पालन कर रहे हैं, लेकिन निजी बस ऑपरेटर के चालक और अन्य निजी वाहन चालक खूब नियम तोड़ रहे हैं। खासकर रिंग रोड के बाद बस लेन पर निजी वाहन पार्क किए जा रहे हैं या फिर निजी वाहन बस लेन घेरकर चल रहे हैं। अभी तक करीब 35 हजार चालान काटे जा चुके हैं, जिनमें साढ़े 32 हजार से अधिक चालान निजी वाहनों के हुए हैं, जो कुल चालान का 96 फीसदी है। इस दौरान बड़ी संख्या में वाहनों को क्रेन के जरिए उठाया गया है। परिवहन विभाग और दिल्ली पुलिस ने एक अप्रैल से राजधानी की सड़कों पर बस लेन ड्राइविंग अभियान की शुरूआत की थी। इसमें दिल्ली की 474 किलोमीटर लंबी 46 सड़कों पर फुटपाथ किनारे की लेन को बस लेन घोषित किया था। इसमें प्रावधान किया गया था कि बसे और हल्के व्यावसायिक वाहन अनिवार्य रूप से बस लेन में चलेंगे।

## दिल्ली सरकार को पूर्व भारतीय खिलाड़ियों और कोचों पर भरोसा नहीं: चौ. अनिल कुमार

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चौ0 अनिल कुमार ने कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल भविष्य के लिए घोषणाऐं करके दिल्लीवासियों के लिए बनी योजनाओं को पीछे छोड़ दिन प्रतिदिन दिल्लीवासियों को गुमराह करके लगातार झूठ बोल रहे है, खिलाड़ियों के प्रोत्साहन हेतू मिशन एक्सीलेंस स्कीम केजरीवाल की अगली गुमराह करने वाली योजना है।

क्या केजरीवाल सरकार के पास भविष्य में खिलाड़ियों को निष्पक्षता के साथ आगे बढ़ने के लिए कोई योजना है? जबकि उन्हांने यह कहकर खिलाड़ियों का अपमान किया है कि 130 करोड़ की जनसंख्या वाले देश में सिर्फ चंद मेडल ही अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मिल पाते है। चौ0 अनिल कुमार ने मिशन एक्सीलेंस स्कीम के तहत केजरीवाल द्वारा सिर्फ 60 खिलाड़ियों को आवेदन के बाद आर्थिक मदद के लिए 9.5 करोड़ रुपये के चेक बांटने पर कहा कि केजरीवाल का यह दावा कि किसी भी प्रतिभाशाली खिलाड़ी को तैयारी के लिए भविष्य में अब आर्थिक संकट नही होने देंगे। क्या केजरीवाल सरकार द्वारा खिलाड़ियों को दी गई आर्थिक मदद से एक खिलाड़ी अंतराष्ट्रीय स्तर की तैयारी कर सकता है। उन्होंने कहा कि केजरीवाल सरकार को कमेटी द्वारा चयनित खिलाड़ियों की आर्थिक मदद करने की बजाय उन्हें राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर तैयार करने की पूरी जिम्मेदारी उठानी चाहिए। चौ0 अनिल कुमार ने कहा कि केजरीवाल सिर्फ सपने दिखाने का काम करते है। चौ0 अनिल कुमार ने कहा कि केजरीवाल सरकार का दावा कि उन्होंने खेल समर्पित छात्रों के लिए दिल्ली स्पोटर्स यूनिवर्सिटी बनाई है, जिसमें खिलाड़ियों को खेल के साथ-साथ स्नातक स्तर की पढ़ाई भी विशेष खेल के साथ कराई जाएगी। क्या केजरीवाल सरकार ने फीजिकल एजुकेशन से स्नातक छात्रों को पिछले 8 वर्षों में दिल्ली सरकार के स्कूलों में नौकरी देने के लिए कोई विशेष योजना बनाई है।

उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार द्वारा दिल्ली स्पोटर्स यूनिवर्सिटी का यूनिवर्सिटी ऑफ ईस्ट लंदन के साथ एग्रीमेंट करना केजरीवाल सरकार की नाकामयबी उजागर होती है कि उन्हें अपनी प्रशासनिक व्यवस्था के साथ-साथ पूर्व भारतीय खिलाड़ियों और कोचों पर भरोसा नही हैं। चौ0 अनिल कुमार ने कहा कि केजरीवाल ने अपने बयान में खिलाड़ियां की कामयाबी में तीन कमियों गरीबी, सुविधाओं की कमी और राजनीतिक दवाब को गिनाया है। पिछले 8 वर्षों में लाखां गरीब छात्रों अपना रिजल्ट सुधारने के नाम पर स्कूल से निकाल दिया है।

**भारतीय रेल**
भारत सरकार
रेल मंत्रालय
(रेलवे बोर्ड)
रेल भवन, रायसीना रोड, नई दिल्ली – 110001
निविदा दस्तावेज डब्ल्यूटीए–527 के लिए शुद्धि पत्र सं. 3
सं. 2022/आरएस (डब्ल्यूटीए)–149/टेंडर/527 नई दिल्ली, दिनांक 23.06.2022
विषय : "सरकारी विनिर्माण इकाइयों और ट्रेनसेट डिपुओं के अपग्रेडेशन सहित 200 अदद् वंदे भारत ट्रेनसेटों के विनिर्माण–सह–अनुरक्षण" के लिए दिनांक 31.08.2022 को खोली जाने वाली निविदा सं. डब्ल्यूटीए–527.
विषयगत निविदा के कुछ निबंधन और शर्तें आशोधित की गई हैं। भावी बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे अधिक ब्यौरों के लिए https://ireps.gov.in वेबसाइट देखें।
कार्यपालक निदेशक, रेल भंडार (आरएस)
रेल मंत्रालय
(रेलवे बोर्ड)
रेल भवन, रायसीना रोड,
नई दिल्ली–110 001
आज़ादी का अमृत महोत्सव 1559/2022 ई–मेल – drsm@rb.railnet.gov.in
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**
इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई–प्रणाली के अंतर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण
टेंडर नोटिस सं. Inj. Medicines दिनांक 24.06.2022
भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य सामग्री प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली–110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिये ई–निविदा आमंत्रित की जाती है :–

| क्र. सं. | निविदा सं. | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 82221055A | सैकुबिट्रिल 49 मिलीग्राम और वाल्सार्टन 51 मिलिग्राम | 107000 Nos. | 20.07.2022 |
| 2 | 82221216A | एम्पाग्लिफ्लोज़िन 25 मिलीग्राम टैबलेट | 176700 Nos. | 19.07.2022 |
| 3 | 82221208B | एम्पाग्लिफ्लोज़िन 10 मिलीग्राम टैबलेट | 153000 Nos. | 18.07.2022 |

निविदा शर्तें–1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानि www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।
1556/22
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**
शुद्धिपत्र नंबर-1
संदर्भ:-196-एस/71/2021-22/निविदा सूचना/टीएसओ-III/SEJ. का संयोजन दिनांक 02.06.2022 (RO No.1331/22)

| S.N. | टेंडर नं. | संक्षिप्त विवरण | वर्तमान खण्ड | संशोधित खण्ड |
|---|---|---|---|---|
| 1 | TS225122 | आरडीएसओ ड्रग को एसईजे 60 किग्रा / 52 किग्रा के संयोजन का निर्माण/निर्माण और आपूर्ति। नंबर T-6782 Alt.2 के साथ IRS-T-10-2000 सुधार संख्या 01 दिसंबर 2016 के अनुरूप। (निविदा खोलने की तारीख से एक महीने पहले तक आरडीएसओ द्वारा जारी ड्राइंग और विशिष्टता पर Alt इस निविदा में लागू होगा | निविदा दस्तावेज के 43 में से 36 के पट संख्या 36 पर अनुबंध की विशेष शर्तों का खंड संख्या 9.0 | निविदा दस्तावेज के 43 में से 36 के पट संख्या 36 पर अनुबंध की विशेष शर्तों का खंड संख्या 9.0 |
| | | | रेल की मूल दर: रु. 80334.80 | निविदा दस्तावेज के 43 के पैट संख्या 36 पर अनुबंध की विशेष शर्तों के खंड संख्या 9.0 में उल्लिखित रेल घटक की मूल दर रुपये के स्थान पर 67,500/- (साठ सात हजार पांच सौ रुपये केवल) के रूप में पढ़ी जाएगी I.80334.80 I |
| 2 | निविदा जमा करने का समय 04.07.2022 को 14.30 बजे तक पुनर्निर्धारित किया गया है। | | | |

बाकी की शर्तें यथावत रहेंगी। टिप्पणी:- उपरोक्त ई-प्रोक्योरमेंट टेंडर की पूरी जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। "और" www.nr.indianrailways.gov.in
सं. 196-एस/71/2021-2022/निविदा सूचना/टीएसओ-III/SEJ. का संयोजन
दिनांक: 22.06.2022 1549/22
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**कार्यक्रम** 1 जुलाई से 3 जुलाई 2022 के बीच त्यागराज स्टेडियम में आयोजित करने का निर्णय लिया गया : गोपाल राय

# सिंगल यूज प्लास्टिक के विकल्पों को बढ़ावा देने के लिए 3 दिवसीय मेले का होगा आयोजन

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



**बैठक**

- मंत्री गोपाल राय की अध्यक्षता में समर एक्शन प्लान के 14 बिन्दुओ की एक्शन रिपोर्ट को लेकर विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की गई

दिल्ली सचिवालय में पर्यावरण मंत्री गोपाल राय की अध्यक्षता में समर एक्शन प्लान को लेकर विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की गई।

इस बैठक में पर्यावरण विभाग, डीपीसीसी डीएसआईआईडीसी, एमसीडी, शिक्षा विभाग , दिल्ली पुलिस, डीटीसी, आई एंड एफसी, पीडब्लूडी, डीसीबी आदि विभागों के अधिकारी शामिल रहे। बैठक के दौरान पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ समर एक्शन प्लान के 14 बिन्दुओ पर चर्चा की। बैठक के बाद सिंगल यूज प्लास्टिक के अन्य विकल्पों को बढ़ावा देने के लिए 3 दिवसीय मेला 1 जुलाई से 3 जुलाई के बीच त्यागराज स्टेडियम में आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। सिंगल यूज प्लास्टिक के अन्य विकल्पों को बढ़ावा देने के लिए, त्यागराज स्टेडियम में 3 दिवसीय मेले का होगा आयोजन। पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने बताया की दिल्ली में बढ़ रहे प्रदूषण के खिलाफ सरकार निरंतर कार्य कर रही है। प्रदूषण को बढ़ावा देने में सिंगल यूज प्लास्टिक भी एक एहम भूमिका निभाता रहा हैं। ऐसे में सिंगल यूज प्लास्टिक वस्तुओं के उपयोग को रोकने के लिए जागरुकता अभियान जरूरी है। इसी दिशा में आगे बढ़ते हुए सरकार ने यह निर्णय लिया हैं कि 1 जुलाई से लेकर 3 जुलाई तक त्यागराज स्टेडियम में सिंगल यूज प्लास्टिक के अन्य विकल्पों को बढ़ावा देने के लिए 3 दिवसीय मेले का आयोजन किया जाएगा। इस मेले में सिंगल यूज प्लास्टिक के अन्य विकल्पों से सम्बन्धी उत्पाद बनाने वाली कंपनियों, स्टार्ट अप्स और संस्थाए भाग लेंगी और अपने उत्पादकों को एक मंच से लोगो के बीच साझा कर पाएंगे। इस मेले में सिंगल यूज प्लास्टिक के अन्य विकल्प जैसे मिट्टी के बर्तन, कपड़े, पेपर और जूट से बने बैग्स, बायो डिग्रेडेबल चीजो से बनी क्राकरी को प्रदर्शित किया जाएगा। साथ ही रीसाइकल्ड प्लास्टिक से बनी चीजे जैसे ट्रेज, फूलदान, स्टैंड, फोटो फ्रेम्स आदि, कंपोस्टेबल उत्पाद, कंपोस्टेबल खाद्य पैकेजिंग सामग्री, घरेलू सजावट का सामान भी इस प्रदर्शनी में शामिल रहेंगे। उन्होंने सभी से अपील करते हुए कहा की सिंगल यूज प्लास्टिक के अन्य विकल्प का उत्पादन करने वाले स्टार्ट-अप्स/उद्यमियों को प्रोत्साहित करने और बढ़ावा देने के लिए सरकार के साथ अपना हाथ मिलाएं और नागरिकों को दिल्ली को प्लास्टिक मुक्त शहर बनाने के लिए एसयूपीएस के विकल्पों का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित करें। पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने बताया कि दिल्ली के अंदर प्रदूषण एक बड़ी चुनौती के रूप में हर समय मौजूद रहता है। आम आदमी पार्टी की सरकार बनने के बाद सीएम अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में दिल्ली के प्रदूषण स्तर को कम करने के लिए लगातार काम किए हैं।

### साहित्य अकादमी ने अनुवाद पुरस्कार की घोषणा की

**नई दिल्ली।** साहित्य अकादमी के अध्यक्ष डॉ. चंद्रशेखर कंबार की अध्यक्षता में शुक्रवार को आयोजित अकादमी के कार्यकारी मंडल की बैठक में साहित्य अकादमी अनुवाद पुरस्कार 2021 के लिए 22 पुस्तकों के चयन को अनुमोदित किया गया। हिंदी के लिए यह पुरस्कार धरणेंद्र कुरकुरी को दिए जाने की घोषणा की गई। उन्होंने बसवराज कट्टीमनी के उपन्यास ज्वालामुखिया मेले का हिंदी अनुवाद ज्वालामुखी पर किया है। हिंदी के लिए निर्णायक मंडल में प्रो.ए अच्युतन, प्रो.गोपेश्वर सिंह और प्रो.चक्रधर त्रिपाठी थे। अनुवाद पुरस्कार के लिए पुस्तकों का चयन समितियों की अनुशंसा के आधार पर किया गया है। संबद्ध भाषाओं में पुरस्कार उक्त वर्ष से तत्काल पहले के वर्ष के पांच वर्षों में (अर्थात एक जनवरी 2015 और 31 दिसंबर 2019 के मध्य) प्रकाशित पुस्तकों पर दिए गए हैं। मैथिली और राजस्थानी भाषाओं में पुरस्कारों की घोषणा बाद में की जाएगी।

राष्ट्रीय दैनिक प्रातः किरण

राजधानी किरण

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran
www.pratahkiran.com
नई दिल्ली, शनिवार, 25 जून 2022

## संक्षिप्त खबरें

### व्यापारी व परिवहन संगठनों ने दिल्ली में भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक का विरोध किया

नई दिल्ली। व्यापारियों और परिवहन संगठनों ने माल ढुलाई करने वाले मध्यम और भारी वाहनों के नगर में प्रवेश पर रोक संबंधी दिल्ली सरकार के फैसले का विरोध करते हुए कहा कि इससे राष्ट्रीय राजधानी में कारोबार पर गहरा और प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। राष्ट्रीय राजधानी में एक अक्टूबर से 28 फरवरी तक माल ढुलाई करने वाले मध्यम और भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक के निर्णय का मकसद वाहनों से होने वाले प्रदूषण को कम करना है। हालांकि सब्जियां, फल, अनाज, दूध और अन्य जरूरी वस्तुओं की ढुलाई करने वाले वाहनों के प्रवेश पर रोक नहीं है। एक अधिकारी ने कहा कि वाहनों से होने वाले प्रदूषण से सर्दियों के मौसम में वायु गुणवत्ता बेहद खराब हो जाती है। अखिल भारतीय मोटर एवं माल ट्रान्सपोर्ट के अध्यक्ष राजेन्द्र कपूर ने इस रोक को वापस लेने की मांग की और सरकार को प्रदूषण की समस्या से निजात पाने के लिए कोई और तरीका तलाशने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा, परिवहन क्षमता (विभिन्न आवश्यक वस्तुओं की) सैकड़ों टनों में है जो केवल भारी वाहनों के जरिए ही की जा सकती है, हल्के वाहनों के जरिए नहीं। विभिन्न राज्यों से भारी मशीनें और निर्माण के काम में आने वाला सामान लाया जाता है जो हल्के मोटर वाहनों के जरिए नहीं हो सकता। अखिल भारतीय व्यापारी परिसंघ (सीएआईटी) ने इस मुद्दे पर भविष्य की रणनीति तैयार करने के वास्ते 29 जून को दिल्ली के प्रमुख कारोबारी संगठनों की एक बैठक बुलाई है। सीएआईटी के महासचिव प्रवीण खंडेलवाल ने अरविंद केजरीवाल सरकार के इस फैसले की निंदा करते हुए कहा कि इससे दिल्ली में बड़े पैमाने पर कारोबार प्रभावित होंगे।

### दिल्ली के सराय रोहिल्ला में एक व्यक्ति से 34 लाख रुपये की लूट

नई दिल्ली। उत्तरी दिल्ली के सराय रोहिल्ला इलाके में दो अज्ञात लोगों ने एक व्यक्ति से कथित तौर पर 34 लाख से अधिक रुपये लूट लिए। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पुलिस को सराय रोहिल्ला फ्लाईओवर पर बृहस्पतिवार को हुई घटना के बारे में रात 12 बजकर 50 मिनट पर सूचना मिली। पुलिस उपायुक्त (उत्तर) सागर सिंह कलसी ने बताया कि पुलिस के अनुसार विकी गुप्ता अपने नियोक्ता विजय राठौड़ की 34.17 लाख रुपये की नकदी अपनी दुकान से सब्जी मंडी ले जा रहा था। डीसीपी ने बताया कि रात करीब साढ़े नौ बजे जब वह फ्लाईओवर पर पहुंचा तो दोपहिया वाहन पर सवार दो लोगों ने उसे रोका और नकदी लूट ली। पुलिस ने बताया कि सराय रोहिल्ला थाने में भारतीय दंड संहिता की धारा 392 और 34 के तहत मामला दर्ज किया गया है और जांच शुरू कर दी गई है।

### दिल्ली पुलिस ने दो अवैध हथियार तस्करों को किया गिरफ्तार



नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने अवैध हथियार की तस्करी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। एक अधिकारी ने शुक्रवार को इस मामले की जानकारी दी। आरोपियों की पहचान उत्तर प्रदेश के लोनी निवासी फिरोज खान (24) और रिजवान (24) के रूप में हुई है। दिल्ली पुलिस डीसीपी (अपराध शाखा) विचित्र वीर ने कहा कि दिल्ली पुलिस सीमावर्ती इलाकों में लगातार कड़ी निगरानी रख रही है। 17 जून को एक खूफिया सूचना मिली थी कि एक अवैध हथियार तस्कर फिरोज भलस्वा झील के पास किसी व्यक्ति को हथियार देने आ रहा है। सूचना मिलने पर एक टीम बनाई गई और भलस्वा झील के पास निर्धारित स्थान पर तैनात किया गया। डीसीपी ने कहा, संदिग्ध फिरोज के पास से 10 राउंड के साथ .32 बोर की 2 पिस्तौल और 3 राउंड के साथ .315 बोर की तीन देशी पिस्तौल बरामद की गईं है। पुलिस ने आर्म्स एक्ट की धारा 25, 54 और 59 के तहत मामला दर्ज कर आरोपी फिरोज को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ के दौरान, आरोपी ने खुलासा किया कि उसने कुछ दिन पहले रिजवान नाम के एक शख्स को पिस्तौल दी थी। पुलिस ने आरोपी रिजवान को भी गिरफ्तार कर लिया है।

# सार्वाधिक मेडल जितना हमार सपना : केजरीवाल

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



भारत, चीन और अमेरिका से ज्यादा मेडल ला सके, इसके लिए केजरीवाल सरकार ने प्रतिभावान खिलाड़ियों की मदद के लिए हाथ बढ़ाया है। सीएम अरविंद केजरीवाल ने आज मिशन एक्सीलेंस स्कीम के तहत 60 खिलाड़ियों को करीब 4 करोड़ रुपए का चेक सौंपते हुए कहा कि हमारा सपना है कि जितने मेडल चीन और अमेरिका लेकर आते हैं, हमें उससे ज्यादा मेडल लेकर आना है। हम प्रतिभावान खिलाड़ियों को पैसे की कमी नहीं होने देंगे। हमें देश का नाम रौशन करना है। दिल्ली सरकार ने ह्यमिशन एक्सीलेंस स्कीमह्व के तहत जिन खिलाड़ियों को आर्थिक मदद दी थी, वे ओलंपिक से भारत के लिए मेडल लेकर आए। इसी के तहत आज मैंने 60 और खिलाड़ियों को चेक सौंपा। मुझे उम्मीद है कि इससे उन्हें अपनी ट्रेनिंग और डाइट में मदद मिलेगी। वो आगे बढ़ेंगे और देश को और मेडल दिलाएंगे। सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि मुझे स्पोर्ट सिस्टम में गरीब खिलाड़ियों को मदद का अभाव, खेल सुविधाओं की कमी और राजनीतिक हस्तक्षेप समेत तीन कमियां महसूस होती है। देश में यह जो कमियां हैं, हम उनको दिल्ली में दूर करने की कोशिश कर रहे हैं। हम मिशन एक्सीलेंस के तहत गरीब खिलाड़ियों की मदद कर रहे हैं। दिल्ली में जगह-जगह अंतर्राष्ट्रीय स्तर के इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार कर रहे हैं और खिलाड़ियों के चयन में राजनीतिक हस्तक्षेप खत्म कर दिया है। इस दौरान उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया भी मौजूद रहे।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि हम सब लोग जानते हैं कि एक खिलाड़ी जब पहला मेडल लेकर आता है, तो उसे पहले मेडल तक बड़ी मशक्कत करनी पड़ती है। उसको कहीं से सहारा नहीं मिलता है। घर से भी दुत्कार मिलती है। माता-पिता भी पढ़ने को बोलते हैं। कहते हैं कि खेलने से क्या होगा? कोई सरकारें भी इन खिलाड़ियों की कोई मदद नहीं करती हैं। उनको किसी किस्म का कोई स्ट्रक्चर नहीं मिलता है। हमारे देश मे जितने भी खिलाड़ी है, जिन्होंने बिना मदद के मेडल लाए, उनके संघर्ष को सलाम करता हूं। बिना किसी मदद के इतनी विपरित परिस्थितियो के अंदर वो राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपना नाम चमका पाए। एक बार जब खिलाड़ी को मेडल मिल जाता है, तो सभी लोग उसके नाम और शोहरत के साथ जुड़ना चाहते हैं। उनको कोई सरकार एक करोड़ देती है, तो कोई दो करोड़ रुपए देती है। हम लोगों ने मिशन एक्सीलेंस योजना इसीलिए शुरू किया था, ताकि जो खिलाड़ी आगे बढ़ रहा है, उसको प्रशिक्षण आदि में आर्थिक मदद पहुंचाई जा सके। एक खिलाड़ी को प्रशिक्षण, कोचिंग, डाइट समेत कई तरह की जरूरत पड़ती है।

सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि हमारे बहुत सारे खिलाड़ी हैं, जो बहुत ही प्रतिभावान हैं, लेकिन वो बहुत ही गरीब परिवार से आते हैं। उनके घर वालों के पास पैसे नहीं होते हैं। मिशन एक्सीलेंस इसीलिए शुरू किया गया था कि ऐसे खिलाड़ी जो अभी वो पहले मेडल की तैयारी कर रहे हैं या राष्ट्रीय स्तर पर एक-दो मेडल ले चुके हैं और अब अंतर्राष्ट्रीय स्तर की तैयारी कर रहे हैं, उन लोगों को हम मदद करें ताकि उनको पैसे की कमी न हो। आज मुझे बेहद खुशी हो रही है कि हम लोगों ने पहले साल में 117 ऐसे खिलाड़ियों को मदद दी थी और आज 60 ऐसे खिलाड़ियों को चेक बांटे गए हैं, जिन्होंने मिशन एक्सीलेंस के तहत आर्थिक सहायता के लिए आवेदन किया है। सब लोगों को अलग-अलग राशि दी गई है। अच्छी बात यह है कि इसके अंदर किसी भी तरह का राजनीतिक हस्तक्षेप नहीं है। चार सदस्यीय चयन समिति है, जिसमें चारों सदस्य स्पोर्ट्स मैन हैं। यह समिति तय करती है कि इस स्कीम के तहत किसको और कितनी सहायता राशि देनी है। इस स्कीम के तहत अधिकतम 16 लाख रुपए की सहायता राशि दी जा सकती है। निगरानी समिति तय करती है कि खिलाड़ियों को उनके खेल के हिसाब से कितनी सहायता राशि की जरूरत है। आज करीब 60 खिलाड़ियों को सहायता राशि के चेक दिए गए। यह कुल राशि 9 करोड़ रुपए से अधिक है।

सीएम अरविंद केजरीवाल ने सभी खिलाड़ियों को मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि अब बारी आपकी है। अब आपको मेहनत करनी है। हम आपको पैसे की कमी नहीं होने देंगे। किसी चीज की कमी नहीं होने देंगे। अब आप अपनी मेहनत में कमी न छोड़ना। आपको देश का नाम रौशन करना है। दिल्ली जरूरत नहीं है। देश जरूरती है। हमें अपने देश का नाम रौशन करना है। हम सब लोग मिलकर देश के लिए काम कर रहे हैं। 130 करोड़ लोगों का हमारा देश है। दुनिया में हमारे देश की आबादी दूसरे नंबर पर है। हमारे देश में किसी प्रकार के हुनर की कमी नहीं है। हुनरमंद बहुत लोग हैं। जब हम ट्रैफिक लाइट पर गाड़ी रोकते हैं, तो कई बार भीख मांगने वाले बच्चे आते हैं। वो बच्चे कलाबाजी भी दिखाते हैं। उससे ज्यादा फ्लैक्सीबल शरीर कहां मिलेगी? हमारे देश में हुनर तो है, लेकिन उस हुनर को परखने, उसको हिम्मत और सहायता देने का सिस्टम नहीं है।

सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि मुझे पूरे स्पोर्ट सिस्टम में तीन तरह की कमियां महसूस होती है। एक, काफी खिलाड़ी बहुत ही गरीब हैं। उनके पास पैसा नहीं है और उनकी कोई मदद नहीं करता है। उनकी इस समस्या को दूर करने के लिए हमने मिशन एक्सीलेंस शुरू किया। हम ऐसे खिलाड़ियों को पैसे की कमी नहीं होंगे। इन खिलाड़ियों के कोचिंग, डाइट आदि के लिए जो पैसा चाहिए, हमारी सरकार देगी। दूसरी, हमारे देश में स्पोर्ट्स सुविधाओं की कमी है।

## साढ़े 7 साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म के बाद हत्या, 9 साल पुराने मामले में सुप्रीम कोर्ट ने सुनाई फांसी की सजा

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



राजस्थान की एक बच्ची से दुष्कर्म और उसकी हत्या के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुनाया है। सुप्रीम कोर्ट ने दोषी दरिंदे को मौत की सजा सुनाई है। कोर्ट ने कहा कि ये अपराध क्रूर और अमानवीय था। जस्टिस एएम खानविलकर, दिनेश माहेश्वरी और सीटी रविकुमार की पीठ ने दोषी को सजा सुनाई। साथ ही अदालत ने राजस्थान हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली अपील को खारिज कर दिया। शीर्ष अदालत ने इस तथ्य पर गौर किया कि दोषी ने लालच देकर बच्ची को विश्वास में लिया और उसे बाइक पर जबरन बिठाकर ले गया। इसके बाद उसने बच्ची के साथ क्रूरता और अमानवीय रूप से दुष्कर्म किया गया था। अदालत ने कहा कि ये घटना अंतरात्मा को झकझोर देती है। विशेष रूप से जिस तरह से साढ़े सात साल की मानसिक और शारीरिक रूप से विकलांग लड़की के साथ दुष्कर्म किया गया और फिर बेरहमी से उसका कत्ल कर दिया गया। दोषी ने पीड़िता का सिर कुचला।

मनोज प्रताप ने राजस्थान हाईकोर्ट के 29 मई 2015 को दिए फैसले को चुनौती दी थी। कोर्ट ने भारतीय दंड संहिता की धारा 363, 365, 376(2)(एफ), 302 और यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम, 2012 की धारा 6 के तहत दंडनीय अपराधों में दोषी करार दिया था। ट्रायल कोर्ट ने उसे फांसी की सजा सुनाई थी। बच्ची के साथ दुष्कर्म और हत्या का ये मामला करीब 9 साल पुराना है। ये घटना राजस्थान की है। साल 2013 में शारीरिक और मानसिक रूप से विकलांग साढ़े सात साल की बच्ची का अपहरण कर लिया गया था। फिर सुनसान जगह पर बच्ची के साथ दुष्कर्म हुआ। इतना ही नहीं दरिंदे ने दुष्कर्म के बाद बच्ची की बेरहमी से हत्या कर दी थी। दोषी का नाम मनोज प्रताप सिंह है।

### छात्र योग को जीवन का अभिन्न अंग बनाएं : मनोज तिवारी

नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय के श्याम लाल कालेज में 18 दिवसीय योगाभ्यास कार्यक्रम प्राचार्य रवि नारायण कार की देखरेख में चल रहा है। 21 जून को अन्तराष्ट्रीय योग दिवस के कार्यक्रम के अवसर पर प्रो. कार ने उपस्थित शिक्षको व विद्यार्थियों को मानवता के लिए योग का परिचय करवाया। योग कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सांसद मनोज तिवारी ने विद्यार्थियों को योग को जीवन का अभिन्न अंग बनाने पर जोर दिया। इस कार्यक्रम में मां रतनी सोसाइटी की भी भागीदारी है। इस एनजीओ के अध्यक्ष डॉ. राजीव चौधरी योग को बढ़ावा देने में भरपूर योगदान देते रहे हैं।

## कौशल के नेतृत्व में मोर्चे में नवनियुक्त पदाधिकारियों का किया गया स्वागत

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

दिल्ली भाजपा पूर्वांचल मोर्चा अध्यक्ष श्री कौशल मिश्रा की अध्यक्षता में आज संगठनात्मक बैठक का आयोजन प्रदेश कार्यालय में किया गया जिसमें नवनियुक्त प्रभारी श्री विपिन बिहारी सिंह एवं सह प्रभारी श्री बृजेश कुमार राय का गुलदस्ता देकर एवं अंगवस्त्र पहनाकर अभिनंदन किया गया। इस मौके पर मोर्चा अध्यक्ष श्री कौशल मिश्रा ने संबोधित करते हुए कहा कि हम सब को समर्पित होकर भाजपा को मजबूत करना चाहिए। पूर्वांचली सदैव राष्ट्रहित व संगठन के लिए काम करता है और आगे भी करता रहेगा। प्रभारी श्री बिपिन बिहारी सिंह ने जहां हम वहां सब का नारा दिया और कहा कि पूर्वांचल के लोग जहां से खड़े होंगे वहीं अन्य लोग उसका अनुसरण करेंगे। हम एक-एक से दो नहीं बल्कि ग्यारह मिलकर बनाएंगे। उन्होंने संकल्प दिलाया कि पूर्वांचल मोर्चा को और मजबूत बनाने के लिए सभी लोग पूरी तन्मयता और लगन के साथ काम करेंगे। प्रदेश मोर्चा सह-प्रभारी श्री बृजेश कुमार राय ने अपने संबोधन में कहा कि हमें अपनी भागीदारी की बात करनी हैं तो उसी के अनुरूप हमें दोगुनी शक्ति के साथ काम करना होगा।

## भारत नागरिकों की अंतरराष्ट्रीय यात्रा को आसान और सुरशित बनाने के लिए ई-पासपोर्ट जल्द शुरू करेगा: एस जयशंकर

नई दिल्ली , प्रात : किरण संवाददाता



विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शुक्रवार को पासपोर्ट सेवा दिवस के अवसर पर एक संदेश दिया । उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार अंतरराष्ट्रीय यात्रा को ओर आसान बनाने जा रही है। जयशंकर ने बताया कि पहचान की चोरी और डेटा सुरक्षा के खिलाफ सुरक्षा को सक्षम करने के लिए भारत जल्द ही ई-पासपोर्ट शुरू करने जा रहा है। उन्होंने कहा केंद्रीय पासपोर्ट संगठन के साथ विदेश मंत्रालय इस अवसर को चिह्नित कर रहा है और भारत के नागरिकों को समय पर, विश्वसनीय, सुलभ, पारदर्शी और कुशल तरीके से पासपोर्ट और पासपोर्ट से संबंधित सेवाएं प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता को दोहरा रहा है। पासपोर्ट सेवा दिवस 2022 के अवसर पर भारत और विदेशों में हमारे सभी पासपोर्ट जारी करने वाले प्राधिकरणों के साथ जुड़कर मुझे बहुत खुशी हो रही है। विदेश मंत्री ने उल्लेख किया कि कोविड -19 महामारी के परीक्षण समय के दौरान भी पासपोर्ट सेवाएं प्रदान की गईं।

जयशंकर ने बताया, ह्यमंत्रालय इस अवसर पर दो और महामारी के आधे साल, और पिछले एक महीने में दिए गए 4.50 लाख अतिरिक्त आवेदनों के साथ, 9.0 लाख के प्रभावशाली मासिक औसत के साथ तेजी से निपटा, और देश ने इस प्रकार एक रिकार्ड स्थापित किया। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा, ह्यजब हम इस साल 24 जून को पासपोर्ट सेवा दिवस मना रहे हैं, हम नागरिक अनुभव के अगले स्तर को प्रदान करने की अपनी प्रतिबद्धता को हम जारी रखेंगे। जयशंकर ने कहा कि सरकार बीते समय में नागरिकों के लिए पासपोर्ट नियमों और प्रक्रियाओं को सरल बनाने में बहुत सफल रही है। उन्होंने कहा, पासपोर्ट वितरण पारिस्थितिकी तंत्र को और सुगम बनाने के लिए, मंत्रालय पुलिस सत्यापन में लगने वाले समय को कम करने के लिए राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों की पुलिस के साथ लगातार काम कर रहा है। एमपासपोर्ट पुलिस ऐप का उपयोग अब 22 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में 8275 पुलिस स्टेशनों को कवर करते हुए किया जाता है।

उन्होंने यह भी बताया कि कागज रहित दस्तावेजीकरण प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाने के लिए पासपोर्ट सेवा प्रणाली को डिजिलाकर सिस्टम के साथ भी एकीकृत किया गया है। एस जयशंकर ने कहा, ह्यमंत्रालय ने डाक विभाग के सहयोग से 428 डाकघर पासपोर्ट सेवा केंद्रों (पीओपीएसके) का संचालन किया ताकि हमारे नागरिकों तक उनके दरवाजे पर पहुंच सकें।

### मोदी पर झूठे आरोप लगाने वालों को कोर्ट ने दिखाया आईना : आदेश

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता ने कहा कि पिछले 20 सालों से कांग्रेस, वामपंथियों और अन्य विपक्षी दलों द्वारा देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ चलाई जा रही झूठ की दुकान आज खत्म हो गई। गुजरात दंगों में झूठे सबूत के आधार पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर जो आरोप लगाया गया था, वह आज सबके सामने उजागर हो चुका है। माननीय उच्चतम न्यायालय ने आज पूरे विपक्ष को आईना दिखाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि सत्य को ना ही कोई डरा सकता है और ना ही उसे कोई हरा सकता है। विपक्ष निचले स्तर की राजनीति करते हुए एसआईटी की टीम की जांच को झूठ कहा था जिसपर माननीय न्यायालय ने विपक्ष को फटकार लगाई है। आदेश गुप्ता ने कहा कि श्री नरेन्द्र मोदी आज देश ही नहीं बल्कि पूरे विश्व के सबसे लोकप्रिय नेता है। श्री नरेन्द्र मोदी पिछले आठ सालों से देश के पीएम रहते हुए भारत को एक नई दिशा दी है। उनके कुशल नेतृत्व में भारत लगातार विकास के मार्ग पर प्रगतिशील है। श्री नरेन्द्र मोदी ने अपने आठ सालों के कार्यकाल में देश के हर समाज के लिए कई योजनाएं दी और उन योजनाओं का लाभ भी सभी तक पहुंचाया, लेकिन विपक्ष की घटिया राजनीति सिर्फ आज ही नहीं बल्कि हर बार शर्मसार हुई है।

## उपराज्यपाल ने पुराने पेड़ों की बढ़ी और मृत शाखाओं की छंटाई का आभियान शुरू किया

नई दिल्ली , प्रात : किरण संवाददाता



दिल्ली के उपराज्यपाल श्री वी.के. सक्सेना ने आज तड़के कनॉट प्लेस में पुराने पेड़ों की बढ़ी हुई और मृत शाखाओं की वैज्ञानिक छंटाई के अभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को पूरे एनडीएमसी क्षेत्र में तीन सप्ताह के भीतर पेड़ों की छंटाई के कार्य को पूरा करने और यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि यह कार्य सुबह 4.00 बजे से सुबह 8.00 बजे के बीच किया जाए ताकि लोगों को असुविधा न हो और यातायात बाधित न हो। एनडीएमसी के अधिकारियों द्वारा विशेष एसपीपीएम मशीन की मदद से किए गए प्रूनिंग कार्यों का अवलोकन करते हुए, श्री सक्सेना ने व्यक्तिगत रूप से उनकी देखरेख की और कहा कि इस तरह के कार्य से न केवल पेड़ों को भारी तूफान और चक्रवाती हवाओं का सामना करने में मदद करते हैं, बल्कि उन्हें एक समान रूप प्रदान करने के अलावा उनके स्वास्थ्य को भी बढ़ावा मिलेगा , जो शहर की सुंदरता में और इजाफा करेगा।

कनॉट प्लेस में राहगीरों, दर्शकों और सुबह-सुबह घूमने वालों को सुखद आश्चर्य हुआ, उन्होंने कहा कि इस तरह की छंटाई की बहुत जरूरत थी क्योंकि हाल ही में आए तूफान के बाद भी पेड़ों पर फंसी शाखाएं लगातार गिर रही थीं और पैदल चलने वालों, दुकानदारों और आगंतुकों के लिए खतरा पैदा कर रही थीं। उनमें से कई ने कहा कि वे पहली बार ऐसी छंटाई होते देख रहे थे। पेड़ों की वैज्ञानिक छंटाई के महत्व पर जोर देते हुए, उपराज्यपाल ने कहा कि पेड़ों के जीवन काल को बढ़ाने के अलावा, यह पेड़ों के सौंदर्य पहलू में भी सुधार करेगा। उन्होंने आगे कहा कि पेड़ों की छंटाई से न केवल सड़कों पर उजाला होने में सुधार आएगा , बल्कि महिलाओं की सुरक्षा और बाधा मुक्त यातायात सुनिश्चित करने के लिए अंधेरे रास्ते भी खत्म होंगे। उन्होंने अधिकारियों को समय पर काम पूरा करने के लिए आवश्यक संख्या में एसपीएमएम मशीनों की खरीद करने का निर्देश दिया, यह रेखांकित करते हुए कि एनडीएमसी की अपनी मशीनें भी होनी चाहिए न कि केवल संविदात्मक आउटसोर्सिंग पर निर्भर हो। इस अवसर पर नई दिल्ली नगरपालिका परिषद के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, श्री सतीश उपाध्याय और पालिका परिषद सचिव सहित अन्य भी उपस्थित थे।

### पुरी ने दिल्ली नगर निगम के शिक्षकों को वितरित किए ई-टैबलेट्स

नई दिल्ली। श्री हरदीप सिंह पुरी ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी सिविक सेंटर में स्थित केदारनाथ साहनी सभागार में दिल्ली नगर निगम के शिक्षकों को ई-टैबलेट वितरित किए। इन ई-टैबलेट का वितरण सरकारी उपक्रम पेट्रोनेट एल.एन.जी. लिमिटेड के सी.एस.आर. कोष से किया गया। इस अवसर पर श्री रमेश बिधूड़ी सांसद दक्षिणी दिल्ली बतौर विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे एवं श्री पंकज जैन पेट्रोलियम सचिव,निगम के विशेष अधिकारी श्री अश्वनी कुमार, निगमायुक्त श्री ज्ञानेश भारती, श्री अक्षय कुमार सिंह सीएमडी पेट्रोनेट एल.एन.जी.,अतिरिक्त आयुक्त (शिक्षा) सुश्री अलका शर्मा,निदेशक शिक्षा श्री विकास त्रिपाठी सहित निगम के विद्यालयों के प्रधानाचार्य एवं शिक्षक भी उपस्थित रहे।

**जानकारी** प्रगति मैदान के पुनर्विकास कार्य की वजह से सुरंग के डिजाइन में बदलाव किया गया

## दिल्ली की पहली सुरंग सड़क का निर्माण करने वाले इंजीनियरों ने बताया कितना मुश्किल था टारगेट

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



दिल्ली की जिस प्रगति मैदान सुरंग सड़क की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जमकर तारीफ की है और सोमवार को इससे गुजरने वालों ने इसे अद्भुत अनुभव बताया है, उसका निर्माण लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के लिए बेहद चुनौतीपूर्ण था। दिल्ली की इस पहली सुरंग सड़क पर काम शुरू करने पर अभियंताओं को यह आसान लग रहा था, लेकिन जैसे-जैसे निर्माण कार्य आगे बढ़ता गया, नित नई समस्याएं खड़ी होती गई। सात रेलवे ट्रैक के नीचे से सुरंग बनाना बेहद जटिल काम था। समस्याओं के कारण ही सुरंग का डिजाइन तक बदल दिया गया। वर्ष 2018 में सुरंग सड़क का निर्माण शुरू हुआ था। काम आगे बढ़ रहा था कि मार्च 2020 में कोरोना आ गया। परियोजना पर काम कर रहे अभियंताओं को कोरोना महामारी का सामना करना पड़ा। काफी समय तक काम बंद रहा। निर्माण स्थल पर भी कोरोना का प्रभाव रहा, कई लोग बीमार पड़े। कामगार अपने गांव चले गए। उन्हें जैसे-तैसे वापस लाया गया, तो प्रदूषण के कारण निर्माण गतिविधियों पर रोक लगा दने से परियोजना पर काम रुक गया।

वर्ष 2020-21 में कई माह तक काम बंद रहा। परियोजना के बीच आने वाली विभिन्न एजेंसियों की लाइनें, जैसे- दिल्ली जल बोर्ड की पानी और सीवर लाइन, बीएसईएस की बिजली के तारों की भूमिगत लाइन को परियोजना स्थल से हटाना बड़ा काम था। सुरंग के ऊपर प्रगति मैदान के पुनर्विकास का कार्य चल रहा है। कई बार इसकी वजह से सुरंग के डिजाइन में बदलाव किया गया। प्रगति मैदान में कई इमारतें सुरंग के ऊपर बनी हैं। वर्षा से जलभराव की दिक्कत का सामना करना पड़ा। जमीन से 12 मीटर नीचे काम करना बहुत कठिन था। जमीन से भी लगातार पानी निकल रहा था। रिंग रोड, भैरों मार्ग और मथुरा रोड पर हमेशा यातायात का भारी दबाव रहता है। ऐसे में इन सड़कों पर काम करना और साथ में यातायात संचालित करना अत्यंत कठिन था। यहां काम करने के लिए सीमित समय भी मिलता था। एक दिन में मात्र चार घंटे काम करने का वक्त मिलता था। बता दें कि इस सुरंग सड़क के ऊपर से रेलवे के नई दिल्ली से कोलकाता के दो ट्रैक और नई दिल्ली से निजामुद्दीन के लिए पांच ट्रैक गुजरते हैं।

### कोरोना वैक्सीन ने भारत में बचाई 42 लाख लोगों की जान

नई दिल्ली। कोरोना महामारी के कारण दुनियाभर में करोड़ों लोगों की जान चली गई। भारत में भी कोरोना के कारण लाखों लोगों की मौत हो चुकी है। कोरोना संक्रमण से बचाव के कई देशों में टीकाकरण अभियान शुरू किया गया। इसी वैक्सीन की बदौलत करोड़ों लोगों की जान भी बची है। द लैंसेट इंफेक्शियस डिजीज जर्नल में प्रकाशित एक रिपोर्ट में दावा किया है कि भारत में ही साल 2021 में वैक्सीन के कारण 42 लाख लोगों की जान बची। साथ ही विश्व भर में वैक्सीन के कारण दो करोड़ लोगों की जान बचाई जा सकी। 185 देशों से अधिक मौतों पर आधारित अनुमानों से इसका पता चला है। ये आंकड़ें दिसंबर 2020 से दिसंबर 2021 तक लिए गए हैं। स्टडी में कहा गया कि अगर विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के टारगेट को 2021 तक पूरा कर लिया जाता तो 5,99,300 लोगों की जान बचाई जा सकती थी। डब्ल्यूएचओ ने 2021 के अंत तक प्रत्येक देश में 40 प्रतिशत आबादी को दो या दो से अधिक खुराक का टीकाकरण करने का लक्ष्य दिया था।

क्लासिफाइड

विज्ञापन के लिए संपर्क करें फोन नं. 011- 4909 4643 8130691217

**सार्वजनिक सूचना**

सभी क्षेत्रवासियों को सूचित किया जाता है कि मैत्रेप बुद्ध विहार कोण्डली दिल्ली 110096 के प्रांगण में मैत्रेप बुद्ध विहार प्रबन्धक समिति (रजि.) कोण्डली दिल्ली 110096 में दिनांक 10/07/2022 को G.B.M. मिटिंग होगी जिसमे अध्यक्ष पद का चुनाव सम्पन्न होगा।

कृते, महेन्द्र सिंह

**सार्वजनिक सूचना**

यह आम जनता की सूचना के लिए है कि एक राजनीतिक दल 'भारतीय प्रवासी जनता पार्टी' के नाम से पंजीकृत होने का प्रस्ताव है, पार्टी का कार्यालय 407, डीएलएफ सेंटर प्वाइंट, मेन मथुरा रोड, मेट्रो पिलर नंबर 845, सेक्टर-11, फरीदाबाद (दिल्ली एनसीआर)-121006 पर स्थित है। इस पार्टी ने भारत निर्वाचन आयोग को आवेदन प्रस्तुत किया है। नई दिल्ली लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 29ए के तहत पार्टी के पदाधिकारियों के नाम इस प्रकार हैं:
1. राष्ट्रीय अध्यक्षः डा0 अजय तिवारी
2. महासचिवः सपना तिवारी
3. कोषाध्यक्षः संतोष तिवारी
पता.- जे-86, डीएलएफ, सेक्टर-10, फरीदाबाद-121006
यदि किसी को 'भारतीय प्रवासी जनता पार्टी' के पंजीकरण में कोई आपत्ति है तो वे इसके कारण पर अपनी आपत्ति भेज सकते हैं, सचिव (राजनीतिक दल) भारत निर्वाचन आयोग, निर्वाचन सदन, अशोक रोड, नई दिल्ली-110001 को इस नोटिस के प्रकाशन के 30 दिनों के भीतर।

**PUBLIC NOTICE**

It is certified that my client smt. Keshav Devi W/o Ramji lal Aged about 75 years R/O J.J. Colony, Sector 16A Dwarka, New Delhi has debarred her son namely SH. JASPAL aged about 45 yrs and her daughter in law SMT. PUSHPA DEVI W/O SH. JASPAL from all immovable/ Moveable properties because my son and daughter-in-law not in my control. That my client smt Keshav Devi is not responsible for any criminal as well as civil liabilities against her son and daughter-in- Iaw This information given for publication in news paper for public notice. The Property Number is House No 556-Bat above address.

**SURYA DEO PRASAD, Advocate**
Enri.No. D/7433/2021
Ch. No. 805, 8th Floor, Lawyers' Chamber Block Dwarka Court Complex, Sec-10, Dwarka, New Delhi-75
Mob:-8167418990
Email:- suryadeoprasadyadav91@gmail.com

## संक्षिप्त खबरें

### अंडर 15 आयु वर्ग में निर्णय गर्ग बने विजेता



गुरुग्राम। हरियाणा राज्य शतरंज संघ द्वारा आयोजित शतरंज प्रतियोगिता में अंडर 15 आयु वर्ग में जहां निर्णय गर्ग बेहतर प्रदर्शन कर विजेता बने, वहीं अंडर 15 में कबीर सिंह दूसरा, अंडर 13 में ध्रुव सिंह बिष्ट व अंडर 7 में वेदांशी ने दूसरा स्थान हासिल कर गुरुग्राम का नाम रोशन किया है। प्ले चैस एकेडमी के निदेशक अनिल तिवारी ने बताया कि पूरी प्रतियोगिता में निर्णय गर्ग ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपने प्रतिद्वंदियों पर जीत हासिल की। एकेडमी के अन्य प्रतिभागियों ने बेहतर प्रदर्शन किया। उन्होंने बताया कि इससे पूर्व भी निर्णय गर्ग अनेक प्रतियोगिताओं में जीत हासिल कर गुरुग्राम व प्रदेश का नाम रोशन कर चुका है। हरियाणा शतरंज संघ के अध्यक्ष सौरभ जिंदल, नरेश शर्मा व राजपाल चौहान ने खिलाडियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि वे इसी प्रकार भविष्य में बेहतर खेल का प्रदर्शन करते रहें।

# देश की भावी पीढ़ी के अधिकारों का हनन नहीं होगा सहन : जितेंद्र कुमार भारद्वाज

गुरग्राम, प्रात : किरण संवाददाता




भाजपा सरकार के कुशासन के खिलाफ आगामी 27 जून को कांग्रेस पूरे हरियाणा में भी सत्याग्रह करेगी। शुक्रवार को गुरुग्राम के कमान सराय स्थित कांग्रेस कार्यालय में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकताओं के साथ बैठक करते हुए कांग्रेस के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र कुमार भारद्वाज ने इसकी जानकारी दी। बैठक में जितेंद्र कुमार भारद्वाज ने कहा कि भाजपा सरकार के कुशासन के खिलाफ कांग्रेस प्रदेश में विधानसभा अनुसार सत्याग्रह करेगी।

उन्होंने कहा कि आज भाजपा की देश पर थोपी जा रही नीतियों से देश का युवा, किसान, मजदूर सहित हर वर्ग परेशान है। केंद्र सरकार की अग्निपथ भर्ती योजना पर सवाल उठाते हुए भारद्वाज ने कहा कि ये युवाओं के मनोबल को तोड़ने के साथ-साथ सेना को भी कमजोर करने की साजिस है। इस योजना के लागू होने से देश सेवा का जज्बा पाले करोड़ो युवाओं का भविष्य अंधकारमय हो गया है। कांग्रेस देश की भावी पीढ़ी के अधिकारों का हनन बिलकुल भी सहन नहीं करेगी तथा युवाओं के भविष्य को बचाने के लिए सत्याग्रह करेगी। इसके लिए कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में विधानसभा अनुसार कमेटियों का गठन किया गया।भारद्वाज ने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा देश में लोकतंत्र का धीरे-धीरे खात्मा किया जा रहा है। आज जो भी देशहित की बात करता है, उसे देश विरोधी करार दे दिया जाता है। केंद्र की मोदी सरकार तानाशाही रवैया अपना रही है। इसी कड़ी में केंद्र सरकार सरकारी एजेंसियों (ईडी, सीबीआई) का दुरूपयोग कर कांग्रेस सहित तमाम विपक्षी नेताओं को नाहक परेशान कर रही है। सोनिया गांधी, राहुल गांधी सहित पार्टी के शीर्ष नेताओं को ईडी का डर दिखाकर जनता की आवाज को उठाने से रोका जा रहा है। लेकिन लोकतंत्र की रक्षा और जनता के अधिकारों की आवाज उठाना कांग्रेस और कांग्रेस नेताओं के डीएनए में है।बैठक में सुधीर चौधरी, हरिओम सिंह छोकर, बीर सिंह नंबरदार, महेश घोड़ारोप, पूजा शर्मा, निर्मल यादव, रेखा यादव, वर्धन यादव, पंकज डावर, अशोक भास्कर, मनीष खटाना, अशोक उल्लावास, निशित कटारिया, सतबीर पहलवान, जितेंद्र राणा, सुशील टूलर, कुलदीप कटारिया, जसविंदर बिसला, संजीव शर्मा एडवोकेट, अभय सिंह दायमा एडवोकेट, प्रदीप खटाना, महाबीर बोहरा, नरेश यादव, राजेश त्रिवेदी, आदि सहित काफी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।

**बैठक**

- बैठक में सत्याग्रह कार्यक्रम की सफलता के लिए विस अनुसार कमेटियों का किया गया गठन

# प्रो. राम सिंह प्रतिष्ठित राष्ट्रीय अकादमी द्वारा सम्मानित

गुरुग्राम, प्रात : किरण संवाददाता



चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार में मानव संसाधन प्रबंधन के पूर्व निदेशक प्रो. राम सिंह को प्रतिष्ठित राष्ट्रीय अकादमी पुरस्कार मिला है। यह पुरस्कार भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद भारत सरकार द्वारा स्थापित राष्ट्रीय कृषि विज्ञान अकादमी के फेलो के रूप में 29वीं वार्षिक आम सभा में दिल्ली में महानिदेशक डॉ. टी. महापात्र ने दिया।

कृषि विज्ञान अकादमी के सचिव डा. केसी बंसल ने प्रोफेसर राम सिंह को फेलोशिप का प्रमाण पत्र प्रदान किया। प्रोफेसर राम सिंह एचएयू से पिछले 20 वर्षों में इस पुरस्कार को पाने वाले केवल दूसरे वैज्ञानिक हैं। अब तक उन्हें कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पुरस्कारों से नवाजा जा चुका है। इसमें जेसी भारद्वाज स्मृति पुरस्कार-2021, बी वसंतराज डेविड फाउंडेशन लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड-2020, इंटरनेशनल प्लांट प्रोटेक्शन कांग्रेस में आउटस्टैंडिंग प्लांट प्रोटेक्शन साइंटिस्ट अवार्ड-2019, हैदराबाद कृषि अनुसन्धान परिषद अवार्ड और इसी परिषद द्वारा संचालित श्रेष्ठ शिक्षक पुरस्कार, फेलो ऑफ रॉयल एंटोमोलॉजिकल सोसाइटी लंदन, फेलो ऑफ भारतीय पौध संरक्षण एसोसिएशन हैदराबाद, फेलो ऑफ खाद्य एवं कृषि संगठन रोम, पोस्ट डॉक्टोरल फेलोशिप, अंतरराष्ट्रीय बागवानी अनुसन्धान संस्थान इंग्लैंड, भारतीय कृषि अनुसन्धान संस्थान दिल्ली के स्मरणोत्सव कार्यक्रम के शताब्दी कार्यक्रम में सम्मानित इन्हें विश्वविद्यालय गोल्ड मेडल, एसपी गोल्ड मेडल और 29 श्रेष्ठता प्रमाण पत्र स्नातक स्तर पर प्राप्त हुए। उनके 36 साल के सेवा काल में महत्वपूर्ण उपलब्धियों में राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय पत्रिकाओं में 200 शोध पत्र प्रकाशित हुए। पौध संरक्षण से सम्बंधित विषयों पर 8 पुस्तकें लिखी।

# बाढ नियंत्रण प्रबंधों को लेकर मुख्य सचिव ने उपायुक्तों के साथ की वीडियों कॉन्फेंसिंग बैठक

गुरुग्राम, प्रात : किरण संवाददाता




हरियाणा के मुख्य सचिव संजीव कौशल ने प्रदेश के सभी जिलों के उपायुक्तों के साथ बाढ नियंत्रण प्रबंधों की समीक्षा वीडियों कॉन्फेंसिंग बैठक के माध्यम से की। उन्होंने सभी जिलों को 30 जून तक डेनों व सिवरेज लाईनों की सफाई सुनिश्चित करने और बरसाती पानी निकासी के लिए प्रयोग होने वाले पंपसैट की उपलब्धता व उनके चालु हालत में होने की पुष्टि करने के निर्देश दिए।

मुख्य सचिव ने प्रदेश के सभी जिलों के उपायुक्तों को निर्देश दिए कि वे बरसात के मौसम में अपने-अपने जिला में बाढ़ नियंत्रण के लिए आवश्यक मशीनरी, पंपसैट आदि के प्रबंध समय रहते कर लें। उन्होंने कहा कि इस कार्य में संबंधित एसडीएम व सिंचाई विभाग के अधिकारियों का सहयोग लिया जाए। बैठक में गुरूग्राम नगर निगम के अधिकारियों ने बताया कि नगर निगम क्षेत्र में लगभग 650 किलोमीटर लंबाई की ड्रेन हैं जिसमें से 250 किलोमीटर लंबाई में सफाई का कार्य पूरा हो चुका है और बाकि में सफाई का कार्य चल रहा है। उन्होंने बताया कि यह कार्य 30 जून तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि बरसात के मौसम की तैयारियों के अंतर्गत नगर निगम क्षेत्र में 98 पंपसैट, 67 सुपर सकर मशीन, 35 ट्रैक्टर ट्रॉली, 24 जेसीबी मशीनों तथा 5 डीजी सैट की व्यवस्था कर ली गई है। उन्होंने बताया कि इन प्रबंधों के अलावा, निगम क्षेत्र में 8 पंपसैट स्थाई रूप में लगे हुए हैं। इस वीडियों कॉन्फ्रेंसिंग बैठक में गुरूग्राम के मण्डलायुक्त राजीव रंजन, उपायुक्त निशांत कुमार यादव, सिंचाई विभाग के अधीक्षण अभियंता शिव सिंह रावत, नगर निगम की मुख्य अभियंता ठाकुर लाल, बिजली निगम के कार्यकारी अभियंता कुलदीप नेहरा, जिला राजस्व अधिकारी मनबीर सिंह सहित बाढ़ नियंत्रण से जुड़े विभागों के अधिकारीगण उपस्थित थे।

- कार्य में संबंधित एसडीएम व सिंचाई विभाग के अधिकारियों का सहयोग लिया जाए: कौशल

# 'नगर निगम का कोई घोटाला व भ्रष्टाचार मामला दबने नहीं दूंगा'

फरीदाबाद, प्रात : किरण संवाददाता



फरीदाबाद नगर निगम में 200 करोड़ रुपये के बिना काम भुगतान घोटाले को विधानसभा में उठाने करने वाले कांग्रेस विधायक नीरज शर्मा का कहना है कि सिर्फ मुख्य अभियंता दौलतराम भास्कर के बाद अब दूसरे मुख्य अभियंता रमन शर्मा एंव जेई दीपक को विजिलेंस विभाग ने गिरफ्तार किया है लेकिन सिर्फ इनको पकड़कर ही भ्रष्टाचार का खात्मा नहीं होगा।

भ्रष्टाचार की जड़ों तक पहुंचकर बड़े मगरमच्छ काबू करने होंगे। कांग्रेस विधायक नीरज शर्मा ने कहा की स्टेट विजिलेंस ने सरकार से 17 ए की अनुमति मांगी हुई है सरकार जल्द से जल्द अनुमति दे ताकि बडे मगरमच्छो को काबू किया जा सके। क्योकि यह पैसा जनता का पैसा है जिसको यह खा गए, यही कारण है की आज फरीदाबाद विकास के लिए तरस रहा है। फरीदाबाद में पहली बार ऐसा हुआ है की बरसाती पानी के जल भराव की समस्या के लिए पुलिस की ड्यूटि लगानी पडी। विधायक नीरज शर्मा का कहना था की अगर यही हालत भष्टाचार के रहे और यही हालत फरीदाबाद के रहे तो कही ऐसा ना हो बरसात के समय सैना ना बुलानी पड जाए। सरकार जल्द से जल्द 17 ए की अनुमति जारी करे ताकि इन दुष्टो पर कार्यवाही की जा सके। विधायक नीरज शर्मा ने कहा की रामचरित मानस में लिखा है विनय ना मानत जलध जड़ गए तीन दिन बीति। बोले राम सकोप तब भय बिनु होय ना प्रीति। जबतक इन दुष्टो को सख्त सजा नही मिलेंगी, आने वाले दुष्ट भी ऐसा कार्य करने की जरूरत नही करेगे।

# गुरुग्राम: हरियाणा पुलिस-पब्लिक रोटी पानी बैंक के 200 दिन पूरे

गुरुग्राम, प्रात : किरण संवाददाता



मानवता की सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है। जरूरतमंद लोगों को भोजन करना पुण्य का कार्य है। हरियाणा पुलिस-पब्लिक रोटी बैंक बड़ा धर्म का काम कर रहा है। यह बात मेयर मधु आजाद ने शुक्रवार को हरियाणा पुलिस पब्लिक रोटी पानी बैंक के 200 दिन पूरे होने पर कार्यक्रम में कही। पुलिस रोटी बैंक गुरुग्राम हर रोज समाज के गरीब और असहाय लगभग 500 से 600 जरूरतमंद लोगों को भोजन कराते हैं।

इसके 200 दिन पूरे हो गए हैं। इस उपलक्ष्य में मियांवली कॉलोनी के कम्युनिटी सेन्टर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें मेयर मधु आजाद मुख्य अतिथि के रूप में पहुंची। मधु आजाद ने कहा कि आज के समय मे प्रत्येक सामाजिक संस्थाओं को समाज के असहाय लोगों की सहायता के लिए आगे आना चाहिए। पुलिस रोटी बैंक को नगर निगम की तरफ से इस नेक कार्य के लिए कोई उचित स्थान मुहैया करवाया जाएगा, जहां से पुलिस रोटी बैंक आसानी से अपना कार्य कर सके। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्रुपहाउसिंग सोसायटी मियांवली कॉलोनी के अध्यक्ष सुरेश चौधरी ने की। हरियाणा पुलिस पब्लिक रोटी पानी बैंक गुरुग्राम के प्रधान सेवक राष्ट्रपति पुलिस मैडल अवार्डी, सेवानिवृत्त पुलिस इंस्पेक्टर चंद्र प्रकाश भारद्वाज ने बताया कि हरियाणा पुलिस पब्लिक रोटी पानी बैंक के प्रदेश अध्यक्ष एडीजीपी श्रीकांत जाधव की अगुवाई में पूरे प्रदेश में यह अन्न वितरण कार्यक्रम हर रोज किया जाता है। कार्यक्रम में पुलिस शहीद फाउंडेशन के अध्यक्ष एडवोकेट आरएल शर्मा, फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री के प्रदेश महासचिव दीपक मैनी, गुरुग्राम के महासचिव डॉ. एसपी अग्रवाल, वरिष्ठ उधोगपति डीपी गौड़ समेत काफी लोग मौजूद रहे।

**पुण्य**

- हर रोज समाज के गरीब और असहाय लगभग 500 से 600 जरूरतमंद लोगों को भोजन कराते हैं

# करीब 42 लाख रुपए के गुम हुए मोबाइल पुलिस ने लौटाए



गुरूग्राम, प्रात : किरण संवाददाता

गुरुग्राम पुलिस ने करीब 42 लाख रुपए की कीमत के गुम हुए मोबाईलों की तलाश कर उन्हें उनके असली मालिकों को सुपुर्द कर दिया है। पुलिस प्रवक्ता सुभाष बोकन ने बताया कि मोबाईल फोन गुम होने पर गुमशुदा रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस तकनीकी का प्रयोग करके उन्हें तलाशकर बरामद करने व मोबाईल फोन के असली मालिक को उसके मोबाईल फोन को दिलाए जाने की प्रक्रिया पहले से ही चल रही है। पुलिस उपायुक्त पूर्व विरेंद्र विज ने लोगों से आग्रह किया कि यदि किसी भी व्यक्ति को कोई लावारिस फोन मिलता है तो उसे नजदीकी थाना में जमा करा दें अपने पास रखकर कानून के विरुद्ध न जाएं और कानूनी झंझट में न पड़ें।

लोगों से प्राप्त हुई शिकायतों में से साईबर सेल पूर्व की टीम द्वारा ढूंढकर बरामद किए गुम हुए 210 मोबाईल फोन्स को पुलिस उपायुक्त विरेंद्र विज द्वारा उनके असली मालिकों को कार्यालय में बुलाकर उनके खोए मोबाईल फोन्स को सम्मानपूर्वक सौंपा है।

# गुरुग्राम में खोले जा रहे 3 नए साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन

गुरुग्राम, प्रात : किरण संवाददाता




प्रदेश सरकार के गृह विभाग तथा पुलिस महानिदेशक व पुलिस आयुक्त गुरुग्राम के आदेशानुसार शहर में 3 स्थानों पर साईबर क्राईम पुलिस स्टेशन पश्चिम, गुरुग्राम पुलिस जिला साउथ गुरुग्राम जिला पुलिस व मानेसर पुलिस में खोले जा रहे हैं। इन थानों में आंशिक रुप से कार्य शुरू कर दिया गया है। पुलिस प्रवक्ता सुभाष बोकन ने बताया कि तीनों थानों को आधिकारिक रुप से शीघ्र शुरू किया जाएगा, लेकिन अभी अनुसंधान से संबंधित कार्य शुरू कर दिया गया है। शहरवासी साईबर अपराध से संबंधित शिकायत दे सकते हैं। 3 नए पुलिस स्टेशन खुलने से साईबर अपराधों व अपराधियों पर लगाम लगाई जा सकेगी। उन्होंने कहा कि नए पुलिस स्टेशन अपने अधिकार क्षेत्र में साईबर अपराध से पीड़ित लोगों को व्यापक सहाता उपलब्ध कराऐं तथा शिकायतों पर मामला दर्ज कर अपराधों पर अंकुश लगाएंगे। इसके साथ-साथ नए पुलिस स्टेशन अपराध तथा साईबर अपराधियों के रिकॉर्ड रखेंगे और साईबर अपराध से बचाव के बारे में जागरुकता अभियान चलाया जाएगा। तीनों पुलिस स्टेशनों में अधिकारियों व कर्मचारियों की नियुक्ति कर दी गई है। थाना साईबर अपराध पश्चिम के अंतर्गत थाना शहर, सिविल लाईन, सैक्टर 14, सैक्टर 9ए, उद्योग विहार, पालम विहार,राजेंद्रा पार्क, सैक्टर 10, सैक्टर 18, न्यू कालोनी, बजघेड़ा, शिवाजी नगर क्षेत्र, थाना साईबर अपराध दक्षिण के अंतर्गतसैक्टर 65, बादशाहपुर, भौंडसी, सोहना क्षेत्र व थाना साईबर अपराध मानेसर के अंतर्गत थाना पटौदी, बिलासपुर, फर्रुखनगर, सैक्टर 37 व मानेसर क्षेत्र आएंगे। पीड़ित व्यक्ति संबंधित थाना क्षेत्रों में अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

# जल की महत्ता को समझते हुए फसल विविधीकरण को अपनाएं किसान

नूंह, प्रात : किरण संवाददाता

**मेवात।** घटते भूजलस्तर व जल संरक्षण के मद्देनजर हरियाणा सरकार द्वारा मेरा पानी मेरी विरासत योजना चलाई जा रही है। योजना के तहत किसानों को धान की जगह अन्य फसल लेने पर प्रति एकड़ सात हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। उपायुक्त अजय कुमार ने जिला के किसानों से आह्वान करते हुए कहा कि आप सभी जीवन में जल की महत्ता को समझते हुए फसल विविधीकरण को जरूर अपनाएं। उन्होंने कहा कि धरती पर मौजूद किसी भी जीवन के लिए पानी बेहद आवश्यक है। ऐसे में भविष्य में पानी से जुड़ी समस्याओं को ध्यान रखते हुए हम सभी को इसके संरक्षण की दिशा में कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार ने इन्हीं उद्देश्यों के साथ वर्ष 2020-21 में मेरा पानी मेरी विरासत योजना की शुरूआत की थी। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उपनिदेशक डॉ. प्रताप सभ्रवाल ने बताया कि योजना के माध्यम से जल संरक्षण के लिए कार्य कर रहे लोगों व संस्थाओं को विभिन्न प्रकार के अनुदान दिए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस वर्ष जिला का कोई किसान धान की फसल को छोड़ कर अन्य फसल जैसे मक्का, कपास, अरहर, मूंग, मोठ, उड़द, ग्वार, सोयाबीन तिल, मूंगफली, अरंडी या बागवानी से सम्बन्धित फसल लेता है तो प्रति एकड़ सात हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी। उन्होंने बताया कि यदि किसी किसान ने पिछले वर्ष धान की बजाए अन्य फसल ली हो और इस बार भी उसी खेत पर अन्य फसल बोएगा तो भी उनको प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। उन्होंने बताया कि धान के बदले खाली खेत छोडने. वाले किसान को भी प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी। जिसकी पुष्टि कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, बागवानी विभाग, पटवारी, नम्बरदार व सम्बन्धित किसान की गठित कमेटी द्वारा की जाएगी। पुष्टि के उपरांत प्रोत्साहन राशि की अदायगी ई-पेमेंट के माध्यम से की जाएगी।

### ऊर्वा के पदाधिकारियों ने विधायक को कराया समस्याओं से अवगत



**गुरुग्राम।** अर्बन एस्टेट रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन (ऊर्वा) सैक्टर 4/7 के प्रधान धर्मसागर की अध्यक्षता में कार्यकारिणी के सदस्य विधायक सुधीर सिंगला से कम्युनिटी सेंटर सैक्टर 4 में आयोजित कार्यक्रम में मिले और उन्हें क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया। धर्मसागर ने कहा कि क्षेत्र में मुख्य रुप से सफाई व्यवस्था चरमराई हुई है। सडकों पर जगह-जगह गड्ढे व सीवर की लाईनें सफाई न होने से जाम पड़ी हैं। उपाध्यक्ष एसके मानक ने सैक्टर 4 में जलभराव की समस्या का तुरंत समाधान करने की मांग की। उन्होंने कहा कि बारिश के दौरान सैक्टर की गलियों, सडकों, मार्किट व घरों में पानी थोड़ी सी बारिश में भर जाता है। विधायक ने कहा कि सैक्टर की जलभराव समस्या से निपटन के लिए एसडीओ नरेंद्र तंवर को नियुक्त किया गया है और यदि कोई समस्या है तो सैक्टरवासी उनसे संपर्क कर सकते हैं।

### चेस टूर्नामेंट में लड़कियों में रिद्धिका व लड़कों में गर्व ने मारी बाजी




**गुरुग्राम।** यहां एक निजी स्कूल में आयोजित हरियाणा राज्य स्कूल अंडर-15 रैपिड रेटिंग चेस टूनामेंट में लड़कियों में रिद्धिमा और लड़कों में गर्व गौड़ ने बाजी मारी है। शुक्रवार को इस स्पर्धा का समापन हो गया। इस टूनामेंट के प्रथम 3 विजेताओं को एसोसिएशन द्वारा अगले महीने तमिलनाडु में होने वाले 44वें चेस ओलंपियाड में भेजा जाएगा। टूनार्मेंट डायरेक्टर देशरत्न गुलाटी ने बताया कि इस प्रतियोगिता में लड़कियों में रिद्धिका कोटिया प्रथम, शाओनी मुखर्जी द्वितीय और हेमाक्षी चौहान ने तृतीया स्थान प्राप्त किया और लड़कों में गर्व गौड़ प्रथम, निमय गर्ग द्वितीय और अर्शदीप तृतीय स्थान पर रहे। टूनार्मेंट में भाग लेने वाले खिलाडियों को डिस्ट्रिक्ट चेस एसोसिएशन के जिला सचिव राजपाल चौहान, सुषमा चौहान ने ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।

# गुरुग्राम में मीट की दुकानों के नए लाइसेंस के विरोध में आए हिंदू संगठन

गुरुग्राम, प्रात : किरण संवाददाता



गुरू द्रोण की नगरी और मां शीतला की पावन स्थली गुरुग्राम में मीट के नए लाइसेंस दिए जाने के विरोध में हिंदू संगठनों खड़े हो गए हैं। मुख्यमंत्री के नाम उपायुक्त के माध्यम से ज्ञापन भेजकर मांग की गई है कि इस प्रक्रिया पर बिना किसी देरी के रोक लगाई जाए। इससे पहले भी प्रशासन ने कहा था कि सिर्फ पुराने लाइसेंस रिन्यू होंगे, नए नहीं दिए जाएंगे।

संयुक्त हिंदू संघर्ष समिति हरियाणा की ओर से ज्ञापन देकर कहा गया है कि गुरुग्राम में शीतला माता का पवित्र स्थान देश की 52 सिद्ध पीठों में से एक है। लाखों लोग गुरू द्रोणाचार्य की इस पावन धरा पर मां शीतला का आशीर्वाद लेने आते हैं। 9 अक्टूबर 2017 को मुख्यमंत्री मनोहर लाल की ओर से घोषणा की गई थी कि गुरुग्राम में मीट के नए लाइसेंस नहीं दिए जाएंगे। केवल पुराने लाइसेंसों का नवीनीकरण होगा। अब 23 जून 2022 को नगर निगम गुरुग्राम द्वारा समाचार पत्र के माध्यम से सूचना प्रकाशित कराई है कि 126 आवेदन मीट के लाइसेंस के लिए प्राप्त हुए हैं। इन लाइसेंसों पर 28 जून तक आपत्ति मांगी गई है।

ऐसे में संघर्ष समिति इस प्रक्रिया का विरोध करती है। समिति की मांग है कि गुरुग्राम में मीट के नए लाइसेंस ना दिए जाएं। निगम द्वारा नए लाइसेंस जारी करने की प्रारंभ की गई प्रक्रिया पर अविलंब रोक लगाई जाए। समूचे देश की आराध्य देवी शीतला माता परिसर से 10 किलोमीटर की परिधि में मीट की दुकानें ना हो। वर्तमान में गुरुग्राम में 119 दुकानें लाइसेंस वाली तथा लगभग 2500 दुकाने अवैध रूप से चल रही हैं। मां शीतला के नगर की पवित्रता आस्था तथा शुचिता बनाए रखने के लिए मीट की अवैध दुकानों को तत्काल प्रभाव से बंद करवाया जाए। ज्ञापन देने वालों में महावीर भारद्वाज, कुलभूषण भारद्वाज, राजीव मित्तल, प्रवीण दहिया, रीनू गुप्ता, ब्रह्मप्रकाश, अश्वनी, राजा समेत काफी संख्या में लोग शामिल रहे।

- संयुक्त हिंदू संघर्ष समिति ने सीएम, उपायुक्त के नाम दिए ज्ञापन

### फर्जी पुलिसकर्मी बन विदेशी परिवार के साथ की ठगी

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम में फर्जी पुलिसकर्मी बनकर चैकिंग के बहाने एक विदेशी परिवार के साथ ठगी किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। सैक्टर 53 थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार दिल्ली के रोहिणी निवासी जय पाहवा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह एक कंपनी में फेसिलिटेटर का काम करता है। यमन से एक परिवार गुरुग्राम में उपचार के लिए आया हुआ है, जो दिल्ली में रह रहा है। 22 जून को वह परिवार गुरुग्राम स्थित अस्पताल में उपचार कराने के लिए आया था। वापिस जाते समय जब वे सैक्टर 53 थाना क्षेत्र में पहुंचे तो कुछ लोगों ने वहां उन्हें रोक लिया गया। उन्होंने अपने आपको पुलिसकर्मी बताकर उनके बैग की जांच की। जांच के दौरान उन्होंने उनके बैग से सोने के आभूषण निकाल लिए और फरार हो गए।

# आओ पेड़ लगाए अभियान के तहत पौधा वितरण व पौधरोपण



फरीदाबाद, प्रात : किरण संवाददाता

फरीदाबाद के उद्योगपति ०पर्यावरणविद एस एस बांगा के द्वारा चलाये जा रहे अभियान के आओ पेड़ लगाए तहत डी ए वी मैनेजमेंट कॉलेज में पौधा वितरण व पौधा रोपण कार्यकर्म का आयोजन हुआ। कॉलेज के निदेशक/ प्राचार्य डॉ सतीश आहूजा ने एस एस बांगा के अभियान की सराहना करते हुए बताया की फरीदाबाद शहर को हरा भरा व प्रदूषण मुक्त अधिक से अधिक पौधा लगा कर किया जा सकता है। बांगा जी के अभियान में कॉलेज के सभी स्टाफ और विद्यार्थी उत्साह पूर्वक भाग ले रहे है। कॉलेज के माध्यम से लगभग 5000 पौधा लगाने का लक्ष्य रखा गया है। सभी स्टाफ व विद्यार्थी को कॉलेज की तरफ से प्रेरित किया जायेगा की अपने घर के आस पास, पार्क और खुले में कम से काम 22 छायादार व फलदार पौधा लगाए। इस मौके पर एस एस बांगा ने बताया की इस अभियान में सभी फरीदाबाद वन विभाग, स्कूल, कॉलेज और सामाजिक सगठनो को जोड़ा जा रहा है जिनके माध्यम से फरीदाबाद को हराभरा बनाया जा सके। बांगा जी ने डी ए वी मैनेजमेंट कॉलेज के निदेशक डॉ सतीश आहूजा के साथ सभी स्टाफ व छात्र, वन विभाग के अधिकारी आई एफ एस राजकुमार जी, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् के जिला प्रमुख सरोज कुमार व संयोजक गायत्री राठौर व कार्यकर्ताओ का भी आभार व्यक्त किया।

# रार और सत्ता पर वार

विधानसभा चुनाव के बाद से ही महाराष्ट्र में सत्ता हासिल करने का जो हाई वोल्टेज ड्रामा हो रहा इससे लगता है कि अब राज्य उसकी चरम परिणति की ओर बढ़ रहा है। भाजपा व शिवसेना का मिलकर चुनाव लड़ना और चुनाव परिणाम के बाद राहें अलग होना बता गया था कि राज्य को शायद ही स्थिर सरकार मिल पायेगी। हुआ भी वही, शिवसेना का अपने धुर विरोधियों एनसीपी व कांग्रेस के साथ मिलकर सरकार बनने में देरी करना और राष्ट्रपति शासन का लगना। उसके बाद एनसीपी के असंतुष्ट धड़े अजित पवार के साथ सरकार बनाने की असफल कोशिश, भाजपा के मुख्यमंत्री के रूप में देवेंद्र फडनवीस का शपथ लेना व बहुमत न जुटा पाने पर इस्तीफा देना महाराष्ट्र की राजनीति के शुरूआती झटके थे। फिर ईडी, सीबीआई, आयकर विभाग व एनसीबी के अस्त्र प्रयोग हुए। महाविकास अघाड़ी सरकार के दो मंत्री फिलहाल जेल में हैं। भाजपा लगातार मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे पर हमलावर रही। कोरोना काल के कुप्रबंधन के सवाल उठे और पार्टी के हिंदुत्व लाइन से हटने को भी मुद्दा बनाया गया। शिवसैनिक विधायक भी इस बात से आशंकित रहे हैं कि पार्टी अपने आधारभूत मुद्दे हिंदुत्व से हटकर एनसीपी व कांग्रेस की लाइन पर चल रही है। मगर, महाराष्ट्र की राजनीति में हालिया जलजला शिव सेना के विधायक दल के नेता रहे व ठाकरे सरकार में मंत्री एकनाथ शिंदे के पार्टी के दर्जनों विधायकों के साथ महाराष्ट्र छोड़ने से आया है। पहले शिंदे के साथ विधायक भाजपा शासित गुजरात के सूरत पहुंचे और फिर असम में गुवाहटी। कयास लगाये गये कि अब शिवसेना, एनसीपी व कांग्रेस गठबंधन सरकार अल्पमत में आ गई है। आक्षेप है कि ढाई साल पहले हाथ आई सत्ता गंवाने से तिलमिलायी भाजपा सुनियोजित तरीके से राज्य सरकार को गिराने में लगी थी। हालांकि, फिलहाल भाजपा यह दिखाने का प्रयास कर रही है कि यह सब शिवसेना के भीतर व्याप्त अंतर्विरोधों के चलते हुआ है। लेकिन पर्दे के पीछे की उसकी भूमिका को सभी महसूस कर रहे हैं। बहरहाल, राजनीतिक पंडितों का एक वर्ग कयास लगा रहा है कि राज्य में गठबंधन सरकार के गिनती के दिन रह गये हैं। दरअसल, इस घटनाक्रम में शिवसेना के बिखराव के बीज भी निहित हैं क्योंकि शिंदे का दावा है कि वे बाला साहब के कट्टर शिवसैनिक हैं। इससे कहीं न कहीं उद्धव ठाकरे के नेतृत्व को ही चुनौती दी जा रही है। पिछले ढाई साल लगातार गठबंधन सरकार पर भ्रष्टाचार, कोविड के दौरान अव्यवस्था व शिवसेना के पार्टी मुद्दे से भटकने आदि को लेकर भाजपा हमलावर रही है। पार्टी कहती रही है कि साथ मिलकर चुनाव लड़ने के बाद शिवसेना इस वायदे से मुकर गई कि देवेंद्र फडनवीस को मुख्यमंत्री बनाना है। पार्टी शिवसेना पर धोखा देने का आरोप लगाती रही है। बहरहाल, अब भाजपा यह दिखाने का प्रयास कर रही है कि मौजूदा घटनाक्रम में उसकी कोई भूमिका नहीं है और शिवसेना के भीतर जारी असंतोष से ये हालात बने हैं। लेकिन सवाल उठ रहे हैं कि यदि भाजपा की कोई भूमिका नहीं है तो बागी विधायकों को भाजपा शासित राज्यों में ही कैसे शरण व सुरक्षा मिल रही है। हालांकि, कैडर आधारित पार्टी शिवसेना में इतने विधायकों का बागी होना चौंकाने वाला जरूर है। दरअसल, इस विद्रोह के संकेत पहले ही मिलने शुरू हो गये थे जब राज्यसभा चुनाव में पर्याप्त मत न होते हुए भी भाजपा के तीन प्रत्याशी राज्यसभा पहुंचे। ऐसे ही हाल के एमएलसी चुनाव में भाजपा के अधिक प्रत्याशियों के जीतने व पर्याप्त मत होते हुए भी कांग्रेस प्रत्याशी के हारने से संकेत साफ थे कि गठबंधन सरकार के भीतर सबकुछ ठीक-ठाक नहीं है। कयास लगाये जा रहे हैं कि गठबंधन सरकार के खिलाफ भाजपा लंबे समय से सुनियोजित ढंग से काम कर रही थी। पार्टी उस किरकिरी से बचना चाह रही थी जो विधानसभा के चुनाव के बाद एनसीपी के बागियों की मदद से सरकार बनाने की कोशिश में हुई थी। प्रत्यक्ष तौर पर ऑप्रेशन लोटस नहीं चला मगर खामोशी से अभियान जारी रहा। अब देखना होगा कि क्या भाजपा सरकार बनाने के लिये जरूरी बहुमत जुटा पाती है।

# भ्रष्टाचार पर प्रहार

दिल्ली के नए उपराज्यपाल ने भ्रष्टाचार के मामले में यहां के कुछ अफसरों के खिलाफ जैसी कार्रवाई की है, उससे एक बार फिर यह जाहिर हुआ है कि राजनीतिक दलों की कथनी और करनी में कितनी बड़ी खाई हो सकती है। उपराज्यपाल ने दिल्ली सरकार के मातहत काम करने वाले तीन अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। इनमें मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के कार्यालय में तैनात एक उप सचिव भी शामिल हैं, जिन पर एक पुराने मामले में कार्रवाई हुई है। इन अधिकारियों पर ताजा कार्रवाई का आधार यह है कि निलंबित अधिकारियों ने संपत्ति की खरीद-फरोख्त में गड़बड़ी की थी। फिलहाल इन सभी के खिलाफ विभागीय जांच शुरू कर दी गई है। जाहिर है, दिल्ली की आम आदमी पार्टी यानी आप की सरकार के लिए यह एक और बड़ा झटका है। यों दिल्ली के उपराज्यपाल ने अपना पद संभालने के बाद यह साफ कर दिया था कि भ्रष्टाचार के प्रति शून्य सहनशीलता की नीति अपनाई जाएगी और इसके तहत जो भी दोषी होंगे, उनके खिलाफ सख्ती होगी। ताजा कार्रवाई को उनके इसी रुख का नतीजा माना जा सकता है। मगर अब इस मसले पर अगर फिर से दिल्ली सरकार और उपराज्यपाल के बीच टकराव का नया अध्याय शुरू हो जाए, तो हैरानी नहीं होगी।

गौरतलब है कि दिल्ली सरकार के दो मंत्री पहले ही अलग-अलग मामलों में कानूनी कार्रवाई का सामना कर रहे हैं। इनमें स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन धनशोधन मामले में इन दिनों तिहाड़ जेल में हैं। दूसरी ओर, उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया पर असम के मुख्यमंत्री की पत्न ी ने मानहानि का मुकदमा दर्ज किया है और इसमें सौ करोड़ रुपए हजार्ना मांगा है। यह स्थिति दिल्ली में पार्टी के नेताओं की है, जहां उसने भ्रष्टाचार के खिलाफ जंग लड़ने का एलान किया था और सिर्फ इसी वजह से उसके पक्ष में जनसमर्थन उभरा था। इसके अलावा, हाल ही में पंजाब में आप सरकार में स्वास्थ्य मंत्री रहे विजय सिंगला को मंत्रिमंडल से इसलिए बर्खास्त कर दिया गया कि वे अपने महकमे में हर काम और निविदा के बदले एक फीसद कमीशन मांग रहे थे। विचित्र यह है कि पंजाब का स्वास्थ्य मंत्री बनने के बाद सिंगला ने भ्रष्टाचार पर शून्य सहनशीलता का दावा करते हुए कहा था कि किसी भी तरह के भ्रष्ट आचरण को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। लेकिन भ्रष्टाचार के ही आरोपों के बाद उन्हें बर्खास्त और गिरफ्तार भी किया गया।

सवाल है कि आखिर आम आदमी पार्टी के सबसे मुख्य दावे में इतनी जल्दी इतना बड़ा फर्क आने की क्या वजह है! यह छिपा नहीं है कि आप की राजनीतिक बुनियाद ही भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई के दावे पर ही तैयार हुई थी। इस पार्टी के शीर्ष नेताओं ने आम जनता के बीच यह वादा किया था कि वे देश में एक नई राजनीतिक संस्कृति तैयार करेंगे, जो पूरी तरह भ्रष्टाचार से मुक्त होगी। अरविंद केजरीवाल आज भी अक्सर यह दावा करते हैं कि उनकी पार्टी के शासनकाल में अमूमन सभी जगहों से भ्रष्टाचार खत्म हो गया है। लेकिन इस दावे के बरक्स हकीकत यह है कि खुद उनके कार्यालय में उच्च स्तर का कोई अधिकारी भी भ्रष्टाचार के आरोपों में कानून के कठघरे में है। भ्रष्टाचार से मुक्त राजनीतिक संस्कृति के दावे को जमीन पर उतारना एक लंबी प्रक्रिया हो सकती है, लेकिन इसकी शुरूआत पहले अपनी पार्टी और प्रशासन के स्तर पर तय करने की जरूरत है, ताकि लोग इस समस्या को दूर हुआ महसूस कर सकें। अगर भ्रष्टाचार के विरुद्ध युद्ध का बिगुल फूंकने वाले खुद या उनके मातहत ही भ्रष्ट कारनामों में लिप्त पाए जाने लगें तो आम जनता इसे कैसे देखेगी?

**प्रेरक प्रसंग**

**वक्त का जवाब**

डॉ. जाकिर हुसैन विशेष अध्ययन के लिए जर्मनी गए हुए थे। एक दिन जाकिर हुसैन के कॉलेज में वार्षिकोत्सव मनाया जा रहा था। कार्यक्रम का समय हो चुका था। सभी विद्यार्थी व शिक्षक वार्षिकोत्सव के लिए निर्धारित स्थल पर पहुंच रहे थे। जाकिर साहब भी जल्दी-जल्दी वहां जाने के लिए अपने कदम बढ़ा रहे थे। जैसे ही उन्होंने कॉलेज में प्रवेश किया, एक शिक्षक महोदय भी वहां पहुंचे। दोनों ही जल्दबाजी और अनजाने में एक-दूसरे से टकरा गए। शिक्षक महोदय जाकिर साहब से टक्कर होने पर गुस्से से उन्हें देखते हुए बोले, इडियट। यह सुनकर जाकिर साहब ने फौरन अपना हाथ आगे की ओर बढ़ाया और बोले, जाकिर हुसैन। भारत से यहां पढ़ने के लिए आया हुआ हूं। जाकिर साहब की हाजिर जवाबी देखकर शिक्षक महोदय का गुस्सा मुस्कुराहट में बदल गया। वह बोले, बहुत खूब। आपकी हाजिर जवाबी ने मुझे प्रभावित कर दिया। इस तरह परिचय देकर आपने हमारे देश के रिवाज को भी मान दिया है और साथ ही मुझे मेरी गलती का अहसास भी करा दिया है।

# द्रौपद्री मुर्मूः एक तीर कई निशाने

**परतंत्र भारतीय व्यवस्था में अंग्रेज साम्राज्यवादियों ने भारतीय आदिवासियों के प्रति दोहरी और दोगली दृष्टि अपनाई थी। अतएव उनकी जीवन और संस्कृति को बदलने के उपाय उनकी जीवन-षैली क अध्ययन के बहाने से षुरू किए गए थे। यह अध्ययन उन्हें मानव मानकर चलने से कहीं ज्यादा, उन्हें वस्तु और वस्तु से भी इतर पुरातत्वीय वस्तु मानकर किए गए। नतीजतन आदिवासी अध्ययन और संरक्षण की सरकारी स्तर पर नई शाखाएं खुल गईं। आदिवासी क्षेत्रों में ईसाई मिशनरियों को काम के लिए उत्साहित किया गया।**





**प्रमोद भार्गव**

**लेखक प्रिंट और इलेक्ट्रोनिक मीडिया से जुड़े वरिष्ठ पत्रकार है**

भाजपा नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन ने राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के बहाने फिर एक बड़ा दांव खोला है। दलित समुदाय से आने वाले रामनाथ कोविंद को राष्ट्रपति बनाने के बाद महिला आदिवासी नेता द्रौपदी मुर्मू को एनडीए ने राष्ट्रपति पद के लिए अपना प्रत्याषी घोषित कर जनजाति समुदाय को लुभाने का दांव चल दिया हैं। देश में करीब 13 करोड़ आदिवासी हैं। आजादी के 75वें वर्ष में पहली बार इस जाति के व्यक्ति को देश का प्रथम नागरिक बनाने की सार्थक पहल हुई है। इससे पहले अटल बिहारी वाजपेयी के प्रधानमंत्री रहने के दौरान मुस्लिम समुदाय से एपीजे अब्दुल कलाम को राष्ट्रपति बनने का मौका मिला था। महिला राष्ट्रपति के रूप में कांग्रेस प्रतिभा पाटिल को राष्ट्रपति बना चुकी है। सोषल मीडिया पर सवाल उठाए जा रहे हैं कि जब दलित, मुस्लिम और महिला को राष्ट्रपति बना देने से इन समाजों को समग्र भला नहीं हुआ, तो फिर मुर्मू के राष्ट्रपति बन जाने से आदिवासी समुदाय का कौनसा भला हो जाएगा। बौद्धिक समुदाय के यह प्रश्न नितांत बौने एवं अप्रासंगिक हैं। दरअसल किसी भी वंचित या पिछड़े समुदाय का व्यक्ति राष्ट्र के गौरव का प्रतीक बनता है तो उस समुदाय की अस्मिता का आत्मबल बढ़ता है और वह बड़े सामाजिक समुदाओं के बराबर आ खड़ी होता है। मंडल आयोग के लागू होने के बाद पिछड़ी जातियां आज देश के नेतृत्व का प्रमुख आधार बनी हुई हैं। यही नहीं मुर्मू के राष्ट्रपति बनने से आदिवासियों का सुनियोजित ढंग से जो ईसाईकरण हो रहा है, उस पर अंकुश लगेगा, हिंदुओं से तोड़ने के लिए इनकी अलग गिनती कराने का जो षड्यंत्र रचा जा रहा है, उसके विरुद्ध इस समुदाय की आवाज बुलंद होगी और हिंदुत्व खंडित होने से बचेगा। इस चाल के बहाने भाजपा की निगाह लोकसभा की 543 सीटों में से उन 47 अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित सीटों पर भी है, जो आदिवासी बहुल हैं। गोया, देश की संप्रभुता से इस समुदाय को जोड़े रखने की भी यह एक बड़ी राजनीतिक पहल है।


परतंत्र भारतीय व्यवस्था में अंग्रेज साम्राज्यवादियों ने भारतीय आदिवासियों के प्रति दोहरी और दोगली दृष्टि अपनाई थी। अतएव उनकी जीवन और संस्कृति को बदलने के उपाय उनकी जीवन-षैली क अध्ययन के बहाने से षुरू किए गए थे। यह अध्ययन उन्हें मानव मानकर चलने से कहीं ज्यादा, उन्हें वस्तु और वस्तु से भी इतर पुरातत्वीय वस्तु मानकर किए गए। नतीजतन आदिवासी अध्ययन और संरक्षण की सरकारी स्तर पर नई शाखाएं खुल गईं। आदिवासी क्षेत्रों में ईसाई मिशनरियों को काम के लिए उत्साहित किया गया। मिशनरियों ने शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्रों में उल्लेखनीय काम तो किए, लेकिन सुनियोजित ढंग से धर्म परिवर्तन के अभियान भी चलाए। इन अभियानों में बौद्धिक भारतीयों के तर्क बाधा न बनें, इसलिए कई आदिवासी बहुल क्षेत्रों को ह्यवर्जित क्षेत्रह्य घोषित करने की कोशिशें हुईं। बहाना बनाया गया कि इनकी पारंपरिक संस्कृति और ज्ञान परंपरा को सुरक्षित बनाए रखने के ये उपक्रम हैं। मिशनरियों को स्थापित करने के परिप्रेक्ष्य में तर्क दिया कि इन्हें सभ्य और शिक्षित बनाना है। किंतु ये दलीलें तब झूठी सिद्ध हो गई, जब संस्कृति और धर्म बदलने के ये कथित उपाय अंग्रेजी सत्ता को चुनौती बनने लगीं। स्वतंत्रता आंदोलन की पहली चिंगारियां इसी दमन के विरुद्ध आदिवासी क्षेत्रों में फूटीं। भील और संथाल आदिवासियों के विद्रोह इसी दमन की उपज थे। जिस 1857 को देश का सुनियोजित प्रथम स्वतंत्रता संग्राम माना जाता है, उसमें आहुति अनेक आदिवासी समुदायों ने दी। बिरसा मुंडा, तिलका मांझी, ठक्कर बापा और गुंडाधुर जैसे आदिवासी क्रांति के नायकों की एक पूरी श्रृंखला हैं। द्रौपदी मुर्मू ओडिषा के मयूरभंज जिले के ऐसे ही क्रांतिकारी संथाल आदिवासी समुदाय से आती हैं। ओडिषा, बिहार, छत्तीसगढ़, मध्य-प्रदेश और झारखंड ऐसे राज्य हैं, जहां आदिवासी समुदाओं का सबसे ज्यादा धर्मांतरण ईसाई मिषनरियों ने किया है।

संघ एवं भाजपा का लक्ष्य उन कानूनी लोचों को खत्म करना भी है, जिनके बूते आदिवासियों का धर्मांतरण आसान बना हुआ है। लोकसभा के पिछले सत्र में भाजपा के दो सांसद झारखंड के निषिकांत दुबे और मध्यप्रदेश के ढालसिंह बिसेन ने धर्मांतरण के इस मुद्दे को उठाते हुए मांग की थी कि ह्यदूसरा धर्म अपनाने वाले लोगों को आरक्षण का लाभ नहीं मिलना चाहिए। क्योंकि अनुसूचित जातियों और जनजातियों को प्रलोभन देकर धर्म परिवर्तन का चलन लगातार बढ़ रहा है। दरअसल संविधान के अनुच्छेद-342 में धर्म परिवर्तन के संबंध में अनुच्छेद-341 जैसे प्रावधानों में लोच है। 341 में स्पश्ट है कि अनुसूचित जाति (एसटी) के लोग धर्म परिवर्तन करेंगे तो उनका आरक्षण समाप्त हो जाएगा। इस कारण यह वर्ग धर्मांतरण से बचा हुआ है। जबकि 342 के अंतर्गत संविधान निमार्ताओं ने जनजातियों के आदि मत और पुरखों की पारंपरिक सांस्कृतिक आस्था को बनाए रखने के लिए व्यवस्था की थी कि अनुसूचित जनजातियों को राज्यवार अधिसूचित किया जाएगा। यह आदेश राष्ट्रपति द्वारा राज्य की अनुशंसा पर दिया जाता है। इस आदेश के लागू होने पर उल्लेखित अनुसूचित जनजातियों के लिए संविधान सम्मत आरक्षण के अधिकार प्राप्त होते हैं। इस आदेश के लागू होने के उपरांत भी इसमें संशोधन का अधिकार संसद को प्राप्त है। इसी परिप्रेक्ष्य में 1956 में एक संशोधन विधेयक द्वारा अनुसूचित जनजातियों में धर्मांतरण पर प्रतिबंध के लिए प्रावधान किया गया था कि यदि इस जाति का कोई व्यक्ति ईसाई या मुस्लिम धर्म स्वीकार्यता है तो उसे आरक्षण का लाभ नहीं मिलेगा। किंतु यह विधेयक अब तक पारित नहीं हो पाया है। अनुच्छेद 341 के अनुसार अनुसूचित जातियों के वही लोग आरक्षण के दायरे में हैं, जो भारतीय धर्म हिंदू, बौद्ध और सिख अपनाने वाले हैं। गोया, अनुच्छेद-342 में 341 जैसे प्रावधान हो जाते हैं, तो अनुसूचित जनजातियों में धर्मांतरण की समस्या पर स्वाभाविक रूप से अंकुश लग जाएगा। द्रौपदी मुर्मू के राष्ट्रपति बनने के बाद ऐसे झोलों को खत्म करने की संभावना बढ़ जाएगी।

झारखंड के आदिवासी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने एक आभासी परिचर्चा में कहा था कि भारत के आदिवासी हिंदु नहीं हैं। वे पहले न कभी हिंदू थे और न कभी हिंदू होंगे। झारखंड में 32 आदिवासी प्रजातियां हैं, जो अपनी भाषा, संस्कृति और रीति-रिवाजों को अस्तित्व में बनाए रखने के लिए संघर्षरत हैं। उन्होंने यह बात अमेरिका के हार्वर्ड विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित एक वेबीनार में कही थी। इस बयान को लेकर विश्व हिंदू परिषद के महासचिव मिलिंद परांडे ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए सोरेन के बयान को ईसाई मिशनरियों की कुटिल चाल बताया था। दरअसल सोरेन जबसे झारखंड के मुख्यमंत्री बने हैं, तभी से 2021 के जनगणना पत्रक में नए कॉलम और कोड को लेकर विवादित बयान दे रहे हैं। भारत में ऐसे अनेक वामपंथी बौद्धिक हैं, जो भारतीय जाति व्यवस्था को लेकर दुराग्रहों से भरे हैं। जबकि स्वयं उसी जातिवाद के अनुयायी हैं। हालांकि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ हमेशा इस कोशिश में रहा है कि आदिवासी जनगणना प्रारूप में अपना धर्म हिंदू लिखें। प्रकृति के उपासक देश के सभी 645 आदिवासी समुदाय हिंदू हैं, क्योंकि वे भगवान शिव की पूजा के साथ उन सभी देवी-देवताओं की पूजा करते हैं, जिनकी बृहद हिंदू समाज पूजा करता है। यही नहीं इन्हीं देवों से वे अपनी उत्पत्ति बताते हैं। देशभर की आदिवासी लोक-कथाएं इन तथ्यों की पुष्टि करती हैं। वाल्मीकि रामायण और महाभारत में आदिवासियों को वनवासी कहा गया है। इन वनवासी पात्रों की मान्यता समूची सनातन संस्कृति में राम और कृष्ण के समतुल्य है। आदिवासी ! कहने को तो चार अक्षरों की छोटी सी संज्ञा है, लेकिन यह षब्द देश भर में फैली अनेक आदिवासी या वनवासी नस्लों, उनके सामाजिक संस्कारों, संस्कृति और सरोकारों से जुड़ा है। इनके जितने सामुदायिक समूह हैं, उतनी ही विविधतापूर्ण जीवन शैली और संस्कृति है। चूंकि अभी भी इस संस्कृति के जीवनदायी मूल्यों और उल्लासमयी अठखेलियों से अपरिचित हैं, इसलिए इनका जीवन हमारे लिए विस्मयकारी बना हुआ है। इस संयोग के चलते ही उनके प्रति यह धारणा भी बना ली गई है कि एक तो वे केवल प्रकृति प्रेमी हैं, दूसरे वे आधुनिक सभ्यता और संस्कृति से दूर हैं। इस कारण उनके उस पक्ष को तो ज्यादा उभारा गया, जो घोटुल, भगोरिया और रोरूंग जैसे उन्मुक्त रीति-रिवाजों और दैहिक खुलेपन से जुड़े थे, लेकिन उन मूल्यों को नहीं उभारा गया, जो प्रकृति से जुड़ी ज्ञान-परंपरा, वन्य जीवों से सह-अस्तित्व, प्रेम और पुनर्विवाह जैसे आधुनिकतम सामाजिक मूल्यों व सरोकारों से जुड़े हुए हैं। इन संदर्भों में उनका जीवन व संस्कृति से जुड़ा संसार आदर्ष रहा है।

# बढ़ता रेगिस्तान और सूखा दुनिया के समक्ष बड़ी चुनौती

**मरुस्थलीकरण और सूखा दिवस का उद्देश्य सभी स्तरों पर मजबूत व सामुदायिक भागीदारी और सहयोग में निहित है। यह दिन मरुस्थलीकरण, भूमि क्षरण और सूखे के मुद्दों और इससे निपटने के तरीके के बारे में सभी को जागरूक करने के लिए आयोजित किया जाता है। विश्व स्तर पर, 23 प्रतिशत भूमि अब उत्पादक नहीं है, वहीं 75 प्रतिशत में ज्यादातर भूमि को कृषि के लिए उसकी प्राकृतिक अवस्था से बदल दिया गया है। हालांकि, वर्तमान में भूमि उपयोग में यह परिवर्तन मानव इतिहास में किसी भी समय की तुलना में काफी तेज गति से हो रहा है, और पिछले 50 वर्षों में इसमें तेजी आई है।**





**ललित गर्ग**

**लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।**

वर्ष 1995 से प्रत्येक साल विश्व के विभिन्न देशो में 17 जून को विश्व रेगिस्तान एवं सूखा रोकथाम दिवस मनाया जाता है। इसका उद्देश्य अंतरराष्ट्रीय सहयोग से बंजर और सूखे के प्रभाव का मुकाबला करने के लिए जन जागरूकता को बढ़ावा देना है एवं भविष्य में रहने के लिये भूमि, पर्यावरण एवं जल आदि समस्याओं के लिये सर्तक करना है। मरुस्थलीकरण तब होता है जब उपजाऊ भूमि मानव गतिविधि के माध्यम से मिट्टी के अत्यधिक दोहन के कारण शुष्क हो जाती है। किसी ग्रह के जीवन चक्र के दौरान मरुस्थल स्वाभाविक रूप से बनते हैं, लेकिन जब मानव के अति दोहन एवं प्रकृति के प्रति उपेक्षा के कारण मिट्टी में पोषक तत्वों की भारी और अनियंत्रित कमी होती है, तो यह मरुस्थलीकरण की ओर ले जाता है। वहीं बढ़ती विश्व जनसंख्या के कारण रहने के लिए अधिक भूमि की आवश्यकता होती है। साथ ही मनुष्यों और जानवरों दोनों के लिए भोजन एवं पानी की मांग बढ़ जाती है। इन मांगों और आवश्यकताओं को पूरा करने अच्छी उपजाऊ भूमि का संयम एवं विवेकपूर्वक उपयोग जरूरी है। वर्ष 1994 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने बंजर और सूखे से जुड़े मुद्दे पर विश्व-जन का ध्यान आकर्षित करने और सूखे और मरुस्थलीकरण का दंश झेल रहे देशों मरुस्थलीकरण रोकथाम कन्वेंशन के कार्यान्वयन के लिए विश्व मरुस्थलीकरण रोकथाम और सूखा दिवस की घोषणा की। मरुस्थलीकरण और सूखा दिवस का उद्देश्य सभी स्तरों पर मजबूत व सामुदायिक भागीदारी और सहयोग में निहित है। यह दिन मरुस्थलीकरण, भूमि क्षरण और सूखे के मुद्दों और इससे निपटने के तरीके के बारे में सभी को जागरूक करने के लिए आयोजित किया जाता है। विश्व स्तर पर, 23 प्रतिशत भूमि अब उत्पादक नहीं है, वहीं 75 प्रतिशत में ज्यादातर भूमि को कृषि के लिए उसकी प्राकृतिक अवस्था से बदल दिया गया है। हालांकि, वर्तमान में भूमि उपयोग में यह परिवर्तन मानव इतिहास में किसी भी समय की तुलना में काफी तेज गति से हो रहा है, और पिछले 50 वर्षों में इसमें तेजी आई है। इसीलिये रेगिस्तान या मरुस्थल के रूप में बंजर, शुष्क क्षेत्रों का विस्तार होता जा रहा है, जहाँ वनस्पति नहीं के बराबर होती है, यहाँ केवल वही पौधे पनप सकते हैं, जिनमें जल संचय करने की अथवा धरती के बहुत नीचे से जल प्राप्त करने की अदभुत क्षमता हो। इस क्षेत्र में बेहद शुष्क व गर्म स्थिति किसी भी पैदावार के लिए उपयुक्त नहीं होती है। वास्तविक मरुस्थल में बालू की प्रचुरता पाई जाती है। मरुस्थल कई प्रकार के हैं जैसे पथरीले मरुस्थल में कंकड़-पत्थर से युक्त भूमि पाई जाती है। इन्हें अल्जीरिया में रेग तथा लीबिया में सेरिर के नाम से जाना जाता है। चट्टानी मरुस्थल में चट्टानी भूमि का हिस्सा अधिकाधिक होता है। इन्हें सहारा क्षेत्र में हमादा कहा जाता है। राजस्थान प्रदेश में थार का रेगिस्तान दबे पांव अरावली पर्वतमाला की दीवार पार कर पूर्वी राजस्थान के जयपुर, अलवर और दौसा जिलों की ओर बढ़ रहा है। केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय और भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के राजस्थान में चल रहे प्रोजेक्ट में ऐसे संकेत मिल रहे हैं। अब तक 3000 किमी लंबे रेगिस्तानी इलाकों को उत्तर प्रदेश, बिहार और प. बंगाल तक पसरने से अरावली पर्वतमाला रोकती है। कुछ वर्षो से लगातार वैध-अवैध खनन के चलते कई जगहों से इसका सफाया हो गया है। उन्हीं दरारों और अंतरालों के बीच से रेगिस्तान पश्चिम से पूर्व की ओर बढ़ चला है।

यही स्थिति रही तो आगे यह हरियाणा, दिल्ली, यूपी तक पहुंच सकता है। लगातार बढ़ रहा रेगिस्तान एक गंभीर चिन्ता का विषय है। भूमि और सूखा एक जटिल और व्यापक सामाजिक-आर्थिक और पर्यावरणीय प्रभावों के साथ प्राकृतिक खतरे के अतिक्रमण के अलावा किसी भी अन्य प्राकृतिक आपदा की तुलना में अधिक लोगों की मृत्यु और अधिक लोगों को विस्थापित करने के लिए जाना जाता है। इससे अनुमान लगाया जा सकता है कि 2025 तक, 1.8 बिलियन लोग पूर्ण रूप से पानी की कमी का अनुभव करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी दूसरी पारी में अब प्रकृति- पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण-मुक्ति के साथ बढ़ते रेगिस्तान को रोकने के लिये सक्रिय हैं। कुशल राजनीतिक की तरह वे जुझारू किसान एवं पर्यावरणविद की भांति धरती पर मंडरा रहे खतरों एवं बढ़ते रेगिस्तान को रोकने के लिये जागरूक हुए हैं। बंजर जमीन को उपजाऊ बनाने एवं पर्यावरण की रक्षा को लेकर प्रधानमंत्री का संकल्प एक शुभ संकेत है, नये भारत के अभ्युदय का प्रतीक है। उम्मीद करें कि सरकार की नीतियों में जल, जंगल, जमीन एवं जीवन की उन्नत संभावनाएं और भी प्रखर रूप में झलकेगी और धरती के मरुस्थलीकरण के विस्तार होते जाने की स्थितियों पर काबू पाने में सफलता मिलेगी। प्रधानमंत्री ने भारत 2030 तक 2.1 करोड़ हेक्टेयर बंजर जमीन को उपजाऊ बनाने के अपने लक्ष्य को बढ़ाकर 2.6 करोड़ हेक्टेयर किया है, इससे पर्यावरण की रक्षा तो होगी कि ऊपजाऊ भूमि का भी विस्तार होगा। देखने में आ रहा है कि कथित आधुनिक समाज एवं विकास का प्रारूप अपने को कालजयी मानने की गफलत पाले हुए है और उसकी भारी कीमत भी चुका रहा है। लगातार पांव पसार रही तबाही इंसानी गफलत को उजागर तो करती रही है, लेकिन समाधान का कोई रास्ता प्रस्तुत नहीं कर पाई। ऐसे में अगर मोदी सरकार ने कुछ ठानी है तो उसका स्वागत होना ही चाहिए। क्या कुछ छोटे, खुद कर सकने योग्य कदम नहीं उठाये जा सकते? मरुस्थलीकरण का विस्तार और प्रकृति के साथ खिलवाड़ होता रहा तो वह दिन दूर नहीं होगा, जब हमें शुद्ध पानी, शुद्ध हवा, उपजाऊ भूमि, शुद्ध वातावरण एवं शुद्ध वनस्पतियाँ नहीं मिल सकेंगी। इन सबके बिना हमारा जीवन जीना मुश्किल हो जायेगा। आज आवश्यकता है कि प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण की ओर विशेष ध्यान दिया जाए, जिसमें मुख्यतः धूप, खनिज, वनस्पति, हवा, पानी, वातावरण, भूमि तथा जानवर आदि शामिल हैं।

# दंगा संस्कृति

**पूरन सरमा**

दंगा हमारा राष्ट्रीय कार्यक्रम है। हमारे देश में यह प्रायोजित भी करवाया जाता है। वक्त जरूरत जिसको इसकी आवश्यकता होती है, वह दंगा उठा लेता है और दे मारता है देश के भाल पर। राष्ट्रवादियों ने इसे तहेदिल से अपनाया है। यह कहना भी अतिशयोक्तिपूर्ण नहीं होगा कि अब दंगा ही हमारी राष्ट्रीय मुख्यधारा का मार्ग बन रहा है तथा सभी राजनीतिक दलों का झुकाव कमोबेश रूप में दंगों की ओर हो गया है। साम्प्रदायिकता भड़काना और धार्मिक उन्माद से वर्ग संघर्ष उभारना हमारी दिनचर्या में शामिल होने लगा है। धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र में हम धर्म की दुहाई देकर अपने-अपने झंडे उठाए भिड़ने को तैयार बैठे हैं। कहिए कैसी लगती है हमारी यह धर्मनिरपेक्षता? दंगा संस्कृति का उद्भव और विकास यों तो ज्यादा प्राचीन नहीं है, परंतु दंगा समर्थक इसे आदि संस्कृति से जोड़कर अपने पक्ष में समर्थन जुटाते हैं। जबकि दंगा राजनीति का उद्भव आजादी के वर्ष में हुआ तथा तब से आज तक वह दिन दूनी रात चौगुनी फल-फूल रही है। आज तो हालात और भी पक्ष में हो गए हैं तथा दंगाइयों की संख्या भी उसी अनुपात से पनप रही है। दंगा हमारी जरूरत बनता जा रहा है और लगने लगा है कि बिना इसकी सहायता के अनेक समस्याओं का हल खोजना कठिन हो गया है। इसलिए नियोजित ढंग से दंगा-संस्कृति को पनपाया जा रहा है। दंगाइयों की वानर सेना पूरी तरह व्यावसायिक हो गई है-जिसे जिस तरफ से भरपेट भोजन मिलता है, उसी ओर से वार करने लगती है। भारत में दंगों का अपना मौलिक स्वरूप है। यहां जैसे दंगे अन्यत्र दुर्लभ हैं। क्षुद्र स्वार्थों के लिए आपसी टकराव, अलगाव तथा आतंक का सहारा लेना नियति बन गया है तथा इसे उद्योग रूप में संचालित किया हुआ है। पैसा चाहे देशी हो या विदेशी हमारे दंगाइयों को इससे कोई मतलब नहीं, वे बस मारकाट मचा देंगे तथा कर्फ्यू लगवा देंगे। उन्हें हथियार, गोली-बारूद सब मुहैया करवाया जाता है। एक सामान्य आदमी अपना पूरा जीवन लगाकर एक पिस्टल का लाइसेंस भी नियमानुसार मांगे तो उसे नहीं मिले, लेकिन दंगाई महापुरुषों के पास सैंकड़ों-हजारों की संख्या में पिस्तोलें मिल जाएंगी। इनके आयोजक मुख्य रूप से राजनीतिक लोग होते हैं-जो अपनी स्वार्थसिद्धी के लिए दंगा कराते रहते हैं। अब तो हालात यह है कि उनके पास अपना एक अच्छा खासा समृद्ध इतिहास बन गया है। मुफ्त माल मारने की बढ़ती प्रवृत्ति ने भी दंगा-संस्कृति को समुचित संरक्षण प्रदान किया है। लूट, आगजनी तथा राहजनी की घटनाएं इतनी बढ़ गई हैं कि हम अपना मूल स्वरूप खो बैठे हैं-इसका पता नहीं चला तथा हमारी आने वाली पीढ़ी को लग रहा है कि उसकी अपनी संस्कृति ही है दंगा-संस्कृति। उसे विरासत में जो मिला है-वह उसे ही आगे बढ़ाते हैं और नए कीर्तिमान कायम करते हैं। दंगा प्रधान देश होने से हमारे यहां भले मानवों के साथ बुरा हुआ है। वे न तो दंगाइयों की बुराई कर सकते और न उपदेशों की घुट्टी पिला सकते, ऐसी विकट स्थिति में इसे नियति मानकर सहते चले जाने के अलावा दूसरा रास्ता नहीं है। बचपन से ही बटमारी की हमारी आदत ने दंगा-संस्कृति का शीर्ष बना दिया गया है हमें। जो लोग दंगा कराते हैं-वे ही जांच भी कराते हैं, क्योंकि हमारे यहां लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था है।

## संक्षिप्त खबरें

### ई-रिक्शा पलटने से चालक समेत छह लोग घायल

रहरा। गुरुवार देर रात अलीगढ़ मार्ग पर मंगरौली के पास सड़क टूटी होने के कारण ई-रिक्शा पलट गया। चालक समेत छह लोग घायल हो गए। निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया गया। रहरा थाना क्षेत्र के गांव भावली निवासी अशोक परिवार के साथ मंडी धनौरा में शादी समारोह में शामिल होकर ई-रिक्शा से अपने गांव लौट रहा था। जैसे ही उनकी रिक्शा गांव मंगरौली के पास पहुंची तो सड़क टूटी होने के कारण ई-रिक्शा अलीगढ़ मार्ग पर पलट गई। अशोक की पत्नी सविता, बेटा प्रशांत, सरवन देवी, रमन सिंह, मयंक व ई-रिक्शा चालक आदमपुर थाना क्षेत्र के गांव निरयावली खादर निवासी ओमी पुत्र रामप्रसाद घायल हो गए। ग्रामीणों ने घायलों को निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया गया। ओमी की हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सक ने हायर सेंटर रेफर किया। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में नाला न होने की वजह से गंदा पानी सड़क पर फैल जाता है, इससे सड़क क्षतिग्रस्त हो गई है। सड़क पर गहरा गड्ढा बन गया है। आरोप लगाया कि इस बावत कई बार विभागीय अधिकारियों से शिकायत करने के बाद भी समस्या जस की तस बनी है। लोक निर्माण विभाग से जुड़े जिम्मेदार अफसर सड़क निर्माण या मरम्मतीकरण की सुध नहीं ले रहे हैं। मामले में कोई कानूनी कार्रवाई भी नहीं की गई है।

### सरकारी अभिलेख गायब करने के आरोप में सहायक लेखाकार निलंबित

सहारनपुर। उत्तर प्रदेश के सहारनपुर में नगर आयुक्त ज्ञानेंद्र सिंह ने वर्ष 2010 से लेखा विभाग में कार्यरत इंद्रजीत आनंद को सरकारी अभिलेख गायब करने के आरोप में शुक्रवार को निलंबित कर दिया। सिंह ने बताया कि इंद्रजीत पर लगे आरोपों की जांच उप नगर आयुक्त दिनेश यादव करेंगे। नगर आयुक्त के आदेश में कहा गया है कि इंद्रजीत पर कार्यकारिणी समिति के लिपिक का भी कार्यभार है। गत 15 जून को समिति की बैठक थी। उस बैठक के लिए एजेंडा प्रस्तुत ना करने, 13 जून से 15 जून तक अवकाश पर चले जाने, अधिष्ठान लिपिक से अपना अवकाश प्रार्थना पत्र लेकर तीन दिन के अवकाश को ओवर राइटिंग कर एक दिन का करने, बिना सक्षम अधिकारी की अनुमति प्राप्त किए कर्मचारियों के बकाया का भुगतान करने और सरकारी अभिलेख गायब करने आदि का आरोप है। उन्होंने बताया कि इन आरोपों के कारण इंद्रजीत को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। इन आरोपों की जांच होने तक वह निलंबित रहेंगे।

### पति ने पत्नी एवं दो बच्चों को किया आग के हवाले, पत्नी की हुयी मौत

कुशीनगर। उत्तर प्रदेश के कुशीनगर जिले में कप्तानगंज थाना क्षेत्र के गांव फर्द मुंडेरा में गुरुवार को देर रात एक युवक ने अपनी पत्नी और दो बच्चों पर पेट्रोल छिड़क कर उन्हें आग के हवाले कर दिया। इस घटना में महिला की मौत हो गई तथा बच्चों की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस के अनुसार फर्द मुंडेरा गांव का रहने वाला रामसमुझ मजदूरी करता है। वह अपने परिवार के साथ एक कमरे के

# सिंगल यूज प्लास्टिक के संबंध में चलाया जायेगा वृहद जन जागरूकता अभियान रेस: एडीएम

बिजनौर , प्रात: किरण संवाददाता



सिंगल यूज प्लास्टिक के एकत्रीकरण, पुनर्चक्रमण तथा उसके सम्बन्ध में लगाये गये प्रतिबन्ध को प्रभावी तरीके से लागू कराये जाने के उद्देश्य से वृहद जन जागरूकता अभियान दिनांक 29 जून से 03 जुलाई, 2022 तक चलाया जायेगा। उक्त के प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) विनय कुमार सिंह की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। उन्होंने बताया कि नगर निकाय नोडल संस्था होगी। आमजन को सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रतिबन्ध के सम्बन्ध में जागरूक किया जायेगा। अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) विनय कुमार सिंह द्वारा अधिकारियों को अवगत कराया गया कि स्थलीय एव जलीय इकोसिस्टम पर बिखरे हुए प्लास्टिक के कचरे के प्रतिकूल प्रभावों के दृष्टिगत वर्ष 2022 तक एकल उपयोग वाले प्लास्टिक को चरणबद्व तरीके से समाप्त किये जाने के उद्देश्य से पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबन्धन संशोधन नियम, 2021 को अधिसूचित कर दिया गया है। यह नियम वर्ष 2022 तक कम उपयोगिता और कचरे के रूप में बिखरने की अधिक क्षमता रखने वाली एकल उपयोग की प्लास्टिक को प्रतिबंधित करता है। स्थलीय एवं जलीय इकोसिस्टम पर बिखरे हुए प्लास्टिक के कचरे के प्रतिकूल प्रभावों विशेषकर माईक्रो - प्लास्टिक के मानव आहार श्रंखला में पाये जाने की रोकथाम में नगर निकायों की महत्वपूर्ण भूमिका है।

उन्होंने बताया कि उक्त के दृष्टिगत पर्यावरण , वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग तथा नगर विकास विभाग द्वारा संयुक्त रूप से प्रदेश के अन्तर्गत दिनांक 29 जून 2022 से 03 जुलाई 2022 तक सिंगल यूज प्लास्टिक के एकत्रीकरण, पुनर्चक्रण तथा उसके सम्बन्ध में लगाये गये प्रतिबन्ध को प्रभावी तरीके से लागू कराये जाने के उद्देश्य से वृहद जन जागरूकता अभियान रेस-रिडक्शन अवेयरनेस सकुर्लर (सॉलुशन) एण्ड (मॉस) इंगेजमेंन्ट आयोजित कराये जाने का निर्णय लिया गया है।

उन्होंने बताया कि नगर निकाय नोडल संस्था होगी। उन्होंने बताया कि 29 जून से 3 जुलाइ, 2022 तक नगर निकाय स्तर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। अभियान अन्तर्गत सार्वजनिक स्थल, बस अड्डे, बाजार मण्डी रेलवे लाईन व रेलवे स्टेशन कार्यालय परिसरों, शैक्षिक संस्थानों के परिसरों, खाली पड़ी भूमि घाट एवं नदी-नालों के किनारे इत्यादि स्थलों पर व्यापक जन सहयोग एवं राजकीय संसाधनों की सहायता से प्लास्टिक अपशिष्ट को एकत्रित कराते हुए उसे ब्राण्ड ओनर्स एवं री-साईक्लर्स के माध्यम से निस्तारित कराया जायेगा तथा सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रतिबन्ध के सम्बन्ध में वृहद जन जागरूकता अभियान चलाया जायेगा। इस अवसर पर क्षेत्रीय अधिकारी उ० प्र० प्रदूषण कन्ट्रोल बोर्ड बिजनौर आशुतोष चैहान, कमाण्डेण्ट एन०सी०सी० सचिन शर्मा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, प्रवक्ता राजकीय पॉलीटेक्निक, सचिव मण्डी समिति बिजनौर व सहायक क्षेत्रीय प्रबन्धक उ० प्र० रा० स० परि० नि० के प्रतिनिधि के साथ जनपद की नगरीय निकायों के अधिशासी अधिकारियों आदि उपस्थित रहे।

### कार्यक्रमो के सफल आयोजन के लिये विधिक प्राधिकरण ने मांगी कोटेशन

बिजनौर। प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने जानकारी देते हुये बताया कि माननीय उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निदेर्शानुसार जनपद न्यायालय बिजनौर मे लोक अदालत एवं विभिन्न विधिक कार्यक्रमो का आयोजन समय-समय पर किया जाता है, जिस हेतु कार्यालय, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बिजनौर के द्वारा विभिन्न प्रकार की सामग्रियों जैसे फ्लेक्सीध्बैनर, पैम्फलेट, गोंद, पेपर रिम व फाईल कवर का क्रय किया जाता है, जिसके सम्बन्ध मे माननीय जनपद न्यायाधीशध्अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बिजनौर के निदेर्शानुसार सम्बन्धित वेन्डरो से दिनांक 27 जून से दिनांक 04 जुलाई 2022 तक कोटेशन आहूत की गयी है। उन्होंने बताया कि इच्छुक वेन्डर उक्त दिनांको के मध्य अपनी कोटेशन कार्यालय, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बिजनौर की ई-मेल आई0डी0 इपरदवतकसें/हउपस.बवउ पर अथवा कार्यालय मे उपस्थित होकर प्राप्त करा सकते है। अधिक जानकारी हेतु कार्यालय लिपिक सौरभ सिंह 8630489633 के नम्बर पर सम्पर्क किया जा सकता है।

## जिलाधिकारी द्वारा दूरस्थ ग्रामों का भ्रमण कर ग्रामवासियों की सुनी गईं समस्याएं

बिजनौर , प्रात: किरण संवाददाता

जिलाधिकारी उमेश मिश्रा द्वारा आज विभिन्न ग्रामों जिनमें ग्राम तेलीपाड़ा, मोटाढाक, रामपुर चाठा सहित अन्य ग्रामों का निरीक्षण करते हुए स्थानीय लोगों की समस्याओं को सुना और प्राथामिकता के आधार पर उनके निराकरण के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी के0पी0 सिंह, उप जिलाधिकारी के अलावा अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद थे। जिलाधिकारी श्री मिश्रा निरीक्षण के दौरान सर्वप्रथम ग्राम तेलीपुरा पहुंचे और वहां पर ग्रामवासियों की समस्याओं को सुना। इस अवसर पर ग्रामवासियों द्वारा बताया गया कि गांव में विद्युत रोस्टर का पता न होने के कारण मालूम नहीं होता कि बिजली के आने-जाने का समय किया है, उक्त संबंध में शेड्यूल से अवगत कराने और हाई टेनशन विद्युत लाईन को हटाने के लिए अनुरोध किया गया, जिस पर जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता विद्युत को निर्देश दिए कि ग्राम के मुख्य स्थान पर विद्युत रोस्टर को प्रदर्शित कराएं और गांव के ऊपर से गुजरने वाली हाईटेंशन विद्युत लाईन को हटाना सुनिश्चित करें। ग्रामवासियों ने इस अवसर पर जिलाधिकारी से आवारा पशुओं की समस्या का निदान कराने, लिंक रोड बनवाने तथा गांव में स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता के लिए पाईप पेयजल योजना के अंतर्गत पानी की टंकी बनवाने की मांग भी की गई, जिस पर उन्होंने आवारा पशुओं को पशुाश्रय स्थल में पहुंचाने के लिए उपजिलाधिकारी तथा अधिशासी अभियंता जल निगम को गांव में स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता के लिए पाईप लाइन योजना से आच्छादित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर ग्रामवासियों द्वारा शमशान घाट विकसित करने की भी मांग की गई। तदुपरांत जिलाधिकारी श्री मिश्रा ग्राम मथुरापुर मोर पहुंचे, जहां पर ग्रामवासियों द्वारा बताया गया कि गांव के ऊपर 11 हजार पावर की विद्युत लाईन गुजर रही है, जिससे हर समय किसी भी दुर्घटना होने की आशंका बनी रहती है, यदि केबिल लाईन का प्रयोग किया जाए तो इस समस्या का स्थायी समाधान सम्भव हो सकता है, जिसपर उन्होंने अधिशासी अभियंता को उक्त सम्बन्ध में तत्काल आवश्यक करते हुए समस्या के समाधान करने के निर्देश दिए। युवाओं के लिए खेल के मेदान की मांग करने पर उन्होंने उप जिलाधिकारी को निर्देश दिए कि ग्राम समाज की भूमि का चिन्हिकरण कर ग्राम के युवाध्युवतियों के लिए खेल के मेदान का निर्माण कराएं।

### दिन निकलते ही तापमान पहुंचा 39 डिग्री के पार



अमरोहा। शुक्रवार को दिन निकलते ही जिले का तापमान 39 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया। भीषण गर्मी में आबादी का बुरा हाल रहा। लगातार बढ़ रही गर्मी के बीच बारिश होने के बाद ही राहत की उम्मीद बंधी है। दिन की शुरूआत के साथ ही सूरज की तपिश से धरती तपने लगी। सड़कों पर नजर आए लोग पसीने में तरबतर दिखे। बाजारों से ग्राहकों की भीड़ का नजारा गायब दिखा। गर्मी से राहत पाने के लिए लोग जरूरी कामों से ही घरों के बाहर निकले। जरूरी कामों को निपटाने के बाद एक बार फिर से लोग जल्द घरों में कैद हो गए। वहीं दूसरी ओर बारिश नहीं होने से फसलें भी सूखने की कगार पर हैं। किसानों की चिंता बढ़ गई है। जल्द बारिश नहीं होने पर फसलों में नुकसान की आशंका बनी है। वहीं गर्मी से जूझ रहे आम जनजीवन को भी बारिश के बाद ही राहत की आस बंधी है।

## हीरे, रत्न व शहद जैसे मित्रकाल के प्रभाव से मिट्टी और दुःख में बदल जाते : बाबा फुलसन्दे वाले

नजीबाबाद , प्रात: किरण संवाददाता



एक तू सच्चा तेरा नाम सच्चा ईश्वर मंत्र के दृष्टा सत्पुरुष बाबा फुलसन्दे वालो ने कहा कि हीरे, रत्न, और शहद जैसे मित्रकाल के प्रभाव से मिट्टी और दुःख मे बदल जाते हैं। शास्वत शान्ति तो पारब्रह्म के ध्यान से और सत्पुरुषों की सत्संगति से ही प्राप्त होती हैं। वह आज नजीबाबाद में सिद्धबली विहार कालोनी मे जितेंद्र सिंह के आवास पर आयोजित दिव्य सत्संग कार्यक्रम में उपस्थित श्रद्धालुओं को प्रवचन कर रहे थे। इस से पूर्व भारी संख्या में साध संगत ने सत्पुरुष बाबा का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। सत्संग करते हुए उन्होंने आगे कहा कि हे परमेश्वर मे तुझसे सोना, चांदी, राज्य, सौभाग्य नहीं मांगता, बल्कि मुझे सत्पुरुषों की शुभ संगति प्राप्त होती रहे। उन्होंने कहा कि ये संसार तो किसी स्वपन की तरह है। मेरी आँखें दिन-रात तेरे द्वारा रचे हुए स्वपन जैसे संसार को देखती रहती हैं। उन्होंने आगे कहा कि सभी को एक परमात्मा की स्तुती करनी चाहिए। और मानव कल्याण के लिए सर्वप्रथम राष्ट्रहित सर्वोपरि होना चाहिए। इस संसार में इंसानों के होल मे कितने ही देवों और असुरों को में देखता हूँ। देवपुरुष शान्त हुए दूसरों के कष्टों को हरते हैं। और असुर यानि दुष्ट आत्मायें दूसरों को सदा कष्ट पहुंचाती रहती हैं। ऐसे दुष्टों के मुखः कलह- कलेश की अग्नि में जले रहते हैं। वे अपनी जिद और हठ पर अड़े रहते हैं। इस आयोजन पर जितेंद्र सिंह, पुष्पेंद्र सिंह, गजेंद्र सिंह, राकेश प्रधान, मनोज, सुनील राणा, अनिल कुमार, अजेंद्र, अनिता शर्मा, पूनम रानी, राहुल देवता, धनपति देवता, गरुण देवता, सोहंग देवता आदि मौजूद रहे।

### वुड क्रॉफ्ट फैक्ट्री में शार्ट सर्किट से लगी आग, इमारत भी हुई क्षतिग्रस्त

डिडौली। इलाके में शार्ट सर्किट से लकड़ी के आईटम बनाकर एक्सपोर्ट करने वाली एक फैक्ट्री में आग लग गई। आग इतनी भीषण थी की सब सामान जलकर खाक हो गया। मौजूद कर्मियों के बीच भगदड़ मच गई। दमकल विभाग के चार वाहनों ने बमुश्किल आग पर काबू पाया। जलने वाले सामान में लकड़ी के बने-अधबने आइटम और लाखों रुपये कीमत की लकड़ी शामिल है। फैक्ट्री की इमारत भी क्षतिग्रस्त हुई है। डिडौली क्षेत्र के गांव हटव्वा के जंगल में एमजीए डिजाइन के नाम से फैक्ट्री संचालित है। फैक्ट्री में कारीगर लकड़ी के आइटम बनाते हैं, जिन्हें एक्सपोर्ट किया जाता है। शुक्रवार सुबह लगभग पांच बजे अचानक शार्ट सर्किट से फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग की ऊंची लपटें उठने लगी। फैक्ट्री में मौजूद कर्मियों के बीच भगदड़ मच गई। आग की सूचना से आसपास गांवों तक हड़कंप मच गया। मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जुट गई। सूचना पर दमकल की चार गाड़ियां मौके पर पहुंची। बमुश्किल आग पर काबू पाया जा सका।

## पूर्व सैनिक संगठन द्वारा मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन कोतवाल को सौंपा गया

अफजलगढ़, प्रात: किरण संवाददाता



पूर्व सैनिक अर्द्धसैनिक कल्याण समिति की बैठक में अग्निपथ योजना के विभिन्न बिंदुओं पर विचार विमर्श किया गया। इस मौके पर संगठन द्वारा मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन कोतवाल अफजलगढ़ को सौंपा गया। गुरूवार को गांव कादराबाद स्थित पूर्व सैनिक अर्द्धसैनिक कल्याण समिति के कार्यालय पर आयोजित बैठक में अग्निपथ योजना पर विचार विमर्श किया गया। योजना को जनहित तथा राष्ट्रीय हित में बताते हुए वक्ताओं ने योजना का विरोध करने वाले लोगों की कड़ी आलोचना करते हुए इनके विरुद्ध प्रशासन द्वारा की गई कार्रवाई को उचित करार दिया। वक्ताओं ने योजना का विरोध कर रहे है युवाओं को चिन्हित कर सरकारी नौकरी के लिए अयोग्य घोषित करने की मांग की है। वक्ताओं ने भारत सरकार की सेना में भर्ती के लिए अग्निपथ योजना लागू करने की प्रतिबद्धता की सराहना करते हुए योजना को लागू करने के लिए सरकार को सहयोग का भरोसा दिलाया। बैठक को सम्बोधित करते हुए पूरन सिंह असवाल ने बताया कि अग्निपथ योजना को लेकर जो जगह जगह तोड़फोड़ बच्चों की भावनाओं को भड़काया गया और जनजन की हानि बड़ा देश का दुर्भाग्य है। शासन की गाइड लाइन का जो पालन नहीं करेंगे तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी और कोतवाल मनोज कुमार सिंह को शासन का सहयोग का भरोसा दिलाया। बैठक को सम्बोधित करते कोतवाल मनोज कुमार सिंह ने अग्निपथ योजना पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डालते हुए उपस्थित पूर्व सैनिकों से अग्निपथ योजना को लेकर सुझाव एकत्र किए। और उन्होंने पूर्व सैनिकों से अग्निपथ योजना की जानकारी बताते हुए सहयोग करने का आह्वान किया। बैठक की अध्यक्षता कैप्टन रघुवीर सिंह बिष्ट तथा संचालन पूरन सिंह असवाल ने किया। इस अवसर पर प्रधान कैलाशचंद चैधरी, विरेन्द्र सिंह नेगी, अजीत सिंह, धर्मपाल सिंह,उत्तम सिंह गोसाईं ,भूपेंद्र सिंह रावत, जगमोहन सिंह नेगी, मदन सिंह रावत, शयाम काला, महीपाल सिंह तथा राकेश नेगी आदि उपस्थित रहे।

## थाना प्रांगण में शांति समिति की बैठक आयोजित



मंडावर, प्रात: किरण संवाददाता

गुरुवार की शाम थाना प्रांगण में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। थाना अध्यक्ष संजय कुमार ने बैठक में मौजूद सभी से ग्राम प्रधानों व्यापारियों व सभरांत व्यक्तियों से पुलिस का सहयोग करने की अपील करते हुए कहा कि अगर आपके गांव या कस्बे में कोई अपराधी किस्म का व्यक्ति है। या कोई संधिग्द व्यक्ति या दिखाई देता है। तो तुरंत उसकी सूचना पुलिस को दे। अपराध रोकने में पुलिस का सहयोग करे। कस्बे के व्यापारियों से कहां की अपनी अपनी दुकान पर कैमरे लगवाए। बैठक में उपस्थित रहे रघुवीर सिंह बेधड़क , धर्मसिंह, विपुल गुप्ता, मूला सिंह, नईम अहमद, पूर्व ग्राम प्रधान शिव कुमार राजपूत प्रशांत गुप्ता दिनेश कुमार भीष्म राजपूत आदि गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## चलो सखी अब पेड़ लगाएं वर्षा को मल्हार सुनाएं: डॉ0 रश्मि शुक्ला

बिजनौर , प्रात: किरण संवाददाता



सामाजिक सेवा एवम् शोध संस्थान ने कई प्रकार के पौधारोपण कर के वर्षा ऋतु का स्वागत किया। सामाजिक सेवा एवम् शोध संस्था की राष्ट्रीय अध्यक्षा डॉक्टर रश्मि शुक्ला ने कहा की इस समय वर्षा काल में पेड़ पौधे लगाने का सर्वोत्तम समय है इस समय पौधे बहुत जल्दी पनप जाते हैं। इनकी देखभाल करने के लिए ज्यादा मेहनत नहीं करनी होती है। इसलिए हरियाली लाने के लिए ,स्वास्थ्य लाभ के लिए ,मानव पशु पक्षी जीव जंतु के लिए पौधे लगाएं। जब हम पौधा लगाएंगे तब सावन के पर्व मनाएंगे। आओ सखी यह संकल्प करें। उसी पेड़ पर झूला डालेंगे जिस पेड़ को हम लगाएंगे। आजकल पौधे आराम से उपलब्ध हो जाते हैं यदि हम देखें कोई पौधा अनुचित स्थान पर अपने आप उग रहा है तो उसको वहां से हटाकर उचित जगह लगाएं जहां पौधा वृक्ष बनकर छाया दे सके। सामाजिक सेवा एवं शोध संस्थान ने नीम, अमरूद, सदाबहार, बरगद,आम इत्यादि के अनेक पौधे लगाए इस वृक्षारोपण में सी ए सुधीर कुमार शुक्ला अनुश्री शुक्ला चित्रांगदा शुक्ला आदि कई सदस्य शामिल हुए। पहले पौधा लगाएंगे फिर हम कजरी गाएंगे। सावन के पर्व मनाएंगे जब सावन में पौधा लगाएंगे ।वृक्षारोपण कर कर लीजिए हरियाली ही हरियाली देख लीजिए। आजकल पौधे आराम से उपलब्ध हो जाते हैं यदि हम देखें कोई पौधा अनुचित स्थान पर अपने आप उग रहा है तो उसको वहां से हटाकर उचित जगह लगाएं जहां पौधा वृक्ष बनकर छाया दे सके। सामाजिक सेवा एवं शोध संस्थान ने नीम, अमरूद, सदाबहार, बरगद,आम इत्यादि के अनेक पौधे लगाए इस वृक्षारोपण में सी ए सुधीर कुमार शुक्ला अनुश्री शुक्ला चित्रांगदा शुक्ला छाया सिंह पूनम पंत आदि कई सदस्य शामिल हुए।

## किसान ने सल्फास खाकर दी जान



झालू , प्रात: किरण संवाददाता

अपमान से खिन्न होकर जहर खाकर आत्महत्या करने का प्रयास करने वाले किसान की गुरूवार की देर शाम मौत हो गयी। जिससे नारज परिजनों ने शुक्रवार सुबह सहकारी समिति में लाश रखकर धरना प्रदर्शन किया व मुआवजे की मांग पर अडे रहे। सीओ सिटी भारी पुलिस बल व पीएसी के साथ मौके पर मौजूद रहे।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम हसनपुर जट, थाना हल्दौर निवासी रेती सिंह पुत्र भरता सिंह पर सहकारी समिति का करीब दो लाख रूपया बकाया था जिसकी वसूली के लिये समिति का अमीन जफर दो पुलिसकर्मियों को साथ लेकर गुरूवार शाम रेती सिह के घर पहुंचा था जहां उसकी भतीजी की शादी का कार्यक्रम चल रहा था। आरोप है कि अमीन ने सब मेहमानों के सामने रेती सिंह की खूब बेइज्जती की थी। आरोप है कि अमीन जफर और दो पुलिसकर्मी गुरूवार शाम उसको घर से उठाकर समिति में ले आये जहां किसान ने सल्फास खा ली। किसान को नाजुक हालत में 108 एंबुलेंस से जिला अस्पताल भेजा गया जहां देर शाम उसने दम तोड दिया।

## डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर बंगाली समाज ने पुष्प चढ़ाकर श्रद्धांजलि अर्पित की

बिजनौर , प्रात: किरण संवाददाता



भारतीय जनसंघ के संस्थापक, राजनीतिज्ञ, महान शिक्षाविद, प्रखर राष्ट्रवादी चिन्तक एवं राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने वाले डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को उनके पुण्यतिथि पर जिला बिजनौर मे निवास करने वाले सनातनी बंगाली समाज के लोगों ने उनके फोटो पर पुष्प चढ़ाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस सभा में सभी सनातनी बंगाली समाज के लोगों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया एवं उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। धर्मनगरी बंगाली कॉलोनी बिजनौर के श्री दुर्गा विद्या मंदिर प्रांगण में पाँचो बंगाली समाज के गांवों से बंगाली समाज की महिला, पुरुष, बुजुर्गों एवं युवाओं ने बहुत अधिक संख्या में भाग लेकर श्रद्धांजलि सभा कार्यक्रम को सफल बनाया।श्रद्धांजलि सभा में भाग लेने वाले ग्राम प्रधान खेड़की हेमराज श्रीमती निधि विश्वास, गोविंद विश्वास, ग्राम प्रधान चांदपुर नौआबाद सपन दास, ग्राम प्रधान इटावा श्रीमती रेणु राय, सपन राय, विष्णुपद बैरागी, प्रदीप अधिकारी, अमृत मंडल, सुकुमार मंडल, संजय मजूमदार, नीलमणि पाल, मनोज राय, कल्याण मंडल, प्रदीप मंडल, सुमित सिन्हा, गोविंद विश्वास, नीलाद्री मजूमदार, बादल बढ़ाई, प्रकाश बाछाड़, जगदीश हालदार, आशुतोष राय, हीरा मोहन सरकार, विश्वनाथ बैरागी, मृणाल विश्वास, देवा विश्वास, प्रदीप बाइन, भुजन, मोहन, अंकित, दिलीप, गुरूवेद, मिलन,प्रणव,सुधीर, सिद्धीश्वर, विश्वजीत, निखिल, अखिल, विनय, सागरदीप, तापस, चिनमय,माधव,रमेश, प्रकाश,परेश, नीरज, प्रताप,सपन, विष्णु, अमित, चंचल, बकम, हिमाद्री, पुनीत, श्यामसुंदर, अजय, सुदीप, अक्षित एवं अखिल भारतीय बंगाली एकता मंच उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष दीपक कुमार मंडल आदि सनातनी बंगाली समाज के लोग उपस्थित रहे।

## समाजसेवी ने शिविर लगाकर राहगीरों को पिलाया शर्बत



नजीबाबाद , प्रात: किरण संवाददाता

नगर के वरिष्ठ समाजसेवी व चेयरमैन पद के उम्मीदवार हाजी नौशाद अख्तर सैफी की ओर से एक शिविर लगाया गया। शिविर में राहगीरों व वाहन चालकों को शर्बत पिलाया। तेज गर्मी में ठंडा शर्बत पीकर राहगीरों ने राहत महसूस की। शुक्रवार को कृष्णा टाकीज चैक स्थित अब्दुल रहमान कॉम्प्लेक्स पर वरिष्ठ समाजसेवी व चेयरमैन पद के उम्मीदवार हाजी नौशाद अख्तर सैफी की ओर से लगाये गए शिविर में आने जाने वाले लोगो को ठंडा शर्बत पिलाया गया। इस मौके पर हाजी नौशाद अख्तर सैफी ने कहा कि भीषण गर्मी व चिलचिलाती धूप को देखते हुए शिविर लगाया गया है, उन्होंने बताया कि वह हर साल इसी तरह गर्मियों में शिविर लगाते है। शिविर में अयान सैफी, सलमान शेख, शकील अहमद, राजीव, सचिन, साजिद, अनिल, नाजिम आदि मौजूद रहे।

## हाइवे के समीप चलती कार में शार्ट सर्किट के चलते आग लगी

अफजलगढ़, प्रात: किरण संवाददाता



राष्ट्रीय राजमार्ग 74 पर स्थित गांव उधोवाला हाइवे के समीप चलती कार में शार्ट सर्किट के चलते आग लग जाने से चालक झुलस कर घायल हो गया। सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस व फायर बिग्रेड की टीम ने आग पर काबू पाया मगर तब आग जलकर राख हो चुकी थी। कस्बा धामपुर के शक्ति नगर निवासी पत्रकार अर्जुन चैहान अपनी एस्कोडा लोरा कार से बुधवार की रात करीब 9 बजे अपने दोस्त तेजवीर सिंह के जन्मदिन समारोह में शामिल होने के लिए गांव भगतावाला जा रहा था। जैसे ही वह गांव उधोवाला के निकट पहुंचा गाड़ी के अगले हिस्से की वायरिंग में शार्ट सर्किट के चलते आग लग गई ओर गाड़ी लॉक हो गई। चालक अर्जुन चैहान किसी तरह से पिछली खिड़की का शीशा खोलकर बाहर निकला अपनी जान बचाई। स्थानीय पुलिस व फायर बिग्रेड को सूचना दी। आग बुझाने के प्रयास मे चालक के हाथ व सर के बाल झुलसे गये। सूचना पर कोतवाल मनोज कुमार सिंह, एसएसआई दिनेश कुमार शर्मा, एसआई विनीत कुमार पुलिस बल सहित घटनास्थल पर पहुंचे। मौके पर वाहनों की भीड़ लग गई। कार चालक सहित अन्य लोगो ने आग बुझाने का काफी प्रयास किया मगर कार में आग की ऊंची ऊंची लपटें उठने लगी ओर देखते ही देखते कार आग का गोला बन गई। करीब एक घंटे बाद फायर बिग्रेड की यूनिट मौके पर पहुंची ओर पानी की बौछार कर आग पर काबू पाया। मगर जब तक आग पर काबू पाया जाता तब तक कार जलकर राख हो चुकी थी। कार चालक अर्जुन चैहान को राहगिरो की मदद से उपचार के लिए सीएचसी अफजलगढ़ ले जाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद रिलीव कर दिया गया।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

## संक्षिप्त खबरें

### एसपी ने पुलिसकर्मियों को किया सम्बोधित



बिजनौर। शुक्रवार को डॉ0 धर्मवीर सिंह, पुलिस अधीक्षक बिजनौर द्वारा पुलिस लाईन स्थित (जिला प्रशिक्षण केन्द्र) में फायर सर्विस अधिकारियों कर्मचरियों का 03 दिवसीय फ्रेशर प्रशिक्षण एवं 112 परियोजना में कार्यरत कमांडरों सब कमांडरों का 09 दिवसीय रिफ्रेशर प्रशिक्षण में पहुँचकर सभी पुलिसकर्मियों को संबोधित किया गया तथा उनको डायल 112 द्वारा जारी गाईड लाइन के अनुरुप सतर्कता से ड्यूटी करने व रिस्पोन्स टाइम के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

### 02 को तहसील नजीबाबाद मे होगा जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन

बिजनौर। जिलाधिकारी कार्यालय से प्राप्त सूचना के अनुसार जिलाधिकारी उमेश मिश्रा की अध्यक्षता मे जनपद की तहसीलो मे सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया जायेगा। प्राप्त सूचना के अनुसार जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन तहसील नजीबाबाद मे 02 जुलाई 2022, चान्दपुर 16 जुलाई 2022, बिजनौर 06 अगस्त, 2022, धामपुर 20 अगस्त 2022, नगीना 03 सितम्बर, नजीबाबाद 17 सितम्बर, 2022, चान्दपुर 01 अक्टुबर, 2022, बिजनौर 15 अक्टुबर, 2022, धामपुर 05 नवम्बर, 2022, नगीना 19 नवम्बर 2022, नजीबाबाद 03 दिसम्बर 2022, चान्दपुर 17 दिसम्बर, 2022 को होगा। सम्पूर्ण समाधान दिवस प्रातः 10:00 बजे से प्रारम्भ होगा जिसमे जनपद स्तरीय अधिकारी प्रतिभाग करेंगे। सम्पूर्ण समाधान दिवस पर आमजन की शिकायतो का निस्तारण प्राथमिकता पर व गुणवत्तापरक ढंग से कराया जायेगा।

### बारात से लौट रहे युवक सड़क हादसे में घायल

रहरा। बारात से लौट रहे युवक बाइक फिसलने से गंभीर घायल हो गए। अस्पताल में भर्ती कराया गया। सैदनगली थाना क्षेत्र के गांव फतेहपुर अधेक निवासी कुंवरपाल व केशव रहरा थाना क्षेत्र के गांव से बारात में शामिल होकर घर लौट रहे थे। गुरुवार रात जैसे ही उनकी बाइक गांव छपना के पास पहुंची तो बाइक अचानक फिसल कर गिर गई। दोनों बाइक सवार घायल हो गए। राहगीरों ने घायलों को छपना के एक निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया। दोनों घायलों की हालत नाजुक बताई जा रही है। फिलहाल मामले में कानूनी कार्रवाई नहीं की गई है। पुलिस अधिकारियों ने तहरीर मिलने पर जांच व कार्रवाई करने की बात कही है।

### कुलपति ने छात्रावासों का किया निरीक्षण, छात्रों से किया संवाद

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने शुक्रवार को हबीबुल्लाह छात्रावास एवं महमूदाबाद छात्रावास का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कुलपति ने छात्रों के साथ संवाद भी किया। उन्होंने छात्रों से उनकी पूरी जानकारी ली। उन्होंने छात्रों को सुझाव दिया कि जिस प्रकार हम लोग आपके अभिभावक हैं।

# जनपद के सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर निशुल्क प्राप्त कर सकते हैं कंडोम के पैकेट : सीएमओ

अमरोहा, प्रात : किरण संवाददाता



जनपद के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर लकड़ी के बने बॉक्स में कंडोम के पैकेट भरकर ऐसी जगह लगाये गए हैं, जहां सभी की पहुँच भी हो और उनकी गोपनीयता भी बनी रहे।यह सेवा 24 घंटे उपलब्ध है और यहां से कभी भी निःशुल्क कंडोम प्राप्त किया जा सकता है। कंडोम बॉक्स खाली होने पर स्वास्थ्य कार्यकर्ता पुनः इसे भर देते हैं और यह चक्र चलता रहता है।मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संजय अग्रवाल का कहना है कि गर्भावस्था को रोकने के साथ ही संक्रमण को रोकना और यौन व प्रजनन स्वच्छता में सुधार करना पुरुष की भी जिम्मेदारी है। इसके लिए परिवार नियोजन का एक मात्र अस्थायी साधन ‟कंडोम‟ अधिकतर लोगों के लिए उपयुक्त है और इसका कोई दुष्प्रभाव भी नहीं है।इसकी उपलब्धता आमजन तक आसान हो, इसके लिए जनपद के सभी स्वास्थ्य केन्द्रों पर कंडोम पेटिका (कंडोम बाक्स) की व्यवस्था की गयी है।मेडिकल स्टोर से लोगों के सामने कंडोम खरीदने में जिन लोगों को संकोच या हिचकिचाहट होती थी उनके लिए राहत की बात है। इसके लिए सरकारी स्वास्थ्य केन्द्रों पर कंडोम पेटिका (कंडोम बाक्स) की व्यवस्था की गयी है।यहां से 24 घंटे कभी भी निःशुल्क कंडोम प्राप्त किया जा सकता है। इस व्यवस्था से जहां एक ओर लोगों को शर्म और संकोच का सामना नहीं करना पड़ेगा वहीं उनकी जेब भी ढीली नहीं होगी और महिलाओं को अनचाहे गर्भ से छुटकारा भी मिलेगा।जिला परिवार नियोजन प्रबंधक सरिता कनोजिया ने बताया कि जनपद के सभी 217 स्वास्थ्य इकाइयों पर कंडोम बॉक्स की व्यवस्था की गई है जो कि जनता के सहयोग के लिए अस्पताल के मुख्य गेट पर कंडोम बॉक्स लगाया गया है। जिससे यह आसानी से लोगों की पहुँच में हो। उन्होने बताया - शुरूआत में लोगों को कम जानकारी थी लेकिन अब इसमें हर दिन कंडोम के पैकेट भरने पड़ते हैं। उन्होने बताया कि ब्लॉक के सभी प्रसव केन्द्रों पर कंडोम बॉक्स उपलब्ध हैं।परिवार नियोजन कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ राजेश कुमार गंगवार ने बताया कि कंडोम परिवार नियोजन का अस्थायी साधन है। यह रबड़ का एक आवरण है जो शुक्राणुओं को महिला के गर्भाशय में प्रवेश करने से रोकता है। यह गर्भधारण को रोकने में 75 से 90 प्रतिशत तक कारगर है।इसके साथ ही यह यौन रोग व एड्स से भी बचाता है। उन्होने बताया ‟अधिकतर कंडोम लेटेक्स से बने होते हैं। जिनको लेटेक्स से एलर्जी होती है वह पॉलीयूरेथीन से बने कंडोम का इस्तेमाल कर सकते हैं। उन्होने बताया-जनपद में परिवार नियोजन के अन्य साधनों की अपेक्षा कंडोम के उपयोगकर्ता अधिक हैं।

**कंडोम के लाभ**

- बीस वर्ष से पहले यानि किशोर गर्भावस्था से बचाव
- अनचाहे गर्भ से बचाव
- दो बच्चों के जन्म के बीच तीन साल का अंतर रखने में सहायक
- उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था से बचाव
- मातृ एवं शिशु मृत्यु दर कम करने में सहायक
- यौन संचारित रोग से बचाव
- पुरुष की सहभागिता सुनिश्चित होती है।

**ऐसे करें उपयोग**

- हर बार नए कंडोम का इस्तेमाल करें
- पैकेट पर एक्स्पायरी डेट देख लें
- पैकेट से निकालते समय कंडोम फटना नहीं चाहिए
- इस्तेमाल के बाद कंडोम को गड्ढे में दबा दें या सुरक्षित निस्तारण करें
- कंडोम ठंडे, शुष्क स्थान में, धूप से बचाकर रखें
- पुराने और फटे पैकेट में रखे कंडोम टूट सकते हैं
- यौन संबंध के दौरान यदि कंडोम फट जाए या फिसल जाय तो 24 घंटे के अंदर आपातकालीन गर्भ निरोधक का इस्तेमाल करें

## सोलर पंप से दूर होगा सिंचाई का संकट

अमरोहा। जिले में सिंचाई का संकट दूर करने और बिजली की खपत कम करने के लिए किसानों को अनुदान पर सोलर पंप मुहैया कराए जाएंगे। कृषि विभाग को 200 सोलर पंप किसानों को देने का लक्ष्य मिला है। प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाअभियान (पीएम कुसुम) योजना के तहत अनुदान पर सोलर पंप किसानों को मुहैया कराए जा रहे हैं। इसके तहत दो हॉर्स पावर से 10 हॉर्स पावर तक क्षमता वाले सोलर पंप किसानों को मुहैया कराए जाएंगे। योजना का लाभ लेने के लिए किसानों को विभागीय वेबसाइट पर पंजीकरण कराना होगा। किसानों की बुकिंग जिले के लक्ष्य के सापेक्ष पहले आओ पहले पाओ की तर्ज पर की जाएगी। ऑनलाइन टोकन जनरेट करने के बाद किसानों को चालान के जरिए कृषक अंश की धनराशि एक सप्ताह में किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक शाखा में जमा करनी होगी। दो हॉर्स पावर सोलर पंप के लिए चार इंच, तीन व पांच हॉर्स पावर के लिए छह इंच, साढ़े सात से 10 हॉर्स पावर के सोलर पंप के लिए आठ इंच बोरिंग होना जरूरी है। दो हॉर्स पावर के सोलर पंप की कीमत 144526 रुपये है, 86716 रुपये का अनुदान मिलेगा, कृषक अंश 57810 रुपये जमा करना होगा। जिला कृषि अधिकारी राजीव कुमार सिंह ने इसकी पुष्टि की। बताया कि योजना के प्रति किसानों को जागरूक किया जा रहा है।

# अवैध वसूली करने वालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

संभल , प्रात : किरण संवाददाता

नगरिया क्षेत्र की खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने 1 सप्ताह पूर्व जिलाधिकारी संभल को शपथ पत्र प्रेषित कर विभाग से संबंधित व्यापारियों के कार्य में बाधा डालकर व्यापारियों को डरा धमका कर विभाग को बदनाम करने की नियत से व्यापारियों से मोटी रकम लेकर अवैध वसूली करने वाले 2 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने का आग्रह किया जिला अधिकारी मनीष बंसल ने खाद्य सुरक्षा अधिकारी के शिकायती शपथ पत्र को संज्ञान में लेते हुए दोनों लोगों के खिलाफ कोतवाली संभल में रिपोर्ट दर्ज कराने के आदेश दिए जिला अधिकारी को शपथ पत्र देते हुए नगरिया खाद्य सुरक्षा अधिकारी संभल मीरा सिंह ने आरोप लगाते हुए कहा है मेरे द्वारा व्यापारियों की दुकानों से सैंपल लेने के उपरांत सलीम एडवोकेट द्वारा मेरे नाम से अवैध वसूली की जाती है तथा व्यापारियों के पंजीकरण कराने हेतु मोटी अवैध वसूली भी की गई है तथा वर्तमान में भी की जा रही है यह कार्य भी सलीम द्वारा विगत कई बरसों से किया जा रहा है जिसके कारण मेरी विभाग की छवि खराब हो रही है उक्त का अधोहस्ताक्षरी द्वारा जब भी विरोध किया जाता है तो सलीम एडवोकेट के द्वारा स्वयं एवं अन्य व्यक्तियों के माध्यम से मेरे जाते समय मेरी कार का पीछा कराया जाता है तथा कार को सुनसान जगह पर रुकवाया जाता है और मुझे डराया धमकाया जाता है।

और खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने आगे कहा है की शपथ पत्र के माध्यम से जिलाधिकारी को अवगत कराया है के निम्नलिखित मीट व्यापारियों एवं पश्चिमी उत्तर प्रदेश युवा उद्योग व्यापार मंडल रजिस्टर के द्वारा सलीम एडवोकेट एवं कुलदीप यादव व्यापारियों के खाद्य पंजीकरण कराने हेतु अनियमित रूप से मोटी अवैध वसूली करने के संबंध में अवगत कराया गया सभी व्यापारियों की छाया प्रति सलंगन है कासिम पुत्र सफीक मोहल्ला कोटला इलियास पुत्र मुस्ताक निवासी नाला फखरे आलम पुत्र रहे मिलाई मोहल्ला पीला खजाना मोनिस पुत्र जिंटु मोहल्ला पीला खदाना इदरीश पुत्र अबरार पीला खदाना मोहम्मद तारीख पुत्र इश्तियाक पीला खजाना लुकमान पुत्र इदरीश मोहल्ला क सिवान सराय तरीन रेहान पुत्र मोहम्मद असलम नाला निवासी आजम पुत्रों अबरार हुसैन मोहल्ला कासवान सराय तरीन असद पुत्र अबरार मोहल्ला कस्बा बान महबूब पुत्र शरीफ मोहल्ला नाला आदि।

# शांतिपूर्ण तरीके से अदा की गई जुमे की नमाज, पुलिस रही मुस्तैद



अमरोहा, प्रात : किरण संवाददाता

शुक्रवार को जुमा की नमाज व कई संगठन द्वारा शांतिपूर्ण तरीके से अदा की गई। हालांकि अग्निपथ योजना के विरोध प्रदर्शन के मद्देनजर जिले को 41 सेक्टर में बांट दिया गया है। कानून व्यवस्था दुरुस्त रखने के लिए सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है। मस्जिदों के बाहर भी पुलिस टीम की ड्यूटी लगाई गई है। गुरुवार को पुलिस ने जिलेभर में फ्लैग मार्च किया। जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन मुस्तैदी के साथ तैयारी कर चुका है। शुक्रवार को जुमा की नमाज शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए तथा भाकियू द्वारा अग्निपथ योजना के विरोध में प्रदर्शन करने की घोषणा के बाद अलर्ट जारी कर दिया है। इसके लिए एसपी विनीत जायसवाल द्वारा जिले को 41 सेक्टर में विभाजित किया है। सेक्टर मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है। सभी उपजिलाधिकारी व सीओ को तैनात किया गया है। साथ ही जिले में 18 क्यूआरटी गठित की गई है। पीएसी की तैनाती भी कर दी गई है। इस क्रम में गुरुवार को जिले में सभी थाना प्रभारियों ने उनके क्षेत्र में फ्लैग मार्च किया तथा ड्रोन से संवेदनशील स्थानों की निगरानी की गई। वाहन चेकिंग अभियान भी चलाया गया। धर्मगुरु से वार्ता कर भी शांति बनाए रखने की अपील की गई है। एसपी ने बताया कि इंटरनेट मीडिया पर पुलिस की नजर है। आपत्तिजनक पोस्ट करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। माहौल बिगाड़ने वालों से पुलिस सख्ती से निपटेगी।

## एंबुलेंस में गूंजी बच्ची की किलकारी, जच्चा बच्चा सुरक्षित

जौनपुर। उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले में केराकत तहसील क्षेत्र के खरगसेनपुर में एक गर्भवती महिला की शुक्रवार को तड़के एंबुलेंस में ही बच्चे की सुरक्षित डिलिवरी कराई गई। एंबुलेंस में बच्ची की किलकारी गूंजने के बाद जच्चा बच्चा को केराकत स्थित सामुदायिक केन्द्र में सुरक्षित भर्ती कराया गया। स्थानीय प्रशासन के आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि वर्षा पत्नी आशीष की गुरुवार को मध्य रात्रि के बाद प्रसव पीड़ा शुरू हुयी। असहनीय दर्द देख परिजनों ने तड़के सुबह लगभग साढ़े चार बजे फोन करके एंबुलेंस बुलायी। सूचना पाकर महज 15 मिनट में पहुंची एंबुलेंस महिला को लेकर जैसे ही थानागद्दी को पार कर आगे निकल रही थी, तभी चिकित्साकर्मियों ने गर्भवती महिला की सकुशल डिलेवरी करायी। ईएमटी जयप्रकाश ने बताया की महिला का असहनीय दर्द देख एंबुलेंस चालक संजय कुमार से सुरक्षित जगह पर गाड़ी खड़ी कर दी। इसके बाद चिकित्साकर्मियों ने आपात स्थिति में सुरक्षित प्रसव क्रिया संपन्न करायी। इसके बाद जच्चा बच्चा को सामुदायिक उपचार केन्द्र लाया गया।

# मातेश्वरी जगदंबा का 56 वां पुण्यतिथि दिवस मनाया गया

अमरोहा, प्रात : किरण संवाददाता




प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सेवा केंद्र मोहल्ला कोट में स्थित प्रभु संदेश भवन द्वारा मातेश्वरी जगदंबा संस्था का 56 वां पुण्यतिथि दिवस बड़े धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में राजयोगिनी बीके अर्चना ने संस्था की मुख्य प्रशासिका मातेश्वरी जगदंबा की विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस यज्ञ को विश्व स्तर पर पहचान देने वाली ब्रह्मोत्सव की पालना करने वाली, ब्रह्माकुमारीज की नींव बन कर सर्व आत्माओं को शिव परमात्मा का संदेश देने वाली हमारी मातेश्वरी जगदंबा जी ने अनेकों के आध्यात्मिक जीवन का निर्माण किया है। और उनका स्लोगन था हुकमी हुकुम चला रहा है,करावन हार करा रहा है, हर घड़ी अंतिम घड़ी।वे कहती थी तीव्र पुरुषार्थी का मतलब जो एक बार गलती हो गई ,वह दोबारा ना हो।उन्होंने शिव परमात्मा की शिक्षाओं को 100 परसेंट अपने जीवन में उतारा कर सभी के लिए रोल मॉडल बनी।इसलिए वह जगत माता जगदंबा ब्रम्हाकुमारी सरस्वती कहलाई। इन्होंने विश्व कल्याण के लिए अनेकानेक सेवाएं करते हुए 24 जून 1965 में पुराने देह का त्याग किया।हम सबको मातेश्वरी जगदंबा से यही शिक्षा मिलती है कि हम भी सदैव समाज की सेवा में तत्पर रहें। जीवन को कमल फूल समान दिव्य बनाएं। दिव्य संस्कारों से अपने को भरपूर करें। कार्यक्रम के अंत में सभी भाई बहनों ने उनके सामान विशेषताओं को अपने जीवन में धारण करने का संकल्प लिया कुमारी गौरी ने मां की महिमा के ऊपर नृत्य प्रस्तुत किया है, कुमारी शगुन ने मां का रोल प्ले किया। कार्यक्रम में सभी भाई बहनों को श्रद्धा सुमन अर्पित किए।कार्यक्रम में बीके लवली, होरीलाल , राकेश ,योगेश चंद्र सर्राफ, अशोक रस्तोगी, सतीश स्वराज, विजयपाल , विजयपा तयल, मंजू ,अनीता, नीता ,विमला, सरोज, सुमन, सुप्रिया ,भारती, चंचल रिशु आदि आदि मौजूद रहे।

# निमार्णाधीन परियोजनाओं की प्रगति के लिए समीक्षा बैठक आयोजित

अमरोहा, प्रात : किरण संवाददाता



जिलाधिकारी बाल कृष्ण त्रिपाठी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट कार्यालय मे 50 लाख से अधिक लागत की निमार्णाधीन परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।जिसमें जिलाधिकारी ने सभी कार्यदाई संस्थाओं से एक-एक करके कार्य की प्रगति व पूर्ण हो रही।परियोजनाओं के हस्तांतरित करने की स्थिति के संबंध में जानकारी हासिल की।जिला रिसोर्स सेंटर के निर्माण कार्यदाई संस्था जिला पंचायत की प्रगति के संबंध में जानकारी लेने पर संतोषजनक जवाब न मिलने पर जिलाधिकारी ने अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत पर नाराजगी व्यक्त किया और कहा कि गंभीरता के शीघ्र कार्य करा कर हस्तांतरित किया जाए। इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।जनपद में नवीन मंडी स्थल अमरोहा में मैंगो वेजिटेबल इनट्रीग्रेटड पैक हाउस का निर्माण कार्य के संबंध में समीक्षा करते हुए बताया कि कार्य पूर्ण हो गया है तो अभी तक हस्तांतरित क्यों नहीं हुआ है, हस्तांतरित कर जल्द से जल्द लोकार्पण कराया जाए।समाज कल्याण निगम द्वारा ग्राम सोहतपुर विकासखंड हसनपुर में बनाए जा रहे।आश्रम पद्धति विद्यालय के संबंध में निर्देशित करते हुए कहा कि विद्यालय परिसर से गुजर रहे हाई वोल्टेज लाइन के तार के शिफ्टिंग का कार्य शीघ्र करा दिया जाए कहा कि विद्युत विभाग को पत्र लिखकर और शीघ्र ही कार्य कराया जाए इसमें किसी भी प्रकार का समझौता न किया जाए । जिलाधिकारी ने कहा कि जो कार्य पूर्ण हो गए हैं उनको शीघ्र ही बची हुई औपचारिकताएं पूरी कर हस्तांतरित किया जाए । कहा कि यदि कोई परियोजना धन के अभाव में लंबित है तो पत्राचार के माध्यम से धनराशि की मांग कर कार्य को पूर्ण कराया जाए।सरकार की प्राथमिकता वाले कार्य से समझौता करना क्षम्य में नहीं होगा।कहा कि कार्य में गुणवत्ता से समझौता नहीं किया जाएगा शासन द्वारा निर्धारित मानक के अनुसार ही कार्य कराए जाएं सरिया सीमेंट के जो मानक शासन द्वारा निर्धारित किए गए हैं।उनके अनुसार ही कार्य कराया जाना चाहिए।इस अवसर पर प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी कमलेश सचान, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी व सभी कार्य दाई संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# आदित्यनाथ सरकार चुनाव बाद अब थाली में बची हुई रोटी भी गायब करने पर तुली है: वैभव

लखनऊ , प्रात : किरण संवाददाता



आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता वैभव माहेश्वरी ने शुक्रवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर तंज कसते हुए हमला बोला। उन्होंने कहा कि यह सरकार ने करोना के समय में दवा ऑक्सीजन सब कुछ छीन लिया, बच्चों से उनकी पढ़ाई और गरीबों से उनका इलाज भी छीन लिए और चुनाव के बाद में अब राशन भी छीन लिया। उन्होंने कहा है कि आदित्यनाथ सरकार चुनाव बाद अब थाली में बची हुई रोटी भी गायब करने पर तुली है। तेल, चना और नमक का वितरण ना होने से लोगों के बीच से आदित्यनाथ ने अपने वादे को चुनावी जुमला साबित कर दिया। उन्होंने कहा कि यूपी विधानसभा चुनाव में मुफ्त राशन के साथ तेल,चना, नमक का डबल डोज बड़ा चुनावी मुद्दा बना था, फ्री के राशन ने बीजेपी के पक्ष में बंपर वोटिंग कराई थी और योगी को दोबारा सत्ता दिलाने में ये सबसे बड़ा फैक्टर बना था। वैभव माहेश्वरी ने कहा कि यूपी में दोबारा सत्ता में लौटी बीजेपी ने राशन और शासन‟ को अपने चुनावी अभियान का हिस्सा बनाया था। खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के भाषणों में राशन का ज़िक्र था, जिसपर प्रदेश की जनता ने भरोसा किया। इस योजना के तहत अंत्योदय कार्ड धारकों को 35 किलो अनाज और गृहस्थी कार्ड धारकों को प्रति यूनिट 3 किलो गेहूं और 2 किलो चावल दिया जाता है।साथ ही एक किलो चना, एक लीटर तेल और नमक भी सरकार देती है।

उन्होंने कहा कि प्रयागराज में 10 लाख 61 हजार 38 ऐसे कार्डधारक हैं, जो इस योजना के लाभ के दायरे में आते हैं। इनमें 88 हजार 106 अंत्योदय कार्डधारक हैं, जबकि बाकी 9 लाख 72 हजार 932 गृहस्थी यानी सामान्य कार्ड धारक हैं। ये कार्डधारक पूरे महीने कोटेदारों के चक्कर ही काटते रह गए लेकिन राशन नही मिल पाया, वैसे ये मामला अकेले प्रयागराज का नहीं, बल्कि समूचे उत्तर प्रदेश का है। तेल, नमक और चना न मिलने की ये समस्या सिर्फ एक जिले की नहीं बल्कि पूरे उत्तर प्रदेश की समस्या है, अकेले संगम नगरी प्रयागराज में ही दस लाख से ज्यादा कार्डधारकों को मायूसी का सामना करना पड़ा है। आदित्यनाथ की सरकार उनको राशन तक नही दे पा रही है। आदित्यनाथ की सरकार ने सरकारी दुकानों पर तेल, नमक और चने की सप्लाई ही नहीं पहुंचाई, और लोग ऐसे में महीने भर इंतजार करते और कोटेदार के चक्कर लगाते ही रह गए लेकिन लोगों की थाली में राशन नसीब नही हो रहा है। अप्रैल महीने में यूपी में कहीं भी खाद्य तेल-नमक और चने का वितरण ही नहीं हुआ, ऐसे में ये सवाल तो बनता है कि कहीं चुनाव के बाद ही मुफ्त अनाज की योजना धीरे-धीरे खत्म करने की योजना बनाई गई थी? अंत्योदय कार्डधारकों को 21 किलोग्राम चावल व 14 किलोग्राम गेहूं से ही संतोष करना पड़ेगा। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत मिलने वाले गेहूं-चावल के स्थान पर अब सिर्फ चावल देने की योजना बनाई गई है। अब कार्डधारकों को सिर्फ चावल से काम चलाना पड़ेगा। सितंबर महीने तक यह प्रक्रिया चलने की बात कही जा रही है। उन्होंने कहा कि ‟प्रधानमंत्री गरीब जनकल्याण योजना‟ के अन्तर्गत गरीबों के कल्याण की बात करने वाले मोदी जी की इस योजना को आदित्यनाथ चुनावी जुमला साबित कर रहे है।

# जुमे की नमाज को लेकर चप्पे-चप्पे तैनात रही पुलिस फोर्स

रहरा, प्रात : किरण संवाददाता



जिले में शुक्रवार की जुमे नमाज को सकुशल संपन्न कराने को लेकर पुलिस चप्पे-चप्पे पर तैनात रही। सभी मस्जिदों के आसपास सुरक्षा के कड़े प्रबंध रहे। रलवे स्टेशनों और बस स्टैंडों पर फोर्स मुस्तैद रही।इसी कड़ी मे रहरा थाना प्रभारी वरूण कुमार भी पुलिस फोर्स के साथ क्षेत्र में भ्रमण करते नजर आए।गौरतलब है कि पुलिस अधीक्षक विनीत जयसवाल के निर्देश पर जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारी/थाना/चौकी प्रभारियों व ढअउ द्वारा जुमे की नमाज व कानून एवं शान्ति व्यवस्था के दृष्टिगत भ्रमणशील रहकर ड्रोन कैमरे की मदद से धार्मिक स्थलों/संवेदनशील क्षेत्रों मे सतर्क दृष्टि रखते हुये जुमे की नमाज करायी सकुशल सम्पन्न।पुलिस अधीक्षक विनीत जयसवाल ने बताया कि जनपद में जुमे की नमाज सभी स्थानों पर सकुशल संपन्न कराया गया।नमाज के दृष्टिगत जनपद में सुरक्षा व्यवस्था के प्रभावी इंतजाम किये गये।सभी संवेदनशील स्थानों पर ड्रोन कैमरे से निगरानी की गयी व क्यूआरटी, पीएसी एवं स्थानीय थाने की पुलिस फोर्स को दंगा नियंत्रण उपकरणों सहित तैनात किया गया।रात्रि से ही सभी थानों पर पोस्टर पार्टी गठित कर धर्मस्थलों की सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम हेतु रवाना की गयी जिससे जनपद में जुमा की नमाज के दौरान कोई अप्रिय घटना न होने पाए।पुलिस अधीक्षक महोदय के आदेशानुसार समस्त पुलिस प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा प्रातःकाल से ही निरन्तर भ्रमणशील रहकर अपने अपने क्षेत्र के धर्मगुरुओं/संभ्रान्त व्यक्तियों से वार्ता कर आम जनता में सुरक्षा व विश्वास का वातावरण बनाया गया व जुमा की नमाज को सभी स्थानों पर सकुशल सम्पन्न कराया गया।

## योगी आज सौपेंगे ग्रामीणों को घरौनी प्रमाणपत्र

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 25 जून को स्वामित्व योजना के तहत 1081062 ग्रामीणों को डिजिटल माध्यम से उनके आवास का मालिकाना हक दिलाने वाला दस्तावेज यानी ग्रामीण आवासीय अभिलेख घरौनी प्रमाण पत्र सौंपेंगे। अभिलेखों को तैयार करने के लिए 1,10313 ग्रामों को चिन्हित किया गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 24 अप्रैल 2020 से शुरू की गई स्वामित्व योजना का लाभ सीएम योगी आदित्यनाथ यूपी की ग्रामीण जनता को भी दिला रहे हैं। स्वामित्व योजना के तहत 20 जून तक प्रदेश के कुल 68641 ग्रामों में ड्रोन सर्वे का कार्य पूरा कर लिया गया है। 23287 ग्रामों में कुल 3428305 घरौनियां तैयार हो चुकी हैं। योजना के तहत ग्रामीण आवासीय अभिलेखों का निर्माण होने पर प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में सम्पत्ति संबंधी विवाद काफी कम हो जाएंगे। स्वामित्व का अभिलेख बन जाने पर न्यायालय में चल रहे विवादों का निस्तारण जल्द होगा।

# बार काउंसिल के महासचिव अजय शुक्ला का जोरदार स्वागत

प्रात : किरण संवाददाता, मनोज शर्मा

गजरौला। बार काउंसिल के महासचिव अजय शुक्ला का जोरदार स्वागत उत्तर प्रदेश राज्य विधिज्ञ परिषद के महासचिव अजय शुक्ला गजरौला पहुंचे। अधिवक्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर बार काउंसिल के महासचिव अजय शुक्ला ने कहा अधिवक्ताओ को उनके जीवनकाल में मिलने वाली कल्याणकारी योजना को डेढ़ लाख से बढ़ाकर 500000 करने के प्रदेश सरकार के कदम का स्वागत किया, उन्होंने कहा शीघ्र ही युवाओं को लाइब्रेरी अनुदान प्रदान किया जाएगा। श्री शुक्ला ने बताया बार काउंसिल उत्तर प्रदेश वरिष्ठ अधिवक्ता पेंशन प्रदान करने की योजना पर गंभीरता से कार्य कर रही है, शीघ्र ही यह योजना लागू की जाएगी। उन्होंने प्रदेश सरकार से न्यायिक प्रकृति के पदों पर अवकाश प्राप्त अधिकारियों के स्थान पर अधिवक्ताओं की नियुक्ति की मांग की।प्रदेश सरकार से अधिवक्ताओं को मेडिकल सुविधाएं व अधिवक्ता कॉलोनी स्थापित किए जाने की भी मांग की।इस मौके पर मुख्य रूप से तहसील बार एसोसिएशन के महासचिव सुरमित कुमार गुप्ता एडवोकेट, कोषाध्यक्ष फतेह सिंह एडवोकेट, डॉ राजीव शुक्ला एडवोकेट , डॉ रविंद्र शुक्ला एडवोकेट, विनोद त्यागी एडवोकेट, दिनेश प्रजापति एडवोकेट, विजयपाल सैनी एडवोकेट, अनूप सिंह एडवोकेट, संजय चौहान एडवोकेट ,मोहम्मद अकील एडवोकेट आदि मौजूद रहे।

**स्वागत**

- अधिवक्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर बार काउंसिल के महासचिव अजय शुक्ला ने कहा अधिवक्ताओ को उनके जीवनकाल में मिलने वाली कल्याणकारी योजना को डेढ़ लाख से बढ़ाकर 500000 करने के प्रदेश सरकार के कदम का स्वागत किया

## कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में संपन्न हुई जुमे की नमाज

फिरोजाबाद। उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद जनपद में शुक्रवार को जुमे की नमाज जिला प्रशासन के कड़े सुरक्षा इंतजामों के बीच शांतिपूर्वक संपन्न हो गयी। शुक्रवार को सुबह से ही स्थानीय प्रशासन के अधिकारी पुलिस फोर्स के साथ सभी मस्जिदों और अन्य संवेदनशील स्थानों पर तैनात रहे। सभी तरह की गतिविधियों पर ड्रोन कैमरे से निगरानी की जाती रही। जिले में शांतिपूर्ण माहौल में जुमे की नमाज दोपहर दो बजे संपन्न हो गई। इस बीच पुलिस ने बताया कि केन्द्र सरकार की अग्निपथ योजना के विरोध में सार्वजनिक संपत्ति के साथ तोड़फोड़ करने वाले 4 और लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इस मामले में शुक्रवार तक कुल 16 लोगों को जेल भेजा जा चुका है। फिरोजाबाद मे आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे पर अग्निपथ योजना के विरोध को लेकर सरकारी बसों में तोड़फोड़ करने वाले चार और युवकों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। फिरोजाबाद जनपद के थाना मटसेना क्षेत्र के तहत आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे पर विगत 17 जून को कुछ युवकों द्वारा अग्निपथ की योजना के विरोध के नाम पर सरकारी बसों में तोड़फोड़ कर सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाकर उपद्रव मचाया था।

# टीशर्ट का फंदा बनाकर फांसी पर झूला युवक, मौत

डिडौली, प्रात : किरण संवाददाता



घरेलू अनबन के चलते युवक ने आत्महत्या कर ली। अपनी ही टीशर्ट का फंदा बनाकर फांसी पर झूल गया। घर के सामने नीम के पेड़ पर उसकी लाश झूलती मिली तो परिजनों के बीच कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। परिजनों की ओर से फिलहाल तहरीर नहीं दी गई है। मामला डिडौली कोतवाली क्षेत्र के गांव पूरनपुर का है। यहां पर रामवीर सैनी का परिवार रहता है। उनके तीन बेटे हैं। दूसरे नंबर के बेटे विजेंद्र सैनी की शादी दो साल पहले हुई थी। उसकी छह महीने की एक बेटी भी है। बताया जा रहा है कि चार दिन पहले विजेंद्र की पत्नी मिथलेश से कहासुनी हो गई थी। नाराज मिथलेश बेटी को लेकर मायके चली गई थी। तभी से विजेंद्र तनाव में था। गुरुवार रात किसी समय वह घर के सामने नीम के पेड़ पर टीशर्ट का फंदा बनाकर फांसी पर झूल गया। शुक्रवार सुबह जब परिजन कूड़ा डालने के लिए घर से निकले तो पेड़ पर उसकी लाश झूलती हुई मिलने से परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर एसएसआई सुक्रमपाल राणा भी मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों की मौजूदगी में पेड़ पर लटके हुए शव को नीचे उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। बताया जा रहा है कि गुरुवार रात विजेंद्र ने शराब के नशे में घर में हंगामा भी किया था। पुलिस अधिकारी मामले में तहरीर व पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने पर आगे की कार्रवाई करने की बात कह रहे हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### 3 माह पूर्व सोहना में हुई चोरियों का पुलिस नही लगा सकी सुराग।

सोहना। सोहना में तीन माह पूर्व हुई 4 से 5 चोरियो का शहर थाना पुलिस आज तक सुराग नहीं लगा पाई है ।जबकि डी सी पी साउथ उपासना सिंह ने 29 अप्रैल को व्यापार मंडल संघ की मीटिंग में चोरी की वारदातों का सुलझाने का आश्वासन दिया था। लेकिन तीन माह बीत जाने के बावजूद पुलिस के हाथ आज भी खाली हैं ।वहीं अपराध शाखा सोहना के अधिकारियों ने संजय बीडी वाले की हुई लाखों रुपए की बीडी सिगरेट की चोरी का खुलासा करने ले बात कही है ।जिसमे कुछ माल के मिलने की संभावना है ।लेकिन सोहना में बीते मार्च अप्रैल मेंलगातार हुई 5 चोरियों का आज तक शहर पुलिस खाली हाथ बैठी है ।जिसमे पाल मोटर्स,जसपाल इंजीनियरिंग, एस के टू व्हीलर्स,पलवल रोड पर विजय राघव के घर ताला तोड़कर लाखों के जेवर व नकदी की चोरी,उसके अलावा दो एक्टिवा चोरी,बाइक चोरी सहित सुभाष टायर वालों के हुई चोरी का पुलिस को कोई सुराग नहीं लगा ।चोरियो का सुराग न लगा पाने को लेकर स्थानीय व्यापारी पुलिस की जांच से संतुष्ट नहीं हैं ।जिसको लेकर शहर के व्यापार मंडल संघ ने शहर की पुलिस पर असंतोष जाहिर करते हुए पुलिस कमिश्नर कला रामचंद्रन से मांग की है सुस्त कर्मचारियों का यहां से तबादला कर ईमानदार कर्मचारी, अधिकारी की नियुक्ति करें।

### नम आंखों से प्रो. एसपी गुप्ता को दी श्रद्धांजलि

गुरुग्राम। गुरुग्राम के प्रख्यात शिक्षाविद और समाजसेवी प्रो. एसपी गुप्ता (सूरज प्रकाश गुप्ता) की रस्म पगड़ी पर शहर के हजारों गणमान्य व्यक्तियों, सामाजिक संस्थाओं व राजनीतिक दलों ने नम आंखों से श्रद्धांजलि दी। सभी ने उनके शैक्षणिक और सामाजिक कार्यो की सराहना की। सभी ने कहा कि उनके निधन से समाज को हुई क्षति की भरपाई होना असंभव है। बता दें कि गत 12 जून को 82 वर्षीय प्रो. एसपी गुप्ता का देहांत हो गया था। वे दिल्ली शिक्षा विभाग में अनेक उच्च पदों पर रहकर वर्ष 2000 में सेवानिवृत्त हो गए थे। उन्होंने अपना पूरा जीवन शिक्षा और समाजसेवा को समर्पित कर रखा था। डिवाइन लाइफ सोसाइटी कृष्ण मंदिर के माध्यम से उन्होंने अनेक निःशुल्क मेडिकल कैम्पों, फिजियोथेरेपी और होम्योपैथी क्लिनिक के माध्यम से समाज के हर वर्ग की सेवा की। महरौली रोड पर स्थित कोरस बैंक्वेट हाल में शुक्रवार को उनकी रस्म पगड़ी में शहर के हजारों गणमान्य व्यक्तियों और सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने अपने श्रद्धासुमन अपिज्त किए। इनमे पूर्व विधायक उमेश अग्रवाल, एनसीआर मीडिया क्लब के प्रेसिडेंट अमित नेहरा, आप पार्टी के नेता एडवोकेट अभय जैन, पार्षद सुभाष सिंगला व शरद गोयल आदि शामिल थे। प्रो. एसपी गुप्ता के पुत्र आलोक गुप्ता (सीए), पुत्रवधु मेघा गुप्ता (सीए), तीनों पुत्रियों स्नेह गोयल, उमा गुप्ता, प्रतिभा गुप्ता, नातियों, पोते-पोतियों समेत सभी परिजनों और रिश्तेदारों ने उपस्थित सभी लोगों का धन्यवाद प्रकट किया।

# नशे के खिलाफ सरकार व सामाजिक संस्थाओं को मिलकर काम करना होगा : अरोड़ा

पंचकूला, प्रात : किरण संवाददाता




हरियाणा गृह विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव राजीव अरोड़ा ने कहा कि प्रदेश के 12 जिलों के नागरिक अस्पतालों में नशा मुक्ति केंद्र चलाए जा रहे हैं और शेष बचे जिला नागरिक अस्पतालों में नशा मुक्ति केंद्र शीघ्र खोले जाएंगे। इसके अलावा, नशा मुक्ति केंद्र में मैनपावर बढ़ाई जाएगी। राजीव अरोड़ा ने यह बात आज पंचकूला में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग व पुलिस आयुक्तालय पंचकूला के सयुक्त तत्वाधान में नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय दिवस के उपलक्ष्य में प्रेविंटिग ड्रग एब्यूज विषय पर आयोजित सेमिनार में सम्बोधन के दौरान कही। उन्होंने कहा कि नशे को जड़ से खत्म करने के लिए सरकार के साथ-साथ एन.जी.ओ व सामाजिक संस्थाओं को मिलकर कार्य करना होगा। स्थानीय निकाय व पंचायत स्तर के साथ-साथ स्कूल, कॉलेज के विद्यार्थियों के लिए जागरूकता कैंप लगाए जाने चाहिए ताकि लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने नशे को खत्म करने, सप्लाई चैन को तोड़ने और नशा बेचने वाले व्यक्तियों को पकड़ने के लिए हरियाणा नारकोटिक कंट्रोल ब्यूरो का गठन किया है ।उन्होंने कहा कि भारत युवाओं का देश है और युवाओं को नशे से बचाकर और उन्हें सही दिशा देकर अपने देश को नई बुलंदियों पर ले जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि नशा व्यक्ति के साथ- साथ समाज व देश के लिये भी घातक है। श्री अरोड़ा ने कहा कि पुलिस विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग और स्वास्थ्य विभाग नशे को लेकर लगातार लोगों को जागरूक करने का कार्य कर रहे हैं । नशे की सप्लाई चैन को तोड़ने में पुलिस विभाग अहम भूमिका निभा रहा है ।पुलिस आयुक्त डॉ. हनीफ कुरैशी ने कहा कि नशा एक ऐसी समस्या है, जो युवाओं के साथ-साथ देश की अर्थव्यवस्था को भी प्रभावित करता है । उन्होंने नशे को खत्म करने के लिये लोगों में जागरूकता फैलाने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि नशे बेचने वाले स्त्रोतों तक पहुंचना बहुत आवश्यक है ताकि नशे की सप्लाई चैन को तोडा जा सके ।उन्होंने कहा कि पंचकूला पुलिस नशे के विरुद्ध पूरी ततपरता से लडाई लड़ रही है और एक विशेष अभियान के तहत इस वर्ष अब तक 86 एफआईआर दर्ज की जा चुकी हैं और 83 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। इसके अलावा, जिला पुलिस द्वारा स्कूल, कॉलेजो के साथ-साथ मार्केट व अन्य सार्वजनिक स्थानों पर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जागरूकता फैलाने का काम कर रही है ।सेमिनार में डॉ आदित्य कौशिक, डॉ अभिमन्यु रामपाल, डॉ मनोज, एडवोकेट प्रतीक गुप्ता, अतुल लखनपाल ने भी अपने विचार रखे।

# किसान सम्मान निधि के लिए पंजीकृत किसान 30 जून तक करवाएं ई-केवाईसी का कार्य

गुरुग्राम, प्रात : किरण संवाददाता



- उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने जिला के किसानों से आह्वान करते हुए कहा कि वे अनिवार्य रूप से ई-केवाईसी का कार्य पूर्ण करवाना सुनिश्चित करें। यह कार्य पीएम-किसान पोर्टल तथा संबंधित ऐप के माध्यम से निशुल्क रूप में किया जा रहा है।

केंद्र सरकार की ओर से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि स्कीम के तहत प्रदेश के लाखों किसानों को खेती करने के लिए आर्थिक सहायता दी जा रही है। योजना का लाभ निर्बाध रूप से जारी रहे इसके लिए 30 जून तक पंजीकृत किसानों का ई-केवाईसी का कार्य किया जा रहा है। उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने जिला के किसानों से आह्वान करते हुए कहा कि वे अनिवार्य रूप से ई-केवाईसी का कार्य पूर्ण करवाना सुनिश्चित करें। यह कार्य पीएम-किसान पोर्टल तथा संबंधित ऐप के माध्यम से निशुल्क रूप में किया जा रहा है। साथ ही कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) के माध्यम से भी वैरिफिकेशन का कार्य किया जा सकता है। उपायुक्त ने बताया कि जिला के किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि स्कीम के तहत सालाना 6,000 रुपये दिए जाते हैं। इसका भुगतान 2000-2000 रुपये की तीन किस्तों में किया जाता है। ये पैसा सरकार द्वारा सीधा किसानों के खाते में ट्रांसफर किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा अभी तक इस योजना के तहत 11 किश्तें जारी की जा चुकी हैं। कृषि विभाग के सहायक पौधा संरक्षण अधिकारी मनमीत ने बताया कि अगर आपके खाते में अभी तक पीएम किसान योजना की 11 वीं किश्त का पैसा नहीं आया है, तो आपको केंद्र सरकार की वेबसाइट पर अपनी डिटेल्स चेक कर लेनी चाहिए, वरना आपकी आगामी किश्त का पैसा भी अटक सकता है।

# जिला पलवल पुलिस के जवान ने लहराया परचम



महावीर सिंह, प्रात : किरण संवाददाता

हथीन पुलिस प्रवक्ता कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसाको पुलिस अधीक्षक पलवल राजेश दुग्गल आईपीएस ने प्रथम नेशनल मास्टर एथलेटिक्स चैंपियनशिप वर्ष 2022 बड़ोदरा गुजरात में अरक संजय कुमार तैनाती थाना शहर पलवल द्वारा अथक प्रयास के उपरांत डिस्कस थ्रो प्रतियोगिता मैं द्वितीय स्थान, सिल्वर मेडल वा शॉट पुट प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त करने की उपलब्धि पर गदगद होकर जवान को अपने कार्यालय में बुलाकर मेडल पहनाकर सम्मानित किया साथ ही उसके उज्जवल भविष्य की कामना की। साथ ही जवान को उत्साहवर्धन हेतु प्रशस्ति पत्र एवं नगद इनाम देने की घोषणा की। गौरतलब है कि यह प्रतियोगिता 16 जून 2022 से 19 जून 2022 तक बड़ोदरा गुजरात में संपन्न हुई। इसके अलावा जिला पुलिस पलवल से ही सिपाही मनोज कुमार जो फिलहाल स्टेट विजिलेंस ब्यूरो में डेपुटेशन पर तैनात हैं उन्होंने जैवलिन थ्रो में द्वितीय स्थान व लॉन्ग जंप में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है।

# पौधारोपण अभियान सप्ताह के अंतर्गत टैरेस किचन गार्डन पर कार्यशाला का किया आयोजन



पंचकूला सेक्टर-1 कॉलेज में मनाए जा रहे पौधारोपण अभियान सप्ताह के अंतर्गत शुक्रवार को टैरेस किचन गार्डन और जैविक अपशिष्ट से खाद बनाने विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में सेक्टर -14 स्थित गवर्नमेंट गर्ल्स कॉलेज की पूर्व प्राचार्या अनुराधा शर्मा ने बतौर मुख्य वक्ता कार्यशाला में शामिल हुई। पौधारोपण अभियान सप्ताह के अंतर्गत कॉलेज परिसर सहित आसपास के ग्रीन बेल्ट में 650 पौधे रोपित किए जा रहे हैं ।कॉलेज की प्राचार्या बबिता वर्मा ने मुख्य वक्ता अनुराधा शर्मा का स्वागत किया और कार्यशाला में उपस्थित विद्यार्थियों को घरों में यथासंभव पेड़-पौधे लगाने का आह्वान किया। अनुराधा शर्मा ने कहा कि पेड़-पौधों से प्यार करना भी प्रकृति सेवा है, यह किसी ईश्वरीय आशीर्वाद से कम नहीं है। उन्होंने कहा कि पौधे लगाने के साथ-साथ उनकी देख-रेख करना भी हमारा कर्तव्य है। कार्यशाला में शर्मा ने विद्यार्थियों को अपनी छत के किचन गार्डन का वीडियो भी दिखाकर कम लागत में सब्जी, फल और औषधियों वाले पौधों को घरों की छत और आंगन में कुशलतापूर्वक उगाने पर विस्तार से अपनी बातें साझा की। साथ ही मिट्टी की गुणवत्ता, पर्याप्त रोशनी, गमलों के आकार व प्रकार और पौधों की सिंचाई के सही ढंग की भी विस्तार से जानकारी दी। कार्यशाला के आयोजन में कॉलेज के वनस्पति विज्ञान विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर और पर्यावरण चिंतक डॉ नीरज सिंह सहित डॉ विधि मान, डॉ.विनय कुमार, डॉ परवेश, सरोज रानी और अंकिता की सराहनीय भूमिका रही।

**प्रकृति**

- पौधों से प्रेम करना भी है प्रकृति सेवा: अनुराधा शर्मा

# चुनावों के दौरान मतदान और मतगणना में स्टाफ ने निभाई अहम भूमिका



सोहना, प्रात : किरण संवाददाता

सोहना नगर निकाय चुनाव में अहम भूमिका निभाने वाले आईटीआई वह ब्लॉक के सभी स्टाफ कर्मियों को जल्द सम्मानित किया जाएगा मतदान व मतगणना में सभी स्टाफ कर्मियों ने अपनी शानदार भूमिका निभाई जिसको लेकर मास्टर कृष्ण कुमार ने बताया की चुनाव के दौरान ईवीएम के मास्टर ट्रेनर रामनिवास यादव,अजीत सिंह,सुभाष,पवन कुमार,राजेंद्र सिंह,अंशुल चोपड़ा,सुनील कुमार,जितेंद्र, रोहतास कुमार,सहित अन्य स्टाफ कर्मियो ने मतदान से पूर्व ई वी एम से संबंधित जानकारी उपलब्ध कराई और मतगणना को लेकर अपनी अहम भूमिका निभाई ।वार्ड नंबर 6 की ई वी एम में एरर आने पर उसे ।तुरंत बदल कर दूसरी मशीन मिंटो में चालू कर मतदान आरंभ करा दिया था ।सभी कर्मियो की भूमिका को लेकर एस डी एम जितेंद्र गर्ग जल्द ही सम्मानित कर प्रशस्ति पत्र देंगे।

# विकास चौधरी हत्याकांड के शूटर को किया गिरफ्तार, आरोपी 6 दिन के पुलिस रिमांड पर

फरीदाबाद, प्रात : किरण संवाददाता

डीसीपी क्राइम नरेंद्र कादयान के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच डीएलएफ प्रभारी इंस्पेक्टर योगेंद्र की टीम ने वर्ष 2019 के हत्या के मुकदमे में आरोपी शूटर को गिरफ्तार किया है । गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम विकास उर्फ मालहे है जो गुरुग्राम जिले के धनवापुर गांव का रहने वाला है। आरोपी कौशल गैंग का सदस्य है जिसने वर्ष 2019 में अपने साथियों के साथ मिलकर फरीदाबाद के रहने वाले प्रॉपर्टी डीलर विकास की हत्या कर दी थी। मृतक विकास के भाई की शिकायत के अनुसार दिनांक 26 जून 2019 को सुबह करीब 9:00 बजे जब उसका भाई सेक्टर 9 की मार्केट में एशियन अस्पताल के ऊपर स्थित जिम के लिए पार्किंग में पहुंचा था तो वहां पर आरोपी के साथियों ने मिलकर उसके भाई की गाड़ी पर ताबड़तोड़ फायरिंग की जिसमें उसके भाई की मृत्यु हो गई थी। थाने में आरोपियों के खिलाफ हत्या की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज करके मामले की जांच शुरू की गई। इस मामले में फरीदाबाद पुलिस द्वारा मामले में शामिल कौशल गैंग के मुखिया कौशल तथा अमित सहित 20 आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है तथा एक आरोपी रोहित गुड़गांव पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में मारा जा चुका है। इस मामले में फरार चल रहे आरोपी विकास को फरीदाबाद सेक्टर 12 से गिरफ्तार किया है। जिसे दिल्ली पुलिस प्रोडक्शन वारंट पर लेकर आई थी। इसके पश्चात क्राइम ब्रांच डीएलएफ ने आरोपी को प्रोडक्शन पर लेकर गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को अदालत में पेश करके 6 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। पुलिस रिमांड के दौरान प्राथमिक पूछताछ में सामने आया कि आरोपी बहुत ही शातिर अपराधी है जिसके ऊपर हरियाणा, पंजाब तथा उत्तर प्रदेश में हत्या के 7 मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि इस मामले में दो पिस्टल तथा एक देसी कट्टे का प्रयोग किया गया था जिसमें से आरोपी के साथी सचिन से एक देसी कट्टा बरामद किया था चुका है। एक पिस्टल आरोपी सज्जन से पुलिस रिमांड के दौरान बरामद किया गया है। आरोपी विकास से पूछताछ जारी है पूछताछ के बाद अदालत में पेश किया जाएगा।

# करीब 10 लाख रुपए की कीमत के चोरी सुदा कंप्यूटर सहित एक चोर हिरासत में

महावीर सिंह, प्रात : किरण संवाददाता



हथीन आरोपी से राजस्थान से चोरी सुदा 32 कंप्यूटर एवं संबंधित उपकरण बरामद,पेश अदालत कर किया जेल की सलाखों के पीछे उक्त कामयाबी का खुलासा प्रेस वार्ता के माध्यम से हथीन प्रभारी उप निरीक्षक सत्यवान ने करते हुए बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक राजेश दुगगल के आदेशानुसार संगीन अपराध करने वाले अपराधियों के प्रति सघन अभियान चलाया हुआ है। इसी कड़ी में उन्हें विश्वसनीय सूचना प्राप्त हुई कि एक युवक गत्ता पेटी में डायल कंपनी के चोरीशुदा कंप्यूटर सहित हथीन के बस स्टैंड पर मौजूद है जो कि कंप्यूटर को बेचने के लिए आया है। सूचना मिलते ही हेड कॉन्स्टेबल साबिर हुसैन के नेतृत्व में टीम गठित कर मौके पर दबिश दी गई और एक युवक को गत्ता पेटी सहित काबू कर लिया गया। गत्ता पेटी को खोलकर चेक किया गया तो उसमें से डायल कंपनी का चोरीशुदा कंप्यूटर, दो पीस स्टैंड, तीन डाटा केवल, एक इलेकिट्रक केवल को बरामद किया गया। कंप्यूटर का बिल व पर्ची मांगी गई तो वह किसी प्रकार का कोई कागजात नहीं दिखा पाया। पूछताछ में आरोपी की पहचान जुबेर पुत्र हनीफ निवासी नंगला सहजाद हजारीबास, जिला भरतपुर (राजस्थान) के रूप में हुई ।आगे मिली जानकारी के अनुसार आरोपी ने गहन पूछताछ में बताया कि उसने यह माल बलू डॉट कंपनी जयपुर के माल ट्रक में चोरी किए हैं। जिस संबध में जयपुर के हरमाडा थाना में मुकदमा नंबर 341 11 जून धारा 407 आईपीसी के तहत दर्ज है। आरोपी से की गई पूछताछ एवं निशानदेही के अनुसार उसके निवास से 31 गत्ता पेटी बरामद की गई। जिनमें सभी गत्ता पेटी से चोरीशुदा एक-एक कंप्यूटर, दो-दो पीस स्टैंड, तीन-तीन डाटा केबल, एक-एक इलेकिट्रक केबल को बरामद किया गया। बरामद सभी उपकरण की मार्किट वैल्यू लगभग दस लाख रुपये है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ थाना हथीन मैं संबंधित धाराओं के तहत अलग मामला दर्ज करते हुए आज शुक्रवार को उसे अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

# आयकर रिटर्न भरने में न करे देरी, ऑनलाइन भीड़ से बचे : पंकज वर्मा

गुरुग्राम, प्रात : किरण संवाददाता



- वित्त वर्ष 2021-22 की टीडीएस की अंतिम तिमाही की रिटर्न की अंतिम तिथि 31 मई जा चुकी है।

बिना ऑडिट वाले करदाताओं की आयकर रिटर्न भरने की अंतिम तिथि 31 जुलाई है लेकिन आयकर विभाग ने अभी से करदाताओं को ईमेल संदेश भेजने शुरू कर दिए है, जिसमे उन्होंने सब से अपील करी है कि करदाता अपनी रिटर्न ऑनलाइन जल्द भर ले और अंतिम दिनों में ऑनलाइन भीड़ से बचे। कर सलाहकर व एमएसएमई वेलफेयर फाउंडेशन के अध्यक्ष पंकज वर्मा एडवोकेट ने बताया कि जिन व्यापारियो के खाते ऑडिट नही होते व जिनके आय सैलरी, हाउस प्रॉपर्टी, ब्याज व अन्य माध्यम से है, वे 31 जुलाई से पहले अपनी रिटर्न भर ले।

क्योंकि वित्त वर्ष 2021-22 की टीडीएस की अंतिम तिमाही की रिटर्न की अंतिम तिथि 31 मई जा चुकी है, जिसके कारण आयकर की वेबसाइट पर 26एएस व एआईएस रिपोर्ट भी डाउनलोड होने लगी है, जिसे देख कर आयकरदाता व कर सलाहकार, करदाता की रिटर्न आसानी से फाइल कर सकते है इसलिए करदाताओं को रिटर्न भरने में देरी नही करनी चाहिए। जो करदाता रिटर्न स्वयं न भरकर, किसी कर सलाहकार, सीए अथवा वकील से रिटर्न भरवाते है, अधिक देरी करने पर उनके पास भी वक्त की कमी हों जाती है, जिसके कारण आयकरदाता अपने कागज सही से चेक नही करवा पाते। इसलिए आयकर विभाग की अपील को मानना चाहिए व आज ही अपनी रिटर्न भरने की तैयारी शुरू कर देनी चाहिए।

# बिनौले के आड में ले जाई जा रही करोडों की सैकडों क्विंटल गांजा पत्ती बरामद

प्रवीण सैनी, प्रात : किरण संवाददाता



होडल सीआइए पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर नेशनल हाइवे करमन बॉर्डर के निकट नाका लगाकर एक ट्रक में बिनौला( पशु चारा) की आड में ले जाई जा रही सैकडों किलो मादक पदार्थ (गांजा) बरामद किया है। पुलिस ने गांजे के साथ ट्रक चालक व परिचालक सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए गांजे की कीमत दो करोड से उपर बताई जा रही है। पुलिस ने गांजे के साथ पकड़े गए तीनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे अदालत में पेश करके रिमांड पर ले लिया है।

होडल सीआइए पुलिस की इतनी बडी कामयाबी को लेकर जिला पुलिस कप्तान राजेश दुगगल ने होडल सीआइए कार्यालय में पहुंचकर सीआइए टीम इंचार्ज जंगशेर सहित पूरी टीम को बधाई दी है। जिला पुलिस कप्तान राजेश दुगगल ने जानकारी में बताया कि होडल सीआइए इंचार्ज जंगशेर व उनकी टीम को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि एक ट्रक विजय नगर विशाखा पट्टनम से मादक पदार्थ लेकर गांव पीपावा तावडू की ओर जा रहा है। सूचना मिलते ही सीआइए पुलिस ने नेशनल हाइवे करमन बॉर्डर पर नाका लगाकर वाहनों की तलाशी लेनी शुरू कर दी। जैसे ही पुलिस को मुखबिर द्वारा बताया गया ट्रक नाके पर पहुंचा तो पुलिस ने उसे चैकिंग के लिए रोक लिया। पुलिस ने जब ट्रक की तलाशी ली तो ट्रक में बिनौले के कट्टे भरे हुंए थे। पुलिस ने ट्रक की गहनता से तलाशी ली तो पुलिस को ट्रक में से 24 कट्टे बरामद किए। पुलिस ने जब उन कट्टों की तलाश ली तो उनमें गांजा पत्ती भरी हुई थी। सीआइए पुलिस ने मामले की सूचना आला अधिकारियों को दी। सीआइए पुलिस ने ड्यूटी मजिस्ट्रेट सिचाई विभाग के एसडीओ लखन लाल को मौके पर बुलाकर बरामद हुए गाजे की तोल की तो गांजा 749 किलो 800 ग्राम बैठा। जिला पुलिस कप्तान ने बताया कि सीआइए पुलिस ने गांजे के साथ मौजूद ट्रक चालक गांव रनिवाला खुर्द थाना बहिन निवासी रफिक, परिचालक सद्दाम व गांव महाबीर नगर संतधार सिसवा बिहार निवासी फिरोज आलम को हिरासत में ले लिया। होडल सीआइए की इस उपलब्धि पर जिला पुलिस कप्तान ने होडल सीआइए की टीम को बधाई दी हैं।

### स्नेह और शक्ति का अवतार थीं मातेश्वरी जगदम्बा सरस्वती

**गुरुग्राम।** धार्मिक संसिा ब्रह्माकुमारीज के ओम शांति रिट्रीट सेंटर में मातेश्वरी जगदम्बा सरस्वती का 57वां स्मृति दिवस मनाया गया। संस्था के अतिरिक्त महासचिव बीके बृजमोहन बताया कि वर्ष 1919 में अमृतसर में जन्मी मां जगदम्बा ने 24 जून 1965 को अपनी नश्वर देह का त्याग किया।

16 वर्ष की छोटी आयु से ही आपने अपना सम्पूर्ण जीवन ईश्वरीय सेवा में समर्पित किया। सत्यता, ईमानदारी, वफादारी, जिम्मेवारी और कर्तव्यनिष्ठा जैसे महान गुणों ने आपको विशेष बना दिया। उन्होंने कहा कि मातेश्वरी का जीवन सादगी सम्पन्न था।

उनका जीवन आज भी हमारे लिए एक आदर्श उदाहरण है। उनके सम्मुख जाते ही मन को गहन शांति की अनुभूति होती थी।

बीके आशा ने कहा कि मातेश्वरी का जीवन एक खुली किताब की तरह था। उनका व्यक्तित्व की पारदर्शी था। वे सदा ही तपस्वीमूर्त बनकर रहीं। दुनिया की कोई भी चीज उनको आकर्षित नहीं कर सकती थी।

# लूट की योजना बनाते हुए 2 आरोपियों को क्राइम ब्रांच ने किया गिरफ्तार

फरीदाबाद, प्रात : किरण संवाददाता

डीसीपी क्राइम नरेंद्र कादयान के द्वारा शहर में अपराध पर अंकुश लगाने के लिए अपराधियों की धरपकड़ के दिए गए दिशा-निर्देशों पर कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच सेक्टर 65 प्रभारी सब इंस्पेक्टर ब्रह्म प्रकाश की टीम ने लूट की योजना बनाते हुए 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

गिरफ्तार आरोपी मोहित उर्फ मोटा मूल रूप से उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर के गांव बिछटपुर सुजानपुर का हाल किराएदार आदर्श नगर बल्लभगढ़ व आरोपी सतेंद्र कुमार मूल रूप से उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर जिले के गांव खालोर का हाल किराएदार बल्लभगढ़ रहने वाले है। क्राइम ब्रांच टीम ने दोनों आरोपियों को अपने सूत्रों से प्राप्त सूचना के आधार पर बल्लभगढ़ के सेक्टर 62/64 चौक से अवैध हथियार के साथ काबू किया है। आरोपी मोहित से बटन दार चाकू तथा आरोपी सतेंद्र से लोहे की रॉड बरामद हुई है। दोनों आरोपियों के खिलाफ थाना आदर्श नगर में लूट की योजना और अवैध हथियार की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ में सामने आया कि दोनों आरोपी नशा करने के आदी हैं नशे की पूर्ति के लिए चोरी और लूट की वारदातों को अंजाम देते हैं।

आरोपी मोहित पहले लूट और चोरी के मामलों में 6/7 बार जेल जा चुका है। आरोपी सतेंद्र पहले हत्या के मुकदमे में जेल जा चुका है अभी आरोपी चंडीगढ़ हाई कोर्ट से जमानत पर था। आरोपी मोहित ने एक मोटरसाइकिल, दो मोबाइल फोन और एक गुल्लक चोरी( 20000/- ) की थी। आरोपी मोहित ने अपने साथी सतेंद्र के साथ मिलकर थाना आदर्श नगर में घर में से 2 गोल्ड लॉन्ग, पाजी, 8 जोड़ी चुक्टी और थाना सदर बल्लभगढ़ के लिए में चोरी की अन्य वारदात को अंजाम दिया था। आरोपियों से अन्य मुकदमों में एक मोटरसाइकिल 2 फोन,2 गोल्ड लॉन्ग, पाजी, 8 जोड़ी चुक्टी के साथ 5200/- नगद बरामद हुए हैं ।पूछताछ के बाद आरोपियों को अदालत में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के ऑन करें
www.pratahkiran.com | @Pratahkiran
epaper.pratahkiran.com | @Pratahkiran



## संक्षिप्त खबरें



### जेट एयरवेज ने परिचालन नियुक्तियां शुरू कीं, पूर्व कर्मियों को बुलाया

नई दिल्ली। विमानन कंपनी जेट एयरवेज ने शुक्रवार को परिचालन नियुक्तियां शुरू कीं और अपने केबिन क्रू के पूर्व सदस्यों को एयरलाइन में लौटने को कहा। विमानन क्षेत्र के नियामक नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने 20 मई को एयरलाइन को वाणिज्यिक हवाई परिचालन बहाल करने की इजाजत दी थी। एयरलाइन के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) संजीव कपूर ने ट्वीट किया, ह्यह्यहमारी परिचालन नियुक्तियां शुरू हो गई हैं जिसमें हमने जेट के पूर्व कर्मियों को वापस बुलाया है। आने वाले दिनों में पायलट और इंजीनियरों की नियुक्तियां शुरू करेंगे।ह्णह्ण एयरलाइन का वाणिज्यिक हवाई परिचालन जुलाई-सितंबर तिमाही में शुरू हो सकता है। फिलहाल एयरलाइन ने केवल महिला क्रू सदस्यों को ही वापस बुलाया है।

### सीबीआई ने बैंक धोखाधड़ी मामले में पांच स्थानों पर तलाशी ली

नई दिल्ली। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने दिल्ली की एक पैकेजिंग कंपनी रेवा स्केन्स प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ धोखाधड़ी के एक मामले में शुक्रवार को दिल्ली में पांच स्थानों पर छापेमारी की। अधिकारियों ने बताया कि इस कंपनी के खिलाफ बैंकों के संघ से कथित तौर पर 69.33 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी करने का आरोप है। उन्होंने बताया कि सीबीआई ने इंडियन ओवरसीज बैंक की शिकायत पर यह कार्रवाई की है। इसमें बैंक ने आरोप लगाया कि कंपनी के वित्त में गंभीर अनियमितताएं हैं मसलन धन की हेराफेरी, बहीखातों में गड़बड़ी और जालसाजी तथा ऐसा करके कंपनी ने 2011 से 2016 के बीच बैंकों को करोड़ों रुपये का चूना लगाया है। प्राथमिकी दर्ज करने के बाद सीबीआई ने कंपनी के पूर्व निदेशकों से जुड़े दिल्ली स्थित परिसरों पर छापेमारी की।

### कायमकुलम सौर परियोजना की अंतिम इकाई का वाणिज्यिक परिचालन शुरू

नई दिल्ली। सार्वजानिक क्षेत्र की बिजली कंपनी एनटीपीसी ने केरल के कायमकुलम में जल क्षेत्र में लगी 92 मेगावॉट की सौर परियोजना की अंतिम इकाई का वाणिज्यिक परिचालन शुरू कर दिया है। इस इकाई की बिजली उत्पादन क्षमता 35 मेगावॉट है। एनटीपीसी ने शुक्रवार को शेयर बाजार को भेजी सूचना में कहा कि कायमकुलम जलाशय सौर पीवी परियोजना 23-24 जून मध्यरात्रि से वाणिज्यिक रूप से परिचालन में आ गयी। इस परियोजना की शुरूआत के साथ, एनटीपीसी की एकल आधार पर स्थापित और वाणिज्यिक उत्पादन क्षमता 54,749.20 मेगावॉट हो गई है, जबकि समूह के स्तर पर स्थापित और वाणिज्यिक क्षमता 69,114.20 मेगावॉट है।

# महिंद्रा लॉजिस्टिक्स का तीन वर्ष में 10,000 करोड़ के राजस्व का लक्ष्य

गुरुग्राम, एजेंसी



महिंद्रा समूह की लॉजिस्टिक्स सेवा कंपनी महिंद्रा लॉजिस्टिक्स लिमिटेड (एमएलएल) ने वित्त वर्ष 2025-26 तक राजस्व को 10,000 करोड़ तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा है। कंपनी के अधिकारियों ने बताया कि इस समय कंपनी के देशभर में 10 जगहों पर वेयरहाउस (भंडार केंद्र) हैं जो कुल मिलाकर 34 लाख वर्ग फुट के क्षेत्र में फैले हैं और इसमें सात जगहों पर 28 लाख वर्ग फुट क्षेत्र के भंडार केंद्रों का निर्माण कार्य प्रगति पर है।

एमएलएल के अधिकारियों ने हरियाणा के गुरुग्राम जिले के लुहारी में अपने विशाल वेयरहाउस पर संवाददाताओं से कहा, 'लुहारी की 14 लाख वर्ग फुट की भंडारण सुविधा शुरू होने से हमारी वेयरहाउसिंग क्षमता करीब 1.5 गुना हो गयी है। हम सात जगहों पर 28 लाख वर्ग फुट की नई सुविधाओं का निर्माण कर रहे हैं।' एमएलएल ने वर्ष 2022 की शुरूआत में इस सुविधा का परिचालन आरंभ किया था। एमएलएल ने मुख्य वित्त अधिकारी योगेश पटेल ने कहा, 'देश में राजमार्ग, रेल और अन्य ढांचागत सुविधाओं के विस्तार के मद्देनजर लॉजिस्टिक्स क्षेत्र का विस्तार तेज होगा।' उन्होंने बताया कि वित्त वर्ष 2021-22 में कंपनी का लाभ 35 करोड़ रुपये रहा जिसमें परिचालन लाभ 210 करोड़ रुपये दर्ज किया गया। इस वर्ष कंपनी को 4,083 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ। श्री पटेल ने कहा, 'एमएलएल ने वित्त वर्ष 2025-26 तक वार्षिक 10,000 करोड़ रुपये के राजस्व का लक्ष्य रखा है।' एमएलएल की लुहारी वेयरहाउस सुविधा में तीन ग्रेड-ए के मालगोदाम हैं जो 14 लाख वर्ग फुट के क्षेत्र में फैले हुए हैं।

इसमें कंपनी बजाज, एमेजॉन और कुछ अन्य बड़ी कंपनियों को लॉजिस्टिक्स सुविधा प्रदान कर रही है। वहां 600 से अधिक कर्मचारी कार्य कर रहे हैं।

इन सुविधा को एमएलएल के स्वस्थ विकास के मानकों के अनुसार तरल कचरा प्रबंधन, अक्षय ऊर्जा, अपशिष्ट प्रबंधन आवश्यकताओं एवं उत्कृष्ट स्वचलित के अनुरूप बनाया गया है। कंपनी उत्पादकता में सुधार और दक्षता बढ़ाने के लिए नवीनतम एवं सर्वोत्तम उपकरणों और प्रौद्योगिकियों का उपयोग कर रही है।

श्री पटेल ने यूनीवार्ता को बताया कि लॉजिस्टिक्स क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा के बीच हमारी कंपनी सभी क्षेत्रों के माल के भंडारण और लाने ले जाने का कार्य करती है जिससे कुछ कंपनियां दूर हैं। उन्होंने कहा कि हमारा वित्त वर्ष 2022-23 के आंकड़ें मुख्य रूप से कोरोना की दूसरी लहर और तीसरी लहर से प्रभावित है। हमें पूरा विश्वास है कि हमारा वित्त वर्ष 2025-26 तक 10,000 करोड़ के राजस्व का लक्ष्य पूरा होगा। रूस-यूक्रेन युद्ध और चीन में लॉकडाउन से अंतरराष्ट्रीय आपूर्ति श्रृंखला पर घरेलू माल-ढुलाई क्षेत्र पर सीधे तौर पर प्रभाव नहीं पड़ा है।

## टाटा स्टील माइनिंग ने रोहित फेरो-टेक का अधिग्रहण किया

**नई दिल्ली।** टाटा स्टील की खनन इकाई टाटा स्टील माइनिंग लिमिटेड (टीएसएमएल) ने कर्ज में डूबी रोहित फेरो-टेक (आरएफटी) की शेष 10 प्रतिशत इक्विटी हिस्सेदारी का अधिग्रहण 20 करोड़ रुपये में पूरा कर लिया है। कंपनी ने एक बयान में इसकी जानकारी दी। टाटा स्टील ने 12 अप्रैल को कहा था कि उसकी अनुषंगी टीएसएमएल ने दिवाला और ऋण शोधन अक्षमता संहिता (आईबीसी) के तहत स्वीकृत समाधान योजना के अनुसार आरएफटी में 90 प्रतिशत हिस्सेदारी का अधिग्रहण पूरा कर लिया है।

कंपनी ने कहा था कि टीएसएमएल से आरएफटी में निवेश 10 करोड़ रुपये की इक्विटी और 607.12 करोड़ रुपये के अंतर-कॉरपोरेट ऋण के संयोजन के माध्यम से किया गया था।

टाटा स्टील ने बृहस्पतिवार को शेयर बाजारों को दी एक सूचना में कहा था कि आरएफटी में वित्तीय लेनदारों (एफसी) की 10 प्रतिशत इक्विटी हिस्सेदारी का अधिग्रहण 22 जून, 2022 को लगभग 20.06 करोड़ रुपये में पूरा हुआ।

## माइक्रोसॉफ्ट ने एज में नए एक्सबॉक्स, पीसी गेमिंग प्रदर्शन फीचर्स जोड़े

सैन फ्रांसिस्को, एजेंसी




टेक दिग्गज माइक्रोसॉफ्ट अपने एज ब्राउजर को थोड़ा और गेमर-फ्रेंडली बना रहा है क्योंकि यह वेब पेज पर नए एक्सबॉक्स और पीसी गेमिंग परफॉर्मेंस फीचर जोड़ रहा है। द वर्ज की रिपोर्ट के मुताबिक, नए गेमिंग-केंद्रित होमपेज और कैजुअल गेम्स इंटीग्रेशन के अलावा, वेब ब्राउजर को एक्सबॉक्स क्लाउड गेमिंग स्ट्रीम को बेहतर बनाने के लिए क्लेरिटी बूस्ट भी मिल रहा है। पीसी गेमर्स के लिए नया एफिसिएंशी मोड सबसे दिलचस्प जोड़ है। विंडोज 10 और विंडोज 11 दोनों यूजर एज में इस एफिसिएंशी मोड को सक्षम करने से लाभ उठा सकेंगे और यह ब्राउजर को गेम खोलने पर संसाधन लेने से रोक देगा।

माइक्रोसॉफ्ट के उपभोक्ता सेवाओं और सॉफ्टवेयर उत्पादों के कॉर्पोरेट उपाध्यक्ष लियाट बेन-जुर ने कहा, इस फीचर के साथ, आपको इसे चलाने के लिए ब्राउजर को बंद करने और इसे फिर से खोलने की आवश्यकता नहीं है। बेन-जूर ने कहा, जैसे ही आप गेम को बंद करते हैं, माइक्रोसॉफ्ट एज एफिसिएंशी मोड से बाहर निकल जाएगा और आपको वहीं वापस ले जाएगा जहां आपने छोड़ा था। माइक्रोसॉफ्ट एक्सबॉक्स क्लाउड गेमिंग के लिए क्लेरिटी बूस्ट फीचर भी जोड़ रहा है। यह एक स्थानिक अपसंस्कृति सुविधा है जिसे एक्सबॉक्स स्ट्रीम किए गए खेलों को अधिक स्पष्ट और तेज बनाने के लिए डिजाइन किया गया है। टेक दिग्गज ने एज के लिए एक गेमिंग होमपेज भी बनाया है, जिसमें गेमिंग न्यूज, लाइव स्ट्रीम, एक्सबॉक्स कंटेंट और एक्सबॉक्स क्लाउड गेमिंग की त्वरित पहुंच शामिल है। माइक्रोसॉफ्ट की सभी नई गेमिंग सुविधाएँ अब एज के लेटेस्ट वर्जन, वर्जन 103 में उपलब्ध हैं।

## टोयोटा, सुजुकी उत्पादन के क्षेत्र में साझेदारी का करेंगे विस्तार



नई दिल्ली, एजेंसी

जापान की वाहन विनिमार्ता कंपनी टोयोटा और सुजुकी ने शुक्रवार को कहा कि वे भारत में विकास और उत्पादन के क्षेत्रों में सहयोग और बढ़ाऐंगे।

दोनों कंपनियों ने एक संयुक्त बयान में कहा कि इस पहल के तहत दोनों कंपनियां सुजुकी द्वारा विकसित नई एसयूवी का उत्पादन इस वर्ष अगस्त माह से टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) में शुरू करेंगी।

सुजुकी की भारतीय इकाई मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड और टीकेएम भारत में इन नए मॉडलों को बाजार में क्रमशः सुजुकी और टोयोटा मॉडल की तरह उतारेंगी। बयान में कहा गया, इसके अलावा दोनों कंपनियां नए मॉडलों को भारत के बाहर के बाजारों में निर्यात करने की योजना बना रही है, जिनमें अफ्रीका के बाजार भी शामिल हैं।

टोयोटा के अध्यक्ष अकियो तोयोदा ने कहा, हम सुजुकी के साथ नई एसयूवी की घोषणा करते हैं। सुजुकी के अध्यक्ष तोशिहिरो सुजुकी ने कहा कि टीकेएम में नई एसयूसी विनिर्माण की परियोजना भारत की वृद्धि में योगदान देगी।

## गो फर्स्ट एयरलाइन ने शुरू की कोच्चि से अबूधाबी के बीच सीधी उड़ान

कोच्चि, एजेंसी

गो फर्स्ट (गोएयर) एयरलाइन ने केरल के कोच्चि से अबू धाबी के लिए 28 जून से सीधी उड़ाने संचालित करने की घोषणा की है। है। फिलहाल ये उड़ानें हफ्ते में सिर्फ तीन दिन ही संचालित होंगी। एयरलाइन ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। एयरलाइन के आज जारी बयान के अनुसार, पहली गो फर्स्ट उड़ान जी8 063 कोचीन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से स्थानीय समयानुसार शाम करीब आठ बजे प्रस्थान करेगी और रात 10:40 बजे अबू धाबी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचेगी और वापसी के दौरान, गो फर्स्ट फ्लाइट जी8 064 अबू धाबी से रात 11:40 बजे (स्थानीय समय) पर प्रस्थान करेगी और सुबह 5:10 बजे कोच्चि पहुंचेगी।




उन्होंने बताया कि यात्री प्रति सप्ताह तीन सीधी उड़ान सेवाओं का आनंद ले सकते हैं। उन्हें अब बुकिंग मात्र 15793 रुपये से आवागमन दोनों के लिए करवा सकते हैं। उन्होंने बताया कि यह क्षेत्र मध्य पूर्व में गो फर्स्ट के अंतरराष्ट्रीय पदचिह्न को मजबूत करेगा और यात्रियों को सस्ती एवं सुलभ यात्रा कराने में कारगर साबित होगा। जो गर्मियों की छुट्टियों में कोच्चि से अबू धाबी के लिए या अबूधाबी से केरल में मस्ती करने की योजना बना रहे हैं। वह इस सुविधा का आसानी से लाभ ले सकते हैं। संयुक्त अरब अमीरात की राजधानी अबू धाबी दुनिया के सबसे आधुनिक और तेजी से विकसित हो रहे शहरों में से एक है।

एयरलाइन ने कहा कि दो देशों के बीच यात्रा करने वाले यात्री बुकिंग के लिए डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू डॉट फ्लाई गो फर्स्ट डॉट कॉमपर लॉग इन कर सकते हैं या मोबाइल एप का उपयोग कर सकते हैं। गो फर्स्ट के मुख्य कार्यकारी अधिकारी कौशिक खोना ने कहा, हमें मध्य पूर्व में अपनी कनेक्टिविटी को मजबूत करने के लिए केरल को अबू धाबी से जोड़ने वाली नई नॉन-स्टॉप उड़ानों की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। इस क्षेत्र में हमारे विस्तार से यह सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी कि इन शहरों में यात्रियों की पहली पसंद गो फर्स्ट है। ये नए मार्ग एक बार फिर हमारे अंतरराष्ट्रीय परिचालन के विस्तार के प्रति हमारी अडिग प्रतिबद्धता को दशार्ते हैं। फिलहाल, गो फर्स्ट एयरलाइन ने कोच्चि से कुवैत और कोच्चि से मस्कट के लिए दैनिक सीधी उड़ानें शुरू करने की भी घोषणा की है। उन्होंने बताया कि गो फर्स्ट अपने यात्रियों को अपने आप पहले आओ दर्शन के तहत सुलभ हवाई उड़ान का अनुभव प्रदान करने का प्रयास कर रहे हैं।

## सोना 70 रुपये टूटा, चांदी में 621 रुपये की गिरावट



नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली सराफा बाजार में शुक्रवार को सोना का भाव 70 रुपये घटकर 50,557 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। इससे पिछले कारोबारी सत्र में सोना 50,627 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। इसी तरह चांदी की कीमत भी 621 रुपये टूटकर 59,077 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई। पिछले कारोबारी सत्र में चांदी का भाव 59,698 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुआ था। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) तपन पटेल ने कहा, न्यूयॉर्क स्थित जिंस एक्सचेंज, कॉमेक्स में कल रात की गिरावट के बाद दिल्ली सराफा बाजार में 24 कैरेट सोने की हाजिर कीमतों में 70 रुपये की कमी आई है।

अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना तेजी के साथ 1,828 डॉलर प्रति औंस पर था, जबकि चांदी 20.97 डॉलर प्रति औंस पर लगभग स्थिर रही। कॉमेक्स में सोने की हाजिर कीमत में 0.33 प्रतिशत की तेजी थी।

## वियतजेट ने वियतनाम के लिए चार नए हवाई मार्ग खोले

मुंबई, एजेंसी




वियतजेट ने आधिकारिक तौर पर मुंबई-हो ची मिन्ह सिटी/हनोई मार्गों और नई दिल्ली/मुंबई-फू क्वोक सेवाओं सहित भारत और वियतनाम के शीर्ष गंतव्यों को जोड़ने वाली चार और हवाई सेवाएं शुरू की हैं। नए मार्गों का शुभारंभ समारोह मुंबई में हो ची मिन्ह सिटी के राजनेताओं की हालिया मुंबई यात्रा के दौरान आयोजित किया गया, जब भारत और वियतनाम के बीच राजनयिक संबंधों की 50वीं वर्षगांठ मनाई गई। इस समारोह में हो ची मिन्ह सिटी की पीपल्स कमेटी की वाइस चेयरवूमैन फान थी थांग, वियतजेट के उच्चाधिकारियों और मुंबई में वियतनाम के महावाणिज्य दूतावास के प्रतिनिधियों ने शिरकत की। मुंबई-फू क्वोक मार्ग पर 9 सितंबर, 2022 से प्रत्येक सोमवार, बुधवार, शुक्रवार और रविवार को चार साप्ताहिक उड़ानें संचालित की जाएंगी। नई दिल्ली और फू क्वोक के बीच सेवाएं भी 9 सितंबर, 2022 से ही शुरू होंगी तथा प्रत्येक बुधवार, शुक्रवार और रविवार को तीन साप्ताहिक उड़ानें संचालित की जाएंगी। हो ची मिन्ह सिटी/हनोई-मुंबई मार्गों पर जून, 2022 की शुरूआत से हवाई सेवाएं शुरू हो गई हैं। नई दिल्ली को हो ची मिन्ह सिटी/हनोई से जोड़ने वाली दोनों देशों की पहली सीधी हवाई सेवाओं का परिचालन गत अप्रैल में प्रत्येक मार्ग के लिए प्रति सप्ताह तीन से चार उड़ानों की आवृत्ति के साथ फिर से शुरू हुआ। यात्री अब इन मार्गों के हवाई टिकट बुक कर सकते हैं, जिनका एक तरफ का किराया बहुत ही कम महज 18 अमेरिकी डॉलर है। इस अवसर पर वियतजेट के वाइस प्रेजिडेंट गुयेन थान सोन ने कहा, वियतजेट के वियतनाम-भारत फ्लाइट नेटवर्क के विस्तार से दोनों देशों के बीच यात्रा संपर्क और व्यापार संबंधों को और अधिक बढ़ावा व मजबूती मिलेगी। हम वियतनाम की राजधानी हनोई और वहां के सबसे बड़े शहर हो ची मिन्ह तथा भारत की राजधानी नई दिल्ली के बीच सीधी हवाई सेवाओं का संचालन करने वाले पहले वाहक रहे हैं।

# रुपये में तेज उतार-चढ़ाव नहीं होने देगा केंद्रीय बैंक : आरबीआई डिप्टी गवर्नर

नई दिल्ली, एजेंसी




भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के डिप्टी गवर्नर माइकल डी पात्रा ने शुक्रवार को कहा कि रुपये में तेज उतार-चढ़ाव नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि हाल के समय में अन्य मुद्राओं की तुलना में रुपये की विनिमय दर में गिरावट सबसे कम रही है। वैश्विक स्तर पर संकट का प्रभाव और भारतीय अर्थव्यवस्था विषय पर आयोजित संवाद सत्र में पात्रा ने कहा कि भारत के पास करीब 600 अरब डॉलर का विदेशी मुद्रा भंडार है जो काफी अधिक है और यही वजह है कि रुपये की विनिमय दर में बहुत अधिक गिरावट नहीं आई।

उद्योग मंडल पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स इंडस्ट्री के कार्यक्रम में आरबीआई के डिप्टी गवर्नर ने कहा, हम इसकी (रुपये की) स्थिरता के लिए प्रयास करेंगे और यह प्रक्रिया लगातार चल रही है। हम अव्यवस्थित तरीके से उतार-चढ़ाव नहीं होने देंगे, निश्चित ही बहुत तेजी से उतार-चढ़ाव नहीं होने देंगे। पात्रा ने कहा कि यदि रुपये की विनिमय दर में कमी को देखेंगे तो पाएंगे कि यह उन मुद्राओं में शामिल है जिनमें दुनिया में मूल्य ह्रास सबसे कम हुआ है। इसका कारण इसके पीछे 600 अरब डॉलर के विदेशी मुद्रा भंडार की ताकत है। बृहस्पतिवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया अपने रिकॉर्ड निचले स्तर 78.32 पर बंद हुआ था। हालांकि शुक्रवार को शुरूआती कारोबार में यह डॉलर के मुकाबले 12 पैसे चढ़कर 78.20 पर खुला।

## जीएसटी परिषद मासिक जीएसटी भुगतान फॉर्म में परिवर्तन पर करेगी विचार

**नई दिल्ली।** जीएसटी परिषद अगले सप्ताह होने वाली अपनी बैठक में मासिक कर भुगतान फॉर्म जीएसटीआर-3बी में बदलाव करने संबंधी प्रस्ताव पर विचार कर सकती है। इसमें स्वतः बिक्री रिटर्न से संबंधित आपूर्ति आंकड़ें और कर भुगतान तालिका शामिल होगा जिसमें बदलाव नहीं किया जा सकेगा। इस कदम से जाली बिलों पर अंकुश लगाने में मदद मिलेगी। दरअसल विक्रेता जीएसटीआर-1 में अधिक बिक्री दिखाते हैं जिससे खरीदार इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) का दावा कर सकें लेकिन जीएसटीआर-3बी में कम बिक्री दिखाते हैं ताकि जीएसटी देनदारी कम रहे। करदाताओं के लिए मौजूदा जीएसटीआर-3बी में इनपुट टैक्स क्रेडिट स्टेटमेंट स्वतः तैयार होते हैं जो बी2बी (कंपनियों के बीच) आपूर्तियों पर आधारित होते हैं। इसमें जीएसटीआर-ए और 3बी में विसंगति पाए जाने पर उसे रेखांकित भी किया जाता है। जीएसटी परिषद की विधि समिति ने जिन परिवर्तनों का प्रस्ताव दिया है उनके मुताबिक जीएसटीआर-1 से मूल्यों की स्वतः गणना जीएसटीआर-3बी में होगी और इस तरह करदाताओं और कर अधिकारियों के लिए यह और अधिक स्पष्ट हो जाएगा। एक अधिकारी ने बताया कि इन बदलावों से जीएसटीआर-3बी में उपयोगकर्ता की तरफ से जानकारी देने की आवश्यकता न्यूनतम रह जाएगी और जीएसटीआर-3बी फाइलिंग की प्रक्रिया भी आसान होगी।

# इजी चेक ब्रैस्ट स्तन-कैंसर को जल्द पहचानने की दिशा में एक बड़ी तकनीकी छलांग

मुंबई, एजेंसी

- अपोलो कैंसर सेंटर ने स्तन कैंसर को जल्द पहचानने के लिए क्रांतिकारी रक्त परीक्षण की शुरूआत की

भारत के सर्वश्रेष्ठ निजी कैंसर अस्पताल, अपोलो कैंसर सेंटर जो कैंसर देखभाल में सबसे उमदा तकनीकों में लगातार निवेश के लिए प्रतिबद्ध है, दातार कैंसर जेनेटिक्स के सहयोग से लाया है एक क्रांतिकारी रक्त परीक्षण जो अत्यंत सटीकता से बिना लक्षण वाले व्यक्तियों में भी प्रारंभिक अवस्था में ही स्तन कैंसर का पता लगा सकता है। जिससे समय पर निदान व उपचार द्वारा जिन्दगियाँ बचाई जा सकती हैं। स्तन कैंसर के लगातार बढ़ते मामलों और इसके विषय में होने वाली सामाजिक चर्चा ने ऑन्कोलॉजी के क्षेत्र में, तकनीकी विकास के इतिहास में होने वाले महत्वपूर्ण क्रम विकास में से एक को जन्म दिया है। कैंसर की चर्चा को सबके सामने लाने के इसी अनुरोध के साथ, अपोलो कैंसर सेंटर्स, इस लॉन्च के माध्यम से सभी महिलाओं से अपील करता है कि वे अपनी स्तन कैंसर के प्रति संवेदनशीलता के बारे में अधिक जानने के लिए रक्त नमूने के परीक्षण द्वारा सबसे आसान तरीके से जांच करवाएं। केवल एक छोटे से रक्त नमूने द्वारा, अब ईजीचेक स्तन कैंसर को पहले ही स्तर पर पहचानने में मदद करता सकता है ईजीचेक पूरे भारत में 22 जून से सभी अपोलो कैंसर केंद्रों पर उपलब्ध है। इस मौके पर अपने विचार प्रकट करते हुए, अपोलो हॉस्पिटल्स के संस्थापक और अध्यक्ष, डॉ प्रताप रेड्डी ने कहा, समय पूर्व कैंसर का पता लगाने और विश्व स्तरीय कैंसर के इलाज के बारे में लोगों को जागरूक करने के हमारे मकसद के अनुसार, ईजीचेक ब्रेस्ट का लॉन्च इस दिशा में बड़ी सफलता है जो गुणवत्तापूर्ण तकनीकी विकास के साथ मृत्यु दर को कम करने के लिए समय पर निदान और उपचार सुनिश्चित करती है। दातार कैंसर जेनेटिक्स के साथ इस मेल ने एक बड़ी पथ प्रवर्तक उपलब्धि हासिल की है और अपोलो कैंसर सेंटर्स में, हमस्तन कैंसर का उपचार करने के लिए उत्तम, उन्नत और उपचार के सर्वश्रेष्ठ उपकरणों के साथ अच्छी तरह से सुसज्जित हैं। मैं, परिवार की देखभाल करने वाली, भारत की महिलाओं से, विनम्र निवेदन करता हूं कि वे अपने लिए घर से बाहर निकलें और वर्ष में कम से कम एक बार अपना परीक्षण करवाएं और यह सुनिश्चित करें कि वे स्तन कैंसर से सुरक्षित हैं। निदान से लेकर उपचार तक, अपोलो कैंसर सेंटर अपने रोगियों के साथ हर वक्त खड़े रहने और उनके ठीक होने की राह पर कोमल प्यार भरी देखभाल देने का वादा करता है। परीक्षण के बारे में बताते हुए, दातार कैंसर जेनेटिक्स के संस्थापक और अध्यक्ष राजन दातार ने कहा, दुर्भाग्य से, ज्यादातर कैंसर के मामलों में इसका पता उच्च स्तरों पर लगाया जाता है, जिसके लिए अधिक गहन और महंगे इलाज की जरूरत होती है, जिसमें कमजोर करने वाले दुष्प्रभावों और इलाज की विफलताओं का खतरा अधिक होता है। ईजीचेक- ब्रेस्ट सहयोगी अंतरराष्ट्रीय अनुसंधान और नवप्रवर्तनों के वर्षों की परिणति है और इसको जनसंख्या-आकार के समूहों पर विकसित, परीक्षण कर वैध पाया गया है। एक सामान्य रक्त नमूना जो बिना लक्षण वाले व्यक्तियों में भी कैंसर का समय पूर्व पता लगाने का वादा करता है और इसके सफल इलाज और इससे बचने की संभावनायें पैदा करता है। इस मौके पर दिनेश माधवन जो ग्रुप ऑन्कोलॉजी एंड इंटरनेशनल, अपोलो हॉस्पिटल एंटरप्राइजेज लिमिटेड के प्रेसिडेंट हैं ने कहा, ईजीचेक-ब्रेस्ट के लॉन्च के साथ, अपोलो कैंसर सेंटर्स और दातार जेनेटिक्स यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं कि हम अतिशीघ्र कैंसर की पहचान करें और यही कैंसर पर जीत की ओर पहला कदम है।

## पेट्रोल-डीजल के दाम 34 वें दिन स्थिर

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तेल की कीमतों में उतार-चढाव के बीच शुक्रवार को घरेलू स्तर पर पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया गया, जिससे लगातार 34 वें दिन ईंधन के दाम स्थिर रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी भारत पेट्रोलियम के अनुसार दिल्ली में आज पेट्रोल का दाम 96.72 रुपये और डीजल का दाम 89.62 रुपये प्रति लीटर है, जबकि मुंबई में पेट्रोल और डीजल की कीमत क्रमशः 111.35 रुपये और 97.28 रुपये प्रति लीटर पर है। देश में पेट्रोल और डीजल की कीमतें मूल्य वर्धित कर (वैट) और माल ढुलाई शुल्क के आधार पर राज्यों में अलग-अलग हैं। केंद्र सरकार ने मई महीने के अंतिम सप्ताह में आम आदमी को बड़ी राहत देते हुए पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में क्रमशः आठ रुपये और छह रुपये प्रति लीटर की कटौती करने की घोषणा की थी। इससे पेट्रोल-डीजल के दाम कम से कम क्रमशः 9.5 रुपये और सात रुपये तक गिर गए थे। अंतरराष्ट्रीय बाजार में लंदन ब्रेंट क्रूड आज 110.05 डॉलर प्रति बैरल और अमेरिकी क्रूड 0.21 प्रतिशत चढ़कर 104.49 डॉलर प्रति बैरल पर रहा।

## उतार-चढ़ाव के बीच शेयर बाजार में मजबूती का रुख, सेंसेक्स 644 अंक तक उछला

नई दिल्ली, एजेंसी

मौजूदा सप्ताह के आखरी कारोबारी दिन शुक्रवार को शुरूआती कारोबार में भारतीय शेयर बाजार में जोरदार उठापटक का माहौल नजर आ रहा है। बाजार में कभी तेजड़िये हावी होते नजर आते हैं, तो कभी मंदड़ियों का जोर बन जाता है। हालांकि अभी तक के कारोबार में बाजार में लगातार मजबूती नजर आ रही है, लेकिन लगातार हो रही खरीद बिक्री की वजह से उतार चढ़ाव की स्थिति बनी हुई है।

शुरूआती एक घंटे के कारोबार में दिग्गज शेयरों में से इंडसइंड बैंक, हीरो मोटोकॉर्प, आयशर मोटर्स, ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज और टाटा स्टील के शेयरों में तेजी का रुख बना हुआ है, वहीं एशियन पेंट्स, इंफोसिस, एनटीपीसी और टेक महिंद्रा के शेयर गिरावट के साथ कारोबार करते नजर आ रहे हैं। शुरूआती कारोबार में रिलायंस इंडस्ट्रीज में अभी तक सबसे अधिक 435.58 करोड़ रुपये का सौदा हो चुका है, वहीं मारुति सुजुकी में भी अभी तक 339 करोड़ रुपये की खरीद बिक्री हो चुकी है। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का सेंसेक्स आज 388.52 अंक की बढ़त के साथ 52,654.24 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरूआत होते ही बाजार में तेज खरीदारी का रुख बन गया, जिसके कारण सेंसेक्स पहले 5 मिनट के कारोबार में ही 644.15 अंक की छलांग लगाकर 52,909.87 अंक के स्तर पर पहुंच गया। हालांकि इस तेजी के बाद बाजार में मुनाफावसूली के चक्कर में बिकवाली शुरू हो गई।

बिकवाली के दबाव की वजह से सेंसेक्स तेजी से नीचे गिरने लगा। अगले 20 मिनट के कारोबार में ही ये सूचकांक गिरकर 52,647.85 अंक के स्तर पर आ गया। इस गिरावट के बाद खरीदारों ने एक बार फिर जोर लगाया, जिससे अगले आधे घंटे के कारोबार में बाजार में तेजी का रुख बनता दिखा। लेकिन उसके बाद एक बार फिर बिकवाली शुरू हो गई और सेंसेक्स दोबारा नीचे गिरने लगा। लगातार जारी खरीद बिक्री के बीच शुरूआती 1 घंटे के कारोबार के बाद सुबह 10:15 बजे सेंसेक्स 423.93 अंक की मजबूती के साथ 52,689.65 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। सेंसेक्स की तरह ही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के निफ्टी ने भी 100.75 अंक की तेजी के साथ 15,657.40 अंक के स्तर से आज के कारोबार की शुरूआत की। बाजार खुलते ही शुरूआती खरीदारी के सपोर्ट से निफ्टी 192.60 अंक की छलांग लगाकर 15,749.25 अंक के स्तर पर पहुंच गया। लेकिन इसके बाद बाजार में तेज बिकवाली शुरू हो गई, जिसके कारण ये सूचकांक गिरकर 15,680.25 अंक के स्तर पर आ गया। इस गिरावट के बाद एक बार फिर खरीदारों ने मोर्चा संभाला और तेज खरीदारी करके दोबारा निफ्टी को 15,724.05 अंक के स्तर पर पहुंचा दिया। इस स्तर पर एक बार फिर बाजार में बिकवाली शुरू होने से निफ्टी में दोबारा गिरावट का रुख बन गया। लगातार जारी खरीद बिक्री के बीच शुरूआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे निफ्टी 132 अंक की मजबूती के साथ 15,688.65 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था।

## संक्षिप्त खबरें

### लाहिड़ी ने इवन पार 70 का कार्ड खेला, संयुक्त 69वें स्थान पर

क्रोमवेल। भारतीय गोल्फर अनिर्बान लाहिड़ी ने यहां ट्रैवलर्स चैम्पियनशिप के पहले दौर में इवन पार 70 का कार्ड खेला जिससे वह संयुक्त रूप से 69वें स्थान पर चल रहे हैं। लाहिड़ी को अगर कट हासिल करने की उम्मीद बनाये रखनी है तो उन्हें दूसरे दौर में कोई गलती नहीं करनी होगी। वहीं फॉर्म में चल रहे रोरी मैकलरॉय ने बोगी फ्री आठ अंडर 62 का कार्ड खेलकर जेटी पोस्टन के साथ संयुक्त बढ़त बनायी हुई है।

### शमी की गेंद पर जीरो पर आउट हो गए पुजारा

नई दिल्ली। भारत और लिसेस्टरशायर के बीच वॉर्म-अप मैच खेला जा रहा है। इस मुकाबले में भारत ने पहली पारी में 246 रन बनाकर पारी घोषित कर दी। टीम इंडिया के लिए इस मैच में श्रीकर भरत ने शानदार बैटिंग की। जबकि लिसेस्टरशायर के खिलाड़ी पहली पारी खेल रहे हैं। इस दौरान मोहम्मद शमी ने चेतेश्वर पुजारा को जीरो पर आउट कर दिया। पुजारा और ऋषभ पंत समेत कुछ भारतीय खिलाड़ी लिसेस्टरशायर के लिए खेल रहे हैं। पुजारा के विकेट का वीडियो वायरल हो रहा है। लिसेस्टरशायर की पहली पारी में पुजारा तीसरे नंबर पर बैटिंग करने आए। इस दौरान उन्होंने 6 गेंदों का सामना किया, लेकिन एक भी रन नहीं बना पाए. वे शमी की गेंद का शिकार बन गए। उन्हें शमी ने बोल्ड कर दिया। इसके बाद शमी जश्न मनाने के लिए पुजारा के कंधे पर चढ़ गए। उनका यह वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है। फैंस को शमी का यह अंदाज बहुत पसंद आया। अहम बात यह है कि तेज गेंदबाज शमी फॉर्म में हैं। यह टीम इंडिया के लिए फायदेमंद है।

### चेन्नई ओपन शतरंज : नितिन ने बढ़त कायम रखी

चेन्नई। भारतीय अंतरराष्ट्रीय मास्टर नितिन सेंथिलवेल की जीत की लय शुक्रवार को शीर्ष वरीय बोरिस सावचेंको के खिलाफ आठवें दौर में ड्रा के साथ टूट गयी लेकिन वह 7.5 लेकर 13वें चेन्नई ओपन अंतरराष्ट्रीय ग्रैंडमास्टर शतरंज टूनार्मेंट 2022 की तालिका में शीर्ष पर बरकरार हैं। रूस के ग्रैंडमास्टर सावचेंको से 68 चाल में अंक बांटने वाले नितिन अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वियों से पूरे एक अंक आगे हैं। सावचेंको, एलेक्सेई फेडोरोव (बेलारूस), बाघदसार्यन वाहे (अर्मेनिया), अरोनयाक घोष, पी कोंगुवेल, हिमल गुसाईं, एस प्रसन्ना, दाकशिन अरूण और रविचंद्रन सिद्धार्थ (सभी भारतीय) 6.5 अंक लेकर दूसरे स्थान पर हैं। 26 जून को खत्म होने वाले 10 दौर के स्विस टूनार्मेंट के दो दौर बचे हैं।

### तीरंदाजी विश्व कप में भारत की कम्पाउंड मिश्रित जोड़ी फाइनल में

पेरिस। भारतीय तीरंदाज अभिषेक वर्मा और ज्योति सुरेखा वेन्नम की जोड़ी ने विश्व कप चरण तीन के फाइनल में पहुंचने के साथ ही शुक्रवार को यहां देश के लिए दूसरा पदक पक्का कर लिया। दीपिका कुमारी, अंकिता भगत और सिमरनजीत कौर की तिकड़ी ने गुरुवार को रिकर्व महिला टीम स्पर्धा के फाइनल में पहुंचकर पहला पदक पक्का किया था। वर्मा और ज्योति की कम्पाउंड मिश्रित जोड़ी ने एस्टोनिया की रॉबिन जाटमा और लिसेल जाटमा को सेमीफाइनल के एकतरफा मुकाबले में 156-151 से हराया। अंतिम-16 में बाई हासिल करने के बाद प्री-क्वार्टर फाइनल में तीसरी वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी ने अपने अभियान की शुरूआत प्यूर्तो रिको को आठ अंकों के शानदार अंतर (158-150) से पछाड़कर किया।

# भारत को श्रीलंका के खिलाफ दूसरे टी20 में शीर्ष क्रम से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद

## भारतीय महिला क्रिकेट टीम आज श्रृंखला अपने नाम करना चाहेगी



दांबुला, एजेंसी

भारतीय महिला क्रिकेट टीम शनिवार को यहां श्रीलंका के खिलाफ दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद लगाकर तीन मैचों की श्रृंखला में अजेय बढ़त हासिल करने की कोशिश करेगी। भारत ने गुरुवार को पहले टी20 में 34 रन से जीत दर्ज करके दौरे की सकारात्मक शुरूआत की। भारतीय टीम शनिवार को अब न सिर्फ श्रृंखला अपने नाम करना चाहेगी बल्कि अपने कमजोर पक्षों पर गौर करके बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों से पहले जीत की लय जारी रखने का प्रयास भी करेगी।

बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों का आयोजन 28 जुलाई से आठ अगस्त के बीच होगा। इन खेलों में पहली बार महिला क्रिकेट को टी20 प्रारूप में शामिल किया गया है। भारत पहले मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए छह विकेट पर 138 रन ही बना पाया था लेकिन बायें हाथ की स्पिनर राधा यादव की अगुवाई में गेंदबाजों के अच्छे प्रदर्शन से वह जीत दर्ज करने में सफल रहा। लेकिन भारतीय बल्लेबाजी में काफी सुधार की जरूरत है। शैफाली वर्मा (31 रन), कप्तान हरमनप्रीत कौर (22) और ऋचा घोष (11) सभी को अपनी अच्छी शुरूआत को बड़े स्कोर में बदलना होगा। हरमनप्रीत पिछले मैच में नाकाम रहने के कारण सबसे छोटे प्रारूप में सर्वाधिक रन बनाने के मिताली राज के रिकॉर्ड को नहीं तोड़ पायी थी जिसके लिये उन्हें 24 रन की जरूरत है। हाल में संन्यास लेने वाली मिताली ने 89 मैचों में 2364 रन बनाये हैं। उपकप्तान स्मृति मंधाना और सभिनेनी मेघना पिछले मैच में नहीं चल पायी थी। भारत को अगर बड़ा स्कोर बनाना है तो इन दोनों को बड़ी पारी खेलनी होगी। भारत यदि सम्मानजनक स्कोर तक पहुंच पाया तो उसका श्रेय जेमिमा रोड्रिगेज (27 गेंदों पर नाबाद 36 रन) और दीप्ति शर्मा (आठ गेंदों में नाबाद 17 रन) को जाता है। भारत

**उम्मीद**

- श्रीलंका को भी अपने बल्लेबाजों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी

शीर्ष क्रम की बल्लेबाजों से भी इसी तरह का प्रदर्शन चाहेगा। दूसरी ओर भारतीय गेंदबाजों ने अच्छा प्रदर्शन किया। राधा (22 रन देकर दो), दीप्ति (नौ रन देकर एक) और कामचलाऊ स्पिनर शैफाली (10 रन देकर एक) की स्पिन तिकड़ी ने शानदार खेल दिखाया। तीनों टी20 मैच एक ही स्थल पर होने से दोनों टीमों के स्पिनर अहम भूमिका निभाएंगे।

श्रीलंका को भी अपने बल्लेबाजों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी। पहले मैच में मध्यक्रम की बल्लेबाज कविशा दिलहारी (नाबाद 47) क्रीज पर डटी रही लेकिन उन्हें दूसरे छोर से कोई सहयोग नहीं मिला। कप्तान चमारी अटापट्टू, विशमी गुणरत्ने, हर्षिता मडावी और निलाक्षी डी सिल्वा को बल्लेबाजी में अधिक जिम्मेदारी लेनी होगी। गेंदबाजी में इनोका रणवीरा (30 रन देकर तीन) और ओशादी रणसिंघे (22 रन देकर दो) की स्पिन जोड़ी ने भारतीय बल्लेबाजों को बांधे रखा।

उन्हें अन्य गेंदबाजों से भी सहयोग की जरूरत पड़ेगी। टीम इस प्रकार हैं : भारतः हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उप कप्तान), सिमरन बहादुर, यास्तिका भाटिया, राजेश्वरी गायकवाड़, ऋचा घोष (विकेटकीपर), सभिनेनी मेघना, मेघना सिंह, पूनम यादव, रेणुका सिंह, जेमिमा रोड्रिगेज, शैफाली वर्मा, दीप्ति शर्मा, पूजा वस्त्राकर, राधा यादव। श्रीलंकाः चमारी अटापट्टू (कप्तान), निलाक्षी डी सिल्वा, कविशा दिलहारी, विशमी गुणरत्ने, अमा कंचना, हंसिमा करुणारत्ने, अचिनी कुलसुरिया, सुगंधिका कुमारी, हर्षिता मदवी, हसीनी परेरा, उदेशिका प्रबोधनी, ओशादी रणसिंघे, सत्य संदीपनी, अनुष्का रणवीरा, इनोका संजीवनी, मालशा शहानी, थारिका सेवंडी। मैच भारतीय समयानुसार दोपहर 2:00 बजे शुरू होगा।

# हॉकी विश्व कप में पोडियम स्थान हासिल कर सकता है भारत : सविता

नई दिल्ली, एजेंसी



भारतीय कप्तान सविता को लगता है कि राष्ट्रीय महिला हॉकी टीम में प्रेरणा और आत्मविश्वास की कोई कमी नहीं है जिसकी निगाहें आगामी विश्व कप में ऐतिहासिक पोडियम स्थान हासिल करने पर लगी हैं। एफआईएच के इस शीर्ष टूनार्मेंट की मेजबानी नीदरलैंड और स्पेन संयुक्त रूप से कर रहे हैं जो एक से 17 जुलाई तक खेला जायेगा। भारतीय महिला हॉकी टीम पिछले साल ओलंपिक में ऐतिहासिक चौथे स्थान पर रही थी और सविता ने कहा कि तोक्यो ओलंपिक के बाद टीम के अंदर ऐसा भरोसा आ गया है कि वे बड़े मंच पर किसी भी सर्वश्रेष्ठ टीम की बराबरी कर सकते हैं।

सविता ने कहा, तोक्यो में हमारे प्रदर्शन ने हमें भरोसा दिलाया कि हम वैश्विक प्रतियोगिता में पोडियम स्थान हासिल कर सकते हैं। उन्होंने कहा, ओलंपिक के बाद हमने अपना ध्यान अपने प्रदर्शन को अगले स्तर तक ले जाने में लगाया। हमने अपनी ऊर्जा एफआईएच प्रो लीग में अच्छा करने पर लगायी और इस प्रतिष्ठित लीग में तीसरा स्थान हासिल किया जिससे विश्व कप से पहले मनोबल बढ़ेगा। भारत का विश्व कप में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन चौथा स्थान रहा है जो उसने 1974 के शुरूआती चरण में हासिल किया था। 2018 में भारत आठवें स्थान पर रहा था। तोक्यो में भारत के शानदार प्रदर्शन ने देश में महिला हॉकी का चेहरा ही बदल दिया। एफआईएच प्रो लीग में अपने पदार्पण में ही भारतीय महिला टीम ने नीदरलैंड और अर्जेंटीना जैसी बड़ी टीमों को कड़ी चुनौती देकर तीसरा स्थान हासिल किया।

सविता ने कहा, भारतीय महिला हॉकी टीम ने कभी भी विश्व कप में पदक नहीं जीता है और हमारा लक्ष्य इस बार इस सपने को साकार करने का है। इस शीर्ष गोलकीपर ने कहा कि एक इकाई के तौर पर खेलना विश्व कप में सफलता हासिल के लिये अहम होगा। उन्होंने कहा, हम विश्व कप में खेलने के लिये काफी उत्साहित हैं। हम बस एक इकाई के तौर पर खेलना चाहते हैं।

# केंद्र और राज्य टीम इंडिया की भावना से रणनीति बनाएंगे तो खेल आगे बढ़ेगा : अनुराग ठाकुर

केवड़िया, एजेंसी



केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि खेल और खिलाड़ी तभी प्रगति करेंगे, जब राज्य और केंद्र रणनीति और बुनियादी ढांचे का निर्माण करें और 'टीम इंडिया' की भावना के साथ कार्यक्रम और प्रतियोगिताएं आयोजित करें।

वह राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के खेल मंत्रियों के दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन के लिए गुजरात के केवड़िया में थे। ठाकुर ने यहां मीडिया से कहा, अगर राज्य और केंद्र टीम इंडिया की भावना के साथ नीतियां, बुनियादी ढांचा, आयोजन, प्रतियोगिताएं, खेलकूद और खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का मौका देंगे तभी खेल और खिलाड़ी दोनों प्रगति करेंगे। इसलिए क्षेत्रीय के बजाय राष्ट्रव्यापी सोच को अपनाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, खेल संगठनों में जवाबदेही और पारदर्शिता लाने पर काम किया जाएगा। साथ ही, हम इस बात पर भी काम करेंगे कि भविष्य में अदालती मामलों को कैसे कम किया जा सकता है और खेलों के लिए अधिक समय और पैसा लगाया जा सकता है।

सम्मेलन में चर्चा किए जाने वाले मुद्दों के बारे में, ठाकुर ने कहा कि भविष्य में संभावित खेलो इंडिया कार्यक्रमों जैसे खेलो इंडिया यूथ गेम्स और खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स पर चर्चा की जाएगी।

उन्होंने कहा, खिलाड़ियों को भी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने का मौका मिलेगा। प्रतिभाओं की खोज होगी और खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का भी मौका मिलेगा।

# भारत के खिलाफ सफेद गेंद की सीरीज नहीं खेलेंगे राशिद

लंदन, एजेंसी



आदिल राशिद भारत के खिलाफ इंग्लैंड की सफेद गेंद की श्रृंखला और यॉर्कशायर की तरफ से टी 20 ब्लास्ट के कुछ मैच नहीं खेलेंगे। उस दौरान वह हज यात्रा पर जाएंगे। राशिद मुस्लिम समुदाय से हैं और उन्होंने इस साल की शुरूआत में फैसला किया था कि वह तीर्थ यात्रा पर जाएंगे। इसके लिए उन्होंने छुट्टी मांगी थी, जिसे ईसीबी और यॉर्कशायर ने मान लिया है। वह शनिवार को मध्य पूर्व के लिए उड़ान भरेंगे। उम्मीद है कि राशिद अपने तीर्थ यात्रा से जुलाई के मध्य तक लौट आएंगे। सभी वयस्क मुसलमानों से अपने जीवनकाल में कम से कम एक बार तीर्थ यात्रा करने की अपेक्षा की जाती है। अगर वे शारीरिक रूप से सक्षम हैं और उनके पास वित्तीय साधन हैं तो वह इस तीर्थ यात्रा पर कम से कम एक बार जा सकते हैं। राशिद ने कहा, मैं पिछले कुछ समय से तीर्थ यात्रा पर जाना चाह रहा था लेकिन व्यस्त रहने के कारण इसके लिए समय निकालना मुश्किल हो रहा था। नीदरलैंड के खिलाफ 3-0 वनडे श्रृंखला में मिली जीत के बाद राशिद ने कहा, मैंने इसके बारे में ईसीबी और यॉर्कशायर से बात की और उन्होंने मेरे आग्रह को स्वीकार कर लिया। उन्होंने कहा कि आप जो भी करना चाहते हैं करें और जब यह पूरा हो जाए तो वापस आ जाएं। ïयह एक बड़ा क्षण है: प्रत्येक धर्म के अपने अलग-अलग नियम होते हैं लेकिन इस्लाम के लिए और एक मुसलमान होने के नाते, यह सबसे बड़ी चीजों में से एक है। यह मेरे विश्वास और मेरे लिए एक बड़ी बात है।

# राहुल के बाहर होने से भारत के लिए बल्लेबाजी क्रम में होगी बड़ी चुनौती: मांजरेकर

मुंबई, एजेंसी

मेहमान टीम के कुछ सदस्यों के कोविड पॉजिटिव होने के बाद इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें और अंतिम टेस्ट को इस साल जुलाई के लिए पुनर्निर्धारित किया गया था, जिसमें भारत 2021 में इंग्लैंड टेस्ट सीरीज में 2-1 की बढ़त बनाई थी, जिसमें सलामी बल्लेबाज केएल राहुल और रोहित शर्मा ने ओपनिंग की थी। शर्मा चार मैचों में 368 रन बनाकर भारत के शीर्ष रन बनाने वाले खिलाड़ी थे, जिसमें लॉर्डस और हेडिंग्ले में अर्धशतक के अलावा द ओवल में चौथे टेस्ट की दूसरी पारी में 127 रन भी शामिल थे। दूसरी ओर, राहुल ने लॉर्डस में पहली पारी में शानदार 129 रन बनाकर 315 रन बनाए थे। लेकिन इस बार रोहित अपने कंधों पर कप्तानी की जिम्मेदारी लेकर इंग्लैंड पहुंचे हैं। वहीं, राहुल चोट के कारण एजबेस्टन टेस्ट के लिए अनुपलब्ध हैं, जिसका मतलब है कि युवा शुभमन गिल 1 से 5 जुलाई से बल्लेबाजी की शुरूआत करने के लिए तैयार हैं। भारत 2007 के बाद पहली बार इंग्लैंड में टेस्ट सीरीज जीत की मांग कर रहा है। भारत के पूर्व क्रिकेटर से कमेंटेटर बने संजय मांजरेकर का मानना है कि एजबेस्टन में मेहमानों के लिए बल्लेबाजी एक बड़ी चुनौती होगी और लेकिन राहुल के ना होने से भारत के लिए बड़ा झटका है। उन्होंने कहा, यह केएल राहुल और रोहित शर्मा के शीर्ष पर शानदार प्रयास था, जिसने भारत को 2-1 से बढ़त लेने के लिए अहम भूमिका निभाई थी। इस बार केएल राहुल के ना होने से यह भारत के लिए एक बड़ा झटका है। लेकिन श्रेयस अय्यर के चयन में उम्मीद है। वहीं हनुमा विहारी और चेतेश्वर पुजारा भी वापसी कर सकते हैं। सोनी स्पोर्ट्स द्वारा आयोजित एक आभासी बातचीत में मांजरेकर ने कहा, भारत राहुल की कमी को पूरा कर सकता है।

# दो साल बाद टीएनपीएल से प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में होगी मुरली विजय की वापसी

चेन्नई, एजेंसी



भारतीय टेस्ट क्रिकेटर मुरली विजय ने आखिरी बार किसी तरह का कोई प्रतिस्पर्धी मैच 2020 में खेला था, जब वह इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में दिल्ली कैपिटल्स की टीम से खेल रहे थे और मैच चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ था। उसके बाद से उन्होंने कोई भी आईपीएल, तमिलनाडु प्रीमियर लीग (टीएनपीएल) या घरेलू स्तर का कोई मैच नहीं खेला है।

अब विजय टीएनपीएल से वापसी करते नजर आ सकते हैं, टीएनपीएल 2022 की शुरूआत से पहले दाएं हाथ के इस सलामी बल्लेबाज ने कहा कि उन्होंने व्यक्तिगत कारणों से क्रिकेट से ब्रेक लिया था और अब वह जो भी क्रिकेट खेलेंगे उसका पूरा आनंद लेना चाहते हैं। इस सप्ताह की शुरूआत में चेन्नई में टीएनपीएल के एक कार्यक्रम में विजय ने कहा, मैं यथासंभव लंबे समय तक खेलना चाहता हूं। बस मैंने एक व्यक्तिगत कारण से ब्रेक लिया था। मेरा एक युवा परिवार है और मैं उनकी देखभाल करना चाहता था। मैं अब अपने क्रिकेट का आनंद ले रहा हूं और मैं फिट महसूस कर रहा हूं। उम्मीद है कि मैं अपनी टीम और टीएनपीएल के लिए अपना काम कर सकता हूं। क्रिकेट से से दूर रहना मेरे लिए आसान फैसला नहीं था। मैं क्रिकेट खेलना चाहता था लेकिन मेरा शरीर उसके लिए फिट नहीं था। मुझे कई चोट भी लगी थी। मेरा निजी जीवन भी तीव्र गति से आगे बढ़ रहा था। मैं चीजों को थोड़ा सा ठीक कर लेना चाहता था। इसी कारण से मैंने ब्रेक लिया था। टीएनसीए का शुक्रिया कि उन्होंने मुझे यह मौका दिया। विजय इस टीएनपीएल में राहिल शाह के नेतृत्व में रूबी त्रिची वारियर्स के लिए खेलेंगे। पिछले सीजन में युवाओं के एक समूह ने टीम को फाइनल तक पहुंचाया था, जहां वे चेपॉक सुपर गिल्लीज से हार गए थे। विजय ने कहा, बस मैदान पर जाओ और प्रदर्शन करो। मैं इसी मानसिकता के साथ खेलूंगा। मैं इस अवसर का पूरा उपयोग करना चाहता हूं। मैं युवाओं की

**जानकारी**

- मैं यथासंभव लंबे समय तक खेलना चाहता हूं, बस मैंने एक व्यक्तिगत कारण से ब्रेक लिया था

मदद भी कर सकता हूं और उनके साथ रह सकता हूं ताकि वह आगे जाकर बढ़िया प्रदर्शन कर सकें। टीएनपीएल का दूसरा हाफ खेल सकते हैं अश्विन और कार्तिकः रविचंद्रन अश्विन वर्तमान में भारतीय टेस्ट टीम के साथ इंग्लैंड में हैं। वहां से वापस आने के बाद वह लीग का हिस्सा बन सकते हैं।

दिनेश कार्तिक लीग की शुरूआत के लिए उपलब्ध नहीं होंगे, लेकिन संभावित रूप से यूके में भारतीय टीम की प्रतिबद्धताओं को पूरा करने के बाद टूनार्मेंट के दूसरे भाग में शामिल हो सकते हैं। शाहरुख खान और आर साई किशोर, जो हाल ही में रिजर्व सदस्य के रूप में भारत की सफेद गेंद वाली टीम का हिस्सा थे, वह लीग के शुरूआती मैच खेलने के लिए उपलब्ध हैं।

# पीसीबी ने टेस्ट और सीमित ओवरों के लिये अलग-अलग अनुबंध की घोषणा की

कराची, एजेंसी



पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने शुक्रवार को अपने खिलाड़ियों के लिये टेस्ट और सीमित ओवरों के अलग-अलग केंद्रीय अनुबंधों की घोषणा की जिसमें धनराशि बढ़ाई गयी है, लेकिन वह अपने शीर्ष खिलाड़ियों को विदेशी लीग में खेलने से रोकने की कोशिश करेगा जिसके लिये वह अतिरिक्त भुगतान करने को भी तैयार है। पीसीबी ने कहा कि बोर्ड ऑफ गवर्नर्स की बैठक में वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए 15 अरब रुपये के वार्षिक बजट को मंजूरी दी गई है, जिसमें 78 प्रतिशत क्रिकेट गतिविधियों के लिये आवंटित किया गया है।

पीसीबी ने बयान में कहा, अपने शीर्ष क्रिकेटरों को प्रोत्साहित करने और अन्य देशों के खिलाड़ियों की तुलना में वेतन में अंतर को कम करने की अपनी रणनीति के तहत बोर्ड ऑफ गवर्नर्स ने पुरुषों के केंद्रीय अनुबंध ढांचे में बदलाव को मंजूरी दी है। नई नीति के तहत एक जुलाई से लाल गेंद (टेस्ट) और सफेद गेंद (वनडे और टी20) के अलग अलग अनुबंध दिये जाएंगे जिसमें अनुबंध राशि में बढ़ोतरी होगी। यही नहीं केंद्रीय अनुबंधित खिलाड़ियों की संख्या 20 से बढ़ाकर 33 कर दी गई है।

इसके अलावा पीसीबी ने सभी प्रारूपों में मैच फीस में 10 प्रतिशत और सहयोगी स्टाफ के सदस्यों की मैच फीस में 50 से 70 प्रतिशत तक की वृद्धि की घोषणा की। कप्तान की अतिरिक्त जिम्मेदारियों को देखते हुए कप्तानी भत्ता भी शुरू किया गया है। पीसीबी अध्यक्ष रमीज राजा ने लाहौर में संवाददाता सम्मेलन में यह भी घोषणा की कि बोर्ड ने उन मौजूदा खिलाड़ियों के लिये विशेष कोष भी स्थापित किया है, जिन्हें विदेशी लीग में खेलने के प्रस्ताव मिलते हैं। राजा ने कहा, हम अपने शीर्ष खिलाड़ियों को सत्र से इतर अतिरिक्त प्रतियोगिताओं में खेलने को लेकर हतोत्साहित करना चाहते हैं। हमें लगता है कि खिलाड़ियों के लिये यही बेहतर होगा कि वे इन लीग में नहीं खेलें। हम जरूरत पड़ने पर उन्हें अनुबंध की राशि का 50 से 60 प्रतिशत भुगतान करने के लिये तैयार हैं।

# वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे और टी20 सीरीज से सैफुद्दीन और यासिर अली बाहर

ढाका, एजेंसी

गेंदबाजी ऑलराउंडर मोहम्मद सैफुद्दीन, बांग्लादेश के वेस्टइंडीज दौरे से बाहर हो गए हैं। पीठ की चोट से उबरने के बाद सैफुद्दीन को गेंदबाजी करने के लिए पर्याप्त रूप से फिट नहीं माना गया।

वहीं यासिर अली भी अपना रिहैब शुरू नहीं कर पाए हैं, जिसके कारण वह इस सीरीज से बाहर हैं। चयनकर्ता तमीम इकबाल, नजमुल हुसैन, मेहदी हसन मिराज और इबादत हुसैन में से किन्हीं दो खिलाड़ियों को टी20 टीम का हिस्सा बनने के लिए बोल सकते हैं। फिलहाल ये खिलाड़ी वनडे टीम में पहले से ही चयनित हैं। इस दौरे में बांग्लादेश के लिए चोटिल खिलाड़ियों की संख्या तीन तक पहुंच गई है, क्योंकि तेज गेंदबाज शोहिदुल इस्लाम पहले ही टेस्ट और टी20 से बाहर हैं। उन्हें प्रशिक्षण के दौरान एक साइड स्ट्रेन का सामना करना पड़ा था। सैफुद्दीन ने पिछले कुछ हफ़्तों के दौरान ढाका में सफेद गेंद के विशेषज्ञों के साथ प्रशिक्षण लिया। हालांकि उनकी गेंदबाजी फिटनेस को अपर्याप्त माना गया था। इस बीच यासिर को भी पीठ की चोट के कारण स्वदेश लौटना पड़ा। बीसीबी के मुख्य खेल चिकित्सक देबाशीष चौधरी ने कहा, ह्लसैफुद्दीन प्रशिक्षण ले रहे हैं लेकिन हमें लगता है कि फिलहाल वह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट की तीव्रता से निपटने के लिए आवश्यक गेंदबाजी फिटनेस स्तर तक नहीं पहुंचे हैं। वह वेस्टइंडीज के खिलाफ खेली जाने वाली सीरीज में टीम का हिस्सा नहीं रहेंगे।

# घरेलू दर्शकों के बीच एक और जीत दर्ज कराना चाहेगी श्रीलंकाई टीम

कोलंबो, एजेंसी



श्रीलंकाई क्रिकेट टीम ऑस्ट्रेलिया को पांचवें और आखिरी एकदिवसीय में हराकर घरेलू प्रशंसकों के सामने एक और जीत दर्ज करना चाहेगी। वहीं, दूसरी तरफ खिलाड़ियों के लगातार चोटिल होना ऑस्ट्रेलियाई टीम के लिए एक बड़ी चिंता बनती जा रही है।

चौथे एकदिवसीय मैच में ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज श्रीलंकाई स्पिनरों का सामना नहीं कर सके, जिससे स्पिन के खिलाफ उनकी कमजोरी एक बार फिर सामने आ गई। हालांकि शायद श्रृंखला की बड़ी कहानी श्रीलंका की युवा फसल का निरंतर उभरना है जो अपने देश के क्रिकेट को फिर से सुर्खियों में और अपने देशवासियों के चेहरों पर अपने खेल से मुस्कान लाना चाहते हैं। श्रीलंका बल्लेबाज 24 वर्षीय चरित असलांका न केवल अपनी बल्लेबाजी से सभी को प्रभावित कर रहे हैं, बल्कि एकदिवसीय रैंकिंग में भी तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। वहीं, बाएं हाथ के 24 वर्षीय बल्लेबाज पथुम निसानका भी शानदार फॉर्म में हैं और उनका औसत 50 से अधिक है। दोनों श्रृंखला में शतक लगा चुके हैं। गेंदबाजी की बात करें तो अंडर-19 विश्व कप के स्टार गेंदबाज डुनिथ वेलालेज ने वानिंदु हसरंगा के साथ मिलकर गेंद के साथ बल्ले से भी बेहतर योगदान दिया है। दोनों ने मिलकर श्रृंखला में 11 विकेट लिए हैं। इन दोनों के अलावा जेफरी वेंडरसे, धनंजया डी सिल्वा और चमिका करुणारत्ने ने भी गेंद से बेहतरीन योगदान दिया है। ऑस्ट्रेलियाई टीम को महेश थीक्षाना ने भी चुनौती दी है, जिन्होंने अपनी परेशानी भरी मिस्ट्री स्पिन के साथ 4.77 की आर्थिक दर से दो विकेट लिए हैं। दूसरी तरफ ऑस्ट्रेलियाई टीम ने पहले एकदिनी को जीतकर श्रृंखला में अच्छी शुरूआत की थी, लेकिन अगले तीन मैच में लगातार तीन जीत हासिल करके मेजबानों ने सीरीज पर कब्जा कर लिया। यही नहीं ऑस्ट्रेलियाई टीम खिलाड़ियों के चोटिल होने से भी परेशान है। ऑस्ट्रेलिया के तीन प्रमुख खिलाड़ी ट्रेविस हेड, स्टीव स्मिथ और मिचेल स्टार्क चोटिल हो गए हैं । ये तीनों खिलाड़ी पांचवें एकदिनी में नहीं खेलेंगे। दोनों टीमों के बीच पांचवां और अंतिम एकदिनी मैच आज कुछ देर बाद खेला जाएगा। दोनों टीमें इस प्रकार हैं- श्रीलंका- दासुन शनाका (कप्तान), निरोशन डिकवेला, कुसल मेंडिस, चरिथ असलंका, पैथुम निसांका, धनंजय डी सिल्वा, वानिन्दु हसरंगा, जेफ्री वेंडरसे, चमिका करुणारत्ने, महीश तीक्षणा, दुनिथ वेल्लालागे। ऑस्ट्रेलिया- आरोन फिंच (कप्तान), एलेक्स कैरी, डेविड वॉर्नर, मिचेल मार्श, ग्लेन मैक्सवेल, स्टीव स्मिथ, मार्नस लैबुशेन, कैमरन ग्रीन, झाई रिचर्डसन, मैथ्यू कुहनेमन, पैट कमिंस।

# रूट की तरह बैट बैलेंसिंग नहीं कर सकते कोहली: माइकल वॉन

लंदन, एजेंसी

इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन को लगता है कि भारत के पूर्व कप्तान विराट कोहली, बैट बैलेंसिंग के मामले में जो रूट की बराबरी नहीं कर सकते हैं। लीसेस्टर के ग्रेस रोड मैदान में लीसेस्टरशायर के खिलाफ अभ्यास मैच में बल्लेबाजी करते हुए कोहली का बिना सहारे के अपने बल्ले को सीधा खड़ा करने की कोशिश करने का एक वीडियो वायरल हो गया है। कुछ दिनों पहले, इंग्लैंड के बल्लेबाज और पूर्व कप्तान रूट का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया था, जिसमें जादूगर की तरह लॉर्डस में न्यूजीलैंड के खिलाफ शुरूआती टेस्ट के दौरान उन्होंने अपने बल्ले को बिना किसी सहारे के खड़ा कर दिया था। इंग्लैंड के पूर्व फुटबॉलर और वर्तमान स्पोर्ट्स ब्रॉडकास्टर गैरी लाइनकर और जाने-माने पत्रकार-लेखक पियर्स मॉर्गन यह सोचकर हैरान रह गए कि एक बल्ला बिना किसी सहायता के कैसे सीधा खड़ा हो सकता है, पूर्व खिलाड़ी में संकेत दिया गया था कि रूट क्रीज पर रहते हुए जादू कर सकते हैं। उस मैच में रूट ने नाबाद शतक बनाया, जब इंग्लैंड ने विश्व टेस्ट चैंपियन न्यूजीलैंड को पांच विकेट से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला में 1-0 की बढ़त बना ली थी।

मैच के दौरान एक टीवी फुटेज में दिखाया गया कि रूट का बल्ला कई सेकेंड तक अपने आप सीधा खड़ा रहा। जल्द ही यह क्लिप वायरल हो गई, जिससे क्रिकेट प्रशंसक हैरान रह गए।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
www.pratahkiran.com | epaper.pratahkiran.com
@Pratahkiran | @Pratahkiran



## संक्षिप्त खबरें

### क्रोएशिया में मंकीपॉक्स का पहला मामला

बेलग्रेड। यूरोपीय देश क्रोएशिया ने मंकीपॉक्स के पहले मामले की पुष्टि की है। क्रोएशिया की नेशनल टेलीविजन की रिपोर्ट के मुताबिक स्पेन और इटली का दौरा कर यहां लौटे एक व्यक्ति में मंकीपास्क की पुष्टि हुई है, हालांकि यह बीमारी का मामूली रूप है और वह अभी घर पर ही आइसोलेशन में है। मंकीपॉक्स एक दुर्लभ वायरल बीमारी है जो आमतौर पर जंगली जानवरों से लोगों में फैलती है। इस बीमारी में आमतौर पर बुखार, दाने और सूजन हो जाते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार 13 मई से 23 जून तक 48 देशों में मंकीपास्क के 3,200 से अधिक मामलों की पुष्टि हुई।

### दक्षिण कोरिया में कोरोना संक्रमण के 7227 नए मामलों की पुष्टि

सोल। दक्षिण कोरिया में पिछले 24 घंटे में कोरोना वायरस (कोविड-19) संक्रमण के 7227 नए मामले आने से संक्रमितों की कुल संख्या बढ़कर 1,83,12,993 हो गयी है। स्वास्थ्य अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि कोरोना के नए मामलों में से 111 मामले विदेशों से लौटे हुए संक्रमित यात्री हैं। संक्रमितों की कुल संख्या बढ़कर 34325 हो गयी है। गंभीर रूप से संक्रमित लोगों की संख्या पिछले दिन की तुलना में छह घटकर 52 रह गयी है। इसी अवधि में इस महामारी के संक्रमण से 10 और मरीजों की जान जाने से मृतकों का कुल आंकड़ा बढ़कर 24498 पहुंच गया है। देश में कोरोना मृत्यु दर 0.13 फीसदी है।

### रूस में विमान दुर्घटनाग्रस्त, चार लोगों की मौत

यारोस्लाव। रूस में रियाजान शहर के समीप एक सैन्य विमान के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से चाररर लोगों की मौत हो गयी जबकि पांच अन्य घायल हुए हैं। क्षेत्रीय अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। क्षेत्रीय अधिकारियों ने शूक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जानकारी के अनुसार रियाजान के मिखाइलोवस्कॉय रोडवे के पास विमान दुर्घटना में चार लोगों की मौत हो गयी है और पांच लोग घायल हुए हैं। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहा उनकी हालत स्थिर बतायी गयी है।

### यूक्रेन, रूस से अनाज के एक साथ निर्यात के पक्ष में गुटेरेस

संयुक्त राष्ट्र। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने यूक्रेन और रूस से एक साथ अनाज का निर्यात किये जाने की वकालत की है। संयुक्त राष्ट्र के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने कहा है कि श्री गुटेरेस ने यूक्रेन और रूस से एक साथ अनाज के निर्यात के सौदे को लेकर बात की है। इससे पहले रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने सुझाव दिया था कि अनाज निर्यात का सबसे आसान और कम खचीर्ला मार्ग बेलारूस के माध्यम से है, हालांकि संयुक्त राष्ट्र ने हाल के दिनों में बेलारूस मार्ग के बारे में कोई बात नहीं की है। वहीं रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने कहा है कि श्री गुटेरेस के दृष्टिकोण से खाद्य संकट गहराता जा रहा है और विशेष रूप से विकासशील देशों के लिए समस्याएं पैदा कर रहा है। उन्होंने बताया कि वह (श्री गुटेरेस) शुरू में अनाज के निर्यात को पहले यूक्रेन और फिर रूस से बाहर करना चाहते थे।

### अमेरिका में पांच महिलाओं के मंकीपास्क पुष्टि

वाशिंगटन। अमेरिका में पांच महिलाओं के मंकीपास्क से संक्रमित होने की पुष्टि हुई है। अमेरिका के सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन (सीडीसी) ने मंकीपॉक्स की स्थिति पर सलाहकार समिति की बैठक में यह जानकारी दी। सीडीसी के आंकड़ों के मुताबिक 155 लोगों की जांच एवं परीक्षण में पांच महिलाओं में इस बीमारी की पुष्टि हुई। बैठक में बताया गया कि कैलिफोर्निया और न्यूयॉर्क प्रांतों में अब तक मंकीपास्क के संक्रमण की रिपोर्ट सबसे अधिक है।

# स्वास्थ्य सेवाओं के प्रबंधन में इजराइल का अनुभव भारत के लिए मददगार हो सकता है : विशेषज्ञ

**यरुशलम, एजेंसी**

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), दिल्ली के एक प्रमुख विशेषज्ञ ने कहा है कि भारत डिजिटल स्वास्थ्य सेवा क्रांति के शिखर पर है, विशेष रूप से संकट के समय में अपनी स्वास्थ्य सेवाओं के प्रबंधन में नयी सोच और प्रौद्योगिकी के साथ इजराइल का अनुभव आज की चुनौतियों का सामना कर रही स्वास्थ्य देखभाल प्रणालियों के कुशल और सफल प्रबंधन में बहुत मददगार साबित हो सकता है।

इजराइल के हाइफा में माशाव कार्मल प्रशिक्षण केंद्र द्वारा संकट के समय में स्वास्थ्य सेवाओं का प्रबंधन विषय पर आयोजित कार्यक्रम के तहत दो सप्ताह के अंतरराष्ट्रीय पाठ्यक्रम में हिस्सा लेने आए एम्स दिल्ली में स्वास्थ्य प्रबंधन के अतिरिक्त प्रोफेसर डॉ. ए. राजन सिंह ने बताया, यह देश इतने संकट के दौर से गुजरा है और इसने आपातकालीन सेवाओं पर न केवल ध्यान केंद्रित किया, बल्कि बहुत अच्छी तरह से इसे व्यवस्थित भी किया है।

डॉ सिंह ने कहा, वे इन चुनौतियों का इस प्रकार से मुकाबला करते हैं कि ऐसा लगता है कि यह सब उनके लिए स्वाभाविक है और सभी संभावित आपदाओं के लिए उनकी तैयारी से दूसरों का लाभ होता है। एम्स विशेषज्ञ और दिल्ली नगर निगम के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राकेश नाथ प्रसाद भी माशाव द्वारा आयोजित



पाठ्यक्रम में भाग लेने वाले 12 देशों के डॉक्टरों के समूह में शामिल थे। एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट कोऑपरेशन- माशाव इजराइल के विदेश मंत्रालय का हिस्सा है। डॉ सिंह ने कहा, इजराइल ने डिजिटलीकरण को अपनाकर अपनी आबादी के स्वास्थ्य रिकॉर्ड को इलेक्ट्रॉनिक तरीके से सहजता से प्रबंधित किया है। हम भारत में आयुष्मान भारत स्वास्थ्य खाता-आभा के माध्यम से एक डिजिटल स्वास्थ्य क्रांति के शिखर पर हैं, जो आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (एबीडीएम) के तहत सरकार द्वारा शुरू की गई एक पहल है। उन्होंने स्वास्थ्य प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं को कैसे एकीकृत किया, इस बारे में हम निश्चित रूप से कई चीजें सीख सकते हैं और अपना सकते हैं। उन्होंने जोर दिया, इजराइल की पीएचसी (प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल) प्रणाली में मां और बच्चे की जरूरतों पर बेहद सावधानी से ध्यान दिया गया है, इसमें बेहतर तरह से संगठित एम्बुलेंस सेवाओं के साथ आपातकालीन देखभाल,आपदा प्रबंधन प्रणाली, स्वास्थ्य देखभाल के विभिन्न पहलुओं का डिजिटलीकरण, स्वास्थ्य देखभाल निधि का उपयोग एक तरह से नवाचार को भी बढ़ावा देता है और स्वास्थ्य सेवाओं के प्रबंधन के सभी संबंधित पहलुओं का सहज एकीकरण करता है। भारत में हम अपनी प्रणाली विकसित करने पर काम कर रहे हैं ऐसे में इजराइल की प्रणाली से हम काफी महत्वपूर्ण सीख ले सकते हैं। दोनों देशों के बीच जनसंख्या के बेमेल घनत्व के बारे में पूछे जाने पर, एम्स विशेषज्ञ ने कहा कि आबादी के मामले में तुलना कर सकते हैं, खासकर संकट के समय में और इजराइल की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली अपने विशिष्ट अनुभव को देखते हुए बेहतर तरीके से तैयार है।

द गोल्डा मीर माशाव कार्मल इंटरनेशनल प्रशिक्षण केंद्र की कार्यक्रम निदेशक अन्ना एंड्राचनिक ने कहा, पाठ्यक्रम में दो भारतीय प्रतिभागियों के शामिल होने से हमें बहुत गर्व हुआ। सामान्य तौर पर माशाव और विशेष रूप से एमसीटीसी के भारत के साथ मजबूत संबंध हैं और हम हमेशा इस खूबसूरत देश के साथ अनुभव साझा करने के लिए उत्सुक हैं। उन्होंने कहा, दोनों भारतीय विशेषज्ञों ने अंतरराष्ट्रीय समूह के साथ अपने अनुभव साझा किए और अपने ज्ञान से हमारे कार्यक्रम को समृद्ध किया। इजराइल को स्वास्थ्य देखभाल के क्षेत्र में चुनौतियों से निपटने में अपनी सफलता के लिए दुनिया भर में मान्यता प्राप्त है जो नीतियों और वित्त पोषण सहित नवीन सोच, प्रौद्योगिकी और राष्ट्रीय प्रतिबद्धता के संयोजन के साथ-साथ अत्यधिक पेशेवर और अच्छी तरह से प्रशिक्षित मानव संसाधनों पर निर्भर है।

संबंधित देशों के साथ-साथ इजराइल में अध्ययन कार्यक्रम के लिए जारी एक विवरणिका में कहा गया है, पाठ्यक्रम का उद्देश्य प्रतिभागियों को इजराइल के स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं के मॉडल से अवगत कराना, जागरूकता फैलाना और अस्पतालों सहित स्वास्थ्य देखभाल प्रणालियों में प्रमुख प्रबंधन कार्यों के लिए उपकरण और कौशल प्रदान करना, प्रतिभागियों में कार्यक्रमों और कार्यप्रणाली पर अनुभवों और विचारों का आदान-प्रदान करना था। 13 से 24 जून तक आयोजित व्यापक अध्ययन कार्यक्रम में इजराइल में स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली, स्वास्थ्य देखभाल रणनीतिक प्रबंधन - नीति और राजनीति, वित्तीय प्रबंधन और स्वास्थ्य देखभाल, सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज के राजनीतिक और आर्थिक पहलुओं, वैश्विक स्वास्थ्य में शासन चुनौतियों, स्वास्थ्य संकट के समय में देखभाल और डिजिटल स्वास्थ्य प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों को शामिल किया गया।

## बॉम्बे में कार्यरत दीपशिखा एवं अंकित की शादी समारोह का आयोजन



**नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता**

बॉम्बे में कार्यरत दीपशिखा एवं अंकित की शादी समारोह का आयोजन झारखंड के रांची रोड स्थित फार्म हाउस स्टाइल के जिम खाना क्लब में भव्य समारोह में आयोजित किया गया। 23 जून को शादी समारोह में बड़ी संख्या में राजनीतिक गलियारे से, झारखंड पुलिस, सामाजिक, व्यपारिक हस्तियाँ ने हिस्सा लिया। सैल्यूट तिरंगा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश झा , झारखंड की पूरी टीम के साथ उपस्थित हुए। कॉग्रेस के नेता एके झा , महेश सिंह, राजू झा , ने भी शादी का आनंद लिया। जबकि दीपशिखा के पिता परख झा जो रूंगटा कंपनी में वरिष्ठ अधिकारी है ने शादी का बेहतरीन आयोजन कर सभी को मान सम्मान से स्वागत किया एवं नए दंपति को सभी से मिलवा कर आशीर्वाद प्राप्त किए। देश भर से आए अतिथि में मुख्य रूप से डॉक्टर दिलीप, पूर्व बैंक प्रबंधक हरीश, महिंद्रा कंपनी के वाइस प्रेसिडेंट संजय, बजाज के श्री धीरज एवं पत्नी नीतू, बॉम्बे से श्री नीरज एवं श्वेता, धनबाद से सुजीत एवं ममता, देवधर से श्री दिलीप, श्री संजय शामिल हुए ।समारोह में संगीत एवं मनोरंजन के साथ व्यंजन की उच्च कोटि स्वादिष्ट भोजन का सभी ने खूब आनंद लिया। कार्यक्रम में उपस्थित अन्य हस्तियाँ ऐसे है , पायल झा , चन्दा, संगीता, रानू, कल्पना, ऋषि , कीर्ति, जयंत एवं स्मृति, ख्याति एवं अभिषेक, मोना एवं चुन , जतिन ,अमृत एवं अमित ,पूनम एवं नीतू। गौरव, अभिषेक, प्रेरणा, बिट्टू। सम्यक, अदिति, गरिमा, अन्या । सोनी झा धनबाद, राहुल दिल्ली, सहित सैकड़ों लोग उपस्थित हुए। शादी समारोह में उपस्थित सभी को लड़की के पिता परख एवं माता रीना झा ने सभी का आभार प्रकट किया एवं धन्यवाद दिया।

## देश में कोरोना संक्रमण के 17336 नये मामले दर्ज

**नई दिल्ली, एजेंसी**



देश में पिछले 24 घंटे में कोरोना वायरस संक्रमण के 17,336 नये मामले सामने आने के बाद संक्रमितों की कुल संख्या बढ़कर 43362294 हो गई है। जबकि अभी तक इस महामारी से मृतकों का आंकड़ा बढ़कर 5,24,954 हो गया है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने शुक्रवार को यहां बताया कि सुबह सात बजे तक 196.77 करोड़ कोविड टीके दिये जा चुके हैं। पिछले 24 घंटे में 13,71,107 टीके लगाए गए हैं। देश में कोरोना सक्रिय रोगियों की संख्या 88,284 है और सक्रिय मामलों की दर 0.20 प्रतिशत है। दैनिक संक्रमण दर 3.94 प्रतिशत दर्ज की गयी।

मंत्रालय ने बताया कि पिछले 24 घंटे में इस महामारी से 13 और लोगों की मौत होने से मृतकों का आंकड़ा बढ़कर 5,24,954 पर पहुंच गया है। देश में कोरोना मृत्यु दर 1.21 प्रतिशत है। इसी अवधि में 13029 मरीज कोविड से मुक्त हुए हैं। अभी तक कुल 4,27,49,056 लोग कोविड से उबर चुके हैं। स्वस्थ होने की दर 98.59 प्रतिशत है। देश में पिछले 24 घंटे में 4,01,659 कोविड परीक्षण किये गये हैं। इसके साथ ही अभी तक कुल 85.98 करोड़ कोविड परीक्षण किए गए हैं। महाराष्ट्र में सक्रिय मामलों की संख्या 228 बढकर 24,24,867 हो गई है और 4,989 और लोगों के स्वस्थ होने के बाद इससे निजात पाने वाले लोगों का आंकड़ा 77,77,480 तक पहुंच गया है, जबकि मृतकों का आंकड़ा 147893 हो गया है।

केरल में पिछले 24 घंटे में सक्रिय मामले 711 बढ़ने से इनकी संख्या 2,5911 तक पहुंच गयी है। वहीं, 3172 लोगों के स्वस्थ होने के बाद इससे निजात पाने वाले लोगों की संख्या 65,16,772 हो गई है, जबकि मृतकों का आंकड़ा 69,924 हो गया है। दिल्ली में सक्रिय मामले 701 से बढ़कर 5,755 हो गए हैं। राज्य में इस जानलेवा वायरस को 1,233 और लोगों ने मात दी, जिसके बाद कोरोना से मुक्त होने वालों की कुल संख्या बढ़कर 18,95,397 हो गई है। अभी तक इस महामारी से 26,242 लोगों की मौत हो चुकी है।

कर्नाटक में सक्रिय मामले 175 बढ़कर 5067 हो गये हैं। इस दौरान 682 मरीजों के ठीक होने से इस महामारी से निजात पाने वालों की कुल संख्या 39,18,452 हो गई है। राज्य में इस महामारी से एक और मरीज की मौत होने से मृतकों का आंकड़ा बढकर 40114 हो गया है।

## हसीना, मोदी से सितम्बर में दिल्ली में मुलाकात करेंगी

**ढाका।** बंगलादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना छह सितंबर को भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से नयी दिल्ली में मुलाकात करेंगी। दिल्ली में दोनों शीर्ष नेताओं की बैठकों की तैयारियां हो चुकी हैं। राजनयिक सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। सूत्रों के अनुसार प्रधानमंत्री शेख हसीना चार या पांच सितंबर को दिल्ली के लिए रवाना होंगी और छह सितंबर को श्री मोदी के साथ बैठक करेंगी जिसकी तैयारियां हो चुकी हैं। उसी दिन दोनों नेताओं के बीच द्विपक्षीय बैठक होने की उम्मीद है। गौरतलब है कि पिछले साल 25 मार्च को प्रधानमंत्री मोदी ने बंगलादेश के आजादी के पचास वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में राजधानी ढाका पहुंचे थे। तभी श्री मोदी ने प्रधानमंत्री हसीना को भारत आने के लिए आमंत्रित किया था। उल्लेखनीय हे कि पिछले वर्ष 16 दिसंबर को राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने विजय दिवस समारोह में शामिल होने के लिए ढाका आए थे। एक साल के अंदर भारत के राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने ढाका की यात्रा पर आए थे। प्रधानमंत्री हसीना भी इस वर्ष छह सितंबर को दिल्ली की यात्रा पर जाएंगी करेंगी।

## सामाजिक परिवर्तन की संवाहक होंगी द्रौपदी मुर्मू: शिवराज

**भोपाल, एजेंसी**

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज कहा कि भारतीय जनता पार्टी नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने श्रीमती द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपति पद के लिये प्रत्याशी घोषित कर न केवल समाज के हर वर्ग के प्रति सम्मान को सिद्द किया है, बल्कि अपितु कांग्रेस शासन के अंधे युग के अंत की भी घोषणा की, जिसमें सम्मान और पद अपने लोगों को पहचान से बांटे जाते थे।

श्री चौहान ने अपने ब्लॉग में लिखा कि भारतीय लोकतंत्र में पहली बार होगा जब कोई आदिवासी महिला सर्वोच्च पद को सुशोभित करेगी। भाजपा की सोच समरस समाज की स्था पना रही है। भाजपा को अपने शासन काल में तीन अवसर प्राप्त हुए और तीनों अवसरों पर उसने समाज के तीन अलग-अलग समुदायों से राष्ट्रपति का चयन किया। सर्वप्रथम अल्पसंख्यक वर्ग से महान वैज्ञानिक कर्मयोगी डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम, फिर दलित समुदाय के श्री रामनाथ कोविंद और अब जनजातीय समुदाय से श्रीमती मुर्मू। उन्होंने कहा कि अभी सम्पकन्नर राज्यतसभा चुनाव में मध्याप्रदेश से दो महिलाओं को निर्विरोध निर्वाचित किया है, जिसमें वाल्मी कि समाज की सुमित्रा वाल्मीदकि भी हैं। श्री चौहान ने स्मरण किया कि श्रीमती मुर्मू को उड़ीसा विधानसभा में सर्वश्रेष्ठ विधायक के सम्मान से सम्मानित किया, इस सम्मान का नाम था, नीलकंठ सम्मान। श्रीमती मुर्मू समाज में सेवा का अमृत बांटती रही हैं। उन्होंने अपने जीवन में कठोरतम परीक्षायें दी हैं। उन्हों ने विपरीत आर्थिक परिस्थितियों में संघर्ष का मार्ग चुना और अपनी एक मात्र पुत्री के पालन पोषण के लिये शिक्षक और लिपिक जैसी नौकरियां कीं। कड़ी मेहनत से पुत्री को योग्य बनाया। रायरंगपुर नगर पंचायत में पार्षद का चुनाव जीत कर सक्रिय राजनीति की शुरूआत की। उड़ीसा में बीजू जनता दल एवं भाजपा की सरकार में मंत्री रहीं और 2015 में झारखण्ड की पहली महिला राज्यपाल बनीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वे आदिवासी हितों की रक्षा के लिये इतनी प्रतिबद्ध रहीं कि तत्कालीन रघुवरदास सरकार के आदिवासियों की भूमि से संबंधित अध्यादेश पर इसलिये हस्ताक्षर नहीं किये क्यों कि उन्हेंआ संदेह था कि इससे आदिवासियों का अहित हो सकता है। किसी प्रकार के दबाव के आगे नहीं झुकीं। यही कारण है कि उड़ीसा में लोग उन्हेंं आत्मोबल, संघर्ष, न्यांय तथा मूल्यों के प्रति समर्पित ऐसी सशक्ति महिला के रूप में देखते हैं जिनसे समाज के लोग प्रेरणा लेते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा प्राचीन भारत में महिलाओं, दलितों और आदिवासियों को जो गौरव और सम्मासन प्राप्त था उसे पुनर्स्थाकपित करना चाहती है। विदेशी आक्रान्ता ओं और स्व ।तंत्रता के पश्चाऔत स्वामर्थी राजनीतिक दलों ने इन वर्गों को सेवक या वोट बैंक बना दिया था, भाजपा उन्हें पुनः सामाजिक सम्माशन और आत्मागौरव प्रदान करना चाहती है। पार्टी चाहती है कि भारत में फिर अपाला, घोषा, लोपामुद्रा, गार्गी, मैत्रेयी जैसी महिलाओं के ऋषित्वन की पूजा हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा सत्ताि में केवल शासन करने के लिये नहीं है। पार्टी का उद्देश्यय है कि भ्रमित हो चुकी सामाजिक सोच को सही दिशा दी जाये। उन्होंने कहा कि अब वह समय चला गया जब चापलूसी करने वालों को सम्मानों और पुरस्कारों से अलंकृत किया जाता था। भाजपा ने न केवल दलित, आदिवासी और महिलाओं को शीर्ष पद पर पहुंचा कर इन वर्गों का सम्मान किया है, अपितु राष्ट्र के सर्वोच्च पद्म सम्मानों को भी ऐसे लोगो के बीच पहुंचाया जो उनके सच्चे हकदार थे।

## चंद्रमा से लाई गई धूल व तिलचट्टे हमारे हैं: नासा

**बोस्टन, एजेंसी**



नेशनल एयरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (नासा) ने चंद्रमा से लाई धूल और तिलचट्टों पर अपना दावा करते हुए कहा है कि किसी अन्य को इनकी नीलामी करने का कोई अधिकार नहीं है। अंतरिक्ष एजेंसी ने बोस्टन स्थित आरआर ऑक्शन से 1969 अपोलो 11 अभियान के दौरान एकत्र की गई चंद्रमा की उस धूल की बिक्री पर रोक लगाने को कहा है, जो यह पता करने के लिए कुछ तिलचट्टों को खिलाई गई थी कि क्या चंद्रमा की चट्टानों में स्थलीय जीवन के लिए खतरा बनने वाला किसी प्रकार का पैथोजन होता है या नहीं। नासा के एक वकील ने नीलामीकर्ता को लिखे एक पत्र में कहा है कि इस धूल और तिलचट्टों पर अब भी संघीय सरकार का अधिकार है। आरआर ने कहा कि चंद्रमा की करीब 40 मिलीग्राम धूल और तिलचट्टों के तीन कंकाल समेत प्रयोग में इस्तेमाल की गई सामग्री कम से कम चार लाख डॉलर में बिकने की संभावना थी, लेकिन उसे नीलाम की जाने वाली वस्तुओं की सूची से हटा दिया गया है। अपोलो 11 अभियान के दौरान चंद्रमा से 21.3 किलोग्राम से अधिक चंद्र चट्टान को पृथ्वी पर लाया गया था और इसे यह पता लगाने के लिए कीड़ों, मछलियों एवं कुछ अन्य जीवों को खिलाया गया था कि इससे उनकी मौत तो नहीं होती। जिन तिलचट्टों को चंद्रमा की धूल खिलाई गई थी, उन्हें मिनेसोटा विश्वविद्यालय लाया गया था, जहां कीट वैज्ञानिक मैरियन ब्रूक्स ने उनका अध्ययन करने के बाद कहा था, मुझे संक्रामक एजेंट मौजूद होने का कोई सबूत नहीं मिला।

## हम हार नहीं मानेंगे : संजय राउत

**मुंबई।** शिव सेना के वरिष्ठ नेता एवं राज्य सभा सदस्य संजय राउत ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के मुखिया शरद पवार के साथ शुक्रवार को बैठक के बाद कहा कि वह हार नहीं मानेंगे और जीतेंगे। श्री राउत ने संवाददाताओं को बताया कि श्री शरद पवार लगातार मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के संपर्क में हैं और महा विकास अघाड़ी सरकार मजबूत है और वह बागी विधायकों को चुनौती देते हैं कि आइये और सामना कीजिए। वह सदन से लेकर सड़क तक लड़ने को तैयार हैं और जीत उनकी ही होगी। दूसरी तरफ बागी विधायकों का नेतृत्व कर रहे एकनाथ शिंदे ने कहा कि उनके पास शिव सेना के 40 और 12 निर्दलीय विधायक हैं। उन्होंने कहा, हमारी स्थिति मजबूत है। हम लोगों का हस्ताक्षर फर्जी नहीं है। शिव सेना द्वारा 12 विधायकों को अयोग्य घोषित करने की मांग पर श्री शिंदे ने कहा कि उनकी यह मांग असंवैधानिक है, क्योंकि उनके पास संख्या कम है।

# अमेरिकी सीनेट ने बंदूक हिंसा पर रोक लगाने संबंधी विधेयक को मंजूरी दी

**वाशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिका में पिछले कुछ समय में हुई सामूहिक गोलीबारी की कई घटनाओं के मद्देनजर संसद ने बंदूक हिंसा पर रोक लगाने से उद्देश्य से पेश किए गए उस विधेयक को बृहस्पतिवार को आसानी से मंजूरी दी, जिसे पारित करना करीब एक महीने पहले अकल्पनीय प्रतीत हो रहा था। अब यह विधेयक प्रतिनिधि सभा में मंजूरी के लिए भेजा जाएगा। देश में बंदूक हिंसा के खिलाफ उठाया गया सांसदों का पिछले कुछ दशकों में यह सबसे बड़ा कदम है। रिपब्लिकन पार्टी हथियारों की बिक्री पर रोक लगाने के डेमोक्रेटिक प्रयासों को वर्षों से बाधित कर रही थी, लेकिन न्यूयॉर्क और टेक्सास में हुई गोलीबारी की घटनाओं के मद्देनजर डेमोक्रेटिक पार्टी के अलावा कुछ रिपब्लकिन सांसदों ने इस बार फैसला किया कि इस संबंध में संसद की निष्क्रियता अब स्वीकार्य नहीं है। दो सप्ताह तक चली वार्ता के बाद दोनों दलों के सांसदों के एक समूह ने यह विधेयक पेश करने संबंधी समझौता किया, ताकि इस प्रकार का रक्तपात देश में दोबारा नहीं हो। 13 अरब डॉलर के इस विधेयक के तहत कम उम्र के बंदूक खरीदारों की पृष्ठभूमि की जांच कड़ी की जाएगी और राज्यों को खतरनाक समझे जाने वाले लोगों से हथियार वापस लेने का अधिकार दिया जाएगा। इसके अलावा विद्यालयों की सुरक्षा, मानसिक स्वास्थ्य एवं हिंसा की रोकथाम के स्थानीय कार्यक्रमों को निधि मुहैया कराई जाएगी।

सीनेट में बहुमत के नेता चक शूमर ने कहा, बंदूक हिंसा हमारे देश को जिन तरीकों से प्रभावित करती है, यह विधेयक उन सबका समाधान नहीं है, लेकिन यह सही दिशा में उठाया गया बहुप्रतीक्षित कदम है। बंदूक से सुरक्षा संबंधी यह विधेयक पारित करना वास्वत में अहम है और इससे लोगों की जान बचेगी। इस विधेयक को सीनेट में 33 के मुकाबले 65 मतों से पारित किया गया। विधेयक पारित करने के लिए 60 मतों की आवश्यकता थी। इसके समर्थन में डेमोक्रेटिक पार्टी के सभी 50 सदस्यों एवं निर्दलयीय समर्थकों के अलावा रिपब्लिकन पार्टी के 15 सदस्यों ने मतदान किया। प्रतिनिधि सभा में इस पर शुक्रवार को मतदान होने की संभावना है और वहां इस विधेयक का पारित होना तय माना जा रहा है।

" Nritya Shala "
Honoured and privileged to have featured as the first Classical Dance artiste in an amazing series #nrityashala Odissi Dance Classes by
Ms.Vani Madhav
only on @ddbharati1 @prasarbharati
will be telecasted on
02 May 2022 at 1.30PM , Repeat telecast at 09.30 PM. & 1.30 A.M every day from Monday to Friday.



राजनीति

**जाफरी ने एसआईटी द्वारा प्रधानमंत्री मोदी सहित 64 लोगों को मामले में दी गई क्लीन चिट को चुनौती दी थी।**

# गुजरात दंगे : प्रधानमंत्री मोदी को क्लीन चिट देने का फैसला उच्चतम न्यायालय ने बरकरार रखा

**नई दिल्ली, एजेंसी**



उच्चतम न्यायालय ने 2002 के गुजरात दंगा मामले में तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी और 63 अन्य लोगों को विशेष जांच दल (एसआईटी) द्वारा क्लीन चिट दिए जाने को चुनौती देने वाली याचिका शुक्रवार को खारिज कर दी। यह याचिका गुजरात दंगों में मारे गए कांग्रेस सांसद एहसान जाफरी की पत्नी जकिया जाफरी ने दायर की थी। न्यायमूर्ति ए.एम. खानविलकर, न्यायमूर्ति दिनेश माहेश्वरी और न्यायमूर्ति सी.टी. रविकुमार की एक पीठ ने मामले को दोबारा शुरू करने के सभी रास्ते बंद करते हुए कहा कि जांच के दौरान एकत्रित की गई समाग्री से मुसलमानों के खिलाफ सामूहिक हिंसा भड़काने के लिए सर्वोच्च स्तर पर आपराधिक षड्यंत्र रचने संबंधी कोई संदेह उत्पन्न नहीं होता है। पीठ ने कहा कि जकिया की याचिका सुनवाई योग्य नहीं है। अदालत ने किसी गुप्त उद्देश्य के लिए मामले को जारी रखने की गलत मंशा का जिक्र करते हुए कहा कि जो प्रक्रिया का इस तरह से गलत इस्तेमाल करते हैं, उन्हें कटघरे में खड़ा करके उनके खिलाफ कानून के दायरे में कार्रवाई की जानी चाहिए। जकिया जाफरी ने एसआईटी द्वारा प्रधानमंत्री मोदी सहित 64 लोगों को मामले में दी गई क्लीन चिट को चुनौती दी थी। शीर्ष अदालत ने चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में विशेष जांच दल (एसआईटी) के अथक प्रयासों के लिए उसकी सराहना की और कहा कि उसने बेहतरीन काम किया है। शीर्ष अदालत ने कहा कि एसआईटी की जांच में कोई दोष नहीं पाया जा सकता और मामले को बंद करने से संबंधित उसकी आठ फरवरी 2012 की रिपोर्ट पूरी तरह से तथ्यों पर आधारित है। पीठ ने मामले को बंद करने संबंधी 2012 में सौंपी गई एसआईटी की रिपोर्ट को स्वीकार करने और उसके खिलाफ दाखिल जाकिया की याचिका को खारिज करने के विशेष मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट के आदेश को बरकरार रखा। जकिया ने उच्च न्यायालय के पांच अक्टूबर, 2017 के उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें अदालत ने एसआईटी की रिपोर्ट के खिलाफ उनकी याचिका को खारिज कर दिया था।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा। )
RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129